आरक्षण से सम्बंधित पूर्व में किये गये अध्ययन का विश्लेषणकिया गया हैं जो निम्नवत हैं –प्रो. जगन कराडे की पुस्तक "डेवलपमेंट ऑफ सेड्यूल कास्ट एण्ड सेड्यूल ट्राईब इन इंडिया" में चार श्रेणियों में बटे पदों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को आरक्षण के बावजूद असमानता का उल्लेख किया गया हैं। आरक्षण के प्रारम्भ होने से लेकर वर्तमान तक आरक्षण के लाभ द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों तक ही पहुॅच पा रहे हैं। प्रथम एवं द्वितीय श्रेणियों के पदों में अभी भी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत बहुत कम हैं।[4]

अनिरूद्ध प्रसाद द्वारा लिखित पुस्तक 'आरक्षण सामाजिक न्याय एवं राजनैतिक संतुलन' में आरक्ष्ण सामाजिक न्याय प्रदान करने की प्रतिबद्धता किस प्रकार राजनैतिक प्रतिबद्धता का रूप ले रही हैं और किस प्रकार आरक्षण के कारण जातीय मानसिकता से संबंधित समस्यायें उत्पन्न हुई हैं, की विवेचना की हैं।[5]

सोनाल्डे देसाई एवं अमरेश दुबे द्वारा लिखित विशेष लेख 'Cost in 21st century india:competing narratives' में 20वीं शदी के मध्य नृजाति अध्ययन में जाति विभिन्नता के अनेक आयाम देखने को मिलते हैं। 21 वीं 'शताब्दी में आर्थिक विकास के परिणाम स्वरूप जाति व्यवस्था वर्ग व्यवस्था के रूप में परिणत हो रही हैं जो सामाजिक विभेदीकरण का एक नया मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। जिसकी विवेचना हाशिये के लोगों का नेतृत्व आर्थिक, सामाजिक एवं प्रतिक्रियात्मक शक्ति के रूप में की गई है।[6]

सुखदेव थोराट एवं चितरंजन सेन के द्वारा लिखित लेख 'रिजर्ववेशन इन एम्लायमेण्ट, एजूकेशन एण्ड लेजिस्लेचर स्टेटस इमर्जिन इश्यूज' में भारतीय समाज की संरचनात्मक असमानता और बहिष्कृत तथा भेदभाव परक विशेषताओं की विवेचना जाति एवं नृजातिय आधार पर बहिष्करण के रूप में की हैं। आरक्षण को बहिष्करण एवं भेदभाव परक विशेषताओं को विखण्डन के लिए महत्वपूर्ण माना हैं तथा सरकारी पदो के साथ निजी क्षेत्रों में भी आरक्षण की वकालत की हैं।[7]

प्रो. योगेश अटल द्वारा लिखित सम्पादकिय लेख 'आरक्षण की उलझन' में भारतीय सीमान्त लोगों को दी जा रही आरक्षण के दुरूपयोग की विवेचना की हैं इन्होंने बताया कि आरक्षण जाति को एक इकाई मानना सबसे बड़ी गलती हैं क्योंकि हर जाति में कमजोर वर्ग पाया जाता हैं जबकि आरक्षण निर्धारित जाति को ही दी जाती हैं और उन निर्धारित जातियों में आरक्षण का लाभ सम्पन्न वर्ग हजम कर जाता हैं और असली हकदारों तक नहीं पहुॅच पाता हैं।[8] भारत के परिप्रेक्ष्य में सामाजिक रूप से निम्न स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगों के लिए देश के कुछ समाज सुधारकों के सतत् प्रयास से अगडे वर्ग द्वारा अपने ओर अछूतों के बीच बनाई गयी दीवार को तोड़ने का प्रयास किया। इनमें स्वतंत्रता के पूर्व रेत्तामलई, श्रीनिवास, पेरियार, ज्योतिबा फुले, डॉ.

भीमराव अम्बेड़कर, महात्मा गांधी आदि के द्वारा उनकी स्थिति में सुणार के लिए अधिक से अधिक प्रयास किये गये। फिर स्वतंत्रता के बाद इन्हीं के प्रयासों के प्रतिफल स्वरूप भारतीय संविधान में निम्न जातियों, जनजातियों को अनुसूचित कर उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए सरकारी नौकरी आदि में कुछ स्थान आरक्षित रखे गये हैं।

स्वतंत्रता के पूर्व से ही आरक्षण की शुरूआत सकारात्मक रूप से हुई थी, ब्रिटेन प्रधानमंत्री रैम्जे मैकडोनाल्ड ने जब 1932 में भारत के दलित,कमजोर और पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण का प्रस्ताव का रखा तो उस समय गांधी जी ने इसका कड़ा विरोध किया। वही विरोध के उपरान्त डॉ. भीमराव अम्बेड़कर और गांधी के बीच में फिर पूना पेक्ट पर समझौता हुआ। इसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सन् 1935 में पूना पेक्ट समझौता के तहत दलित वर्ग के लिए विधानसभा में अलग निर्वाचन क्षेत्र आवंटित/आरक्षित प्रस्ताव पास किया। ब्रउउनदंस ूतक संसद में भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। सन् 1942 में डॉ. भीमराव अम्बेड़कर ने दलित, कमजोर वर्गो के लिए अखिल भारतीय दलित वर्ग महासंघ की स्थापना की वही से उन्होंने सरकारी सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण मांग की है। और सन् 1946 के समय डॉ. भीमराव अम्बेड़कर को भारत में कैबिनेट मिशन के कई समितियों के सदस्य व भारतीय संविधान के लिए मसौदा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। भारतीय समाज में जाति व्यवस्था नामक सामाजिक वर्गीकरण के सदियों से चली आ रही निचली जातियों के भेदभाव घोर उत्पीड़न और अलगांव जैसी स्थिति से निपटने के लिए संविधान में प्रावधान किया। भारतीय संविधान में केवल धर्म, नस्ल, जाति, लिग और जन्म स्थान के आधार के आधार पर भेदभाव का निषेध करता है, बल्कि नागरिकों के लिए समान अवसर प्रदान करते हुए सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गो या अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की उन्नति के लिए संविधान में विशेष धाराएँ रखी गयी हैं। राज्य पिछड़े हुए नागरिकों के लिए किसी वर्ग के पक्ष में जिनका राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं हैं या पदों में आरक्षण के लिए उपलब्ध कर सकती हैं। अनुच्छेद 16(4) ऐसा उन लोगों को सामाजिक–आर्थिक समानता प्रदान करने के लिए हैं जो पिछड़े हैं।[9]

संघ या राज्य के क्रियाकलापों से सम्बधित सेवाओं और पदो के लिए नियुक्तियॉ करने में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के दावों का प्रशासन की दक्षता बनाए रखने की संगति के अनुसार ध्यान रखा जायेगा। अनुच्छेद 335 का जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के पक्ष में किसी परीक्षा में अर्हक अंक में छूट दिये जाने या मूल्यांकन के स्तर को निम्न करने के लिए उपबंध करता है वह प्रशासन में दक्षता बनाएं रखने को विचार में लिए जाने को प्रभावित करता हैं। मंडल आयोग का (इन्द्रा साहनी) लेखक शार्टर कांसटीट्यूशन ऑफ इंडिया 14 वॉ सं. 2008 अनुच्छेद 16 (4) के अधीन 1.यह कार्यपालिका आदेश द्वारा भी किया जा सकता है। 2.अनुच्छेद 16 (4) में जिस पिछड़े पन की बात की है। वह मुख्यतः सामाजिक है यह आवश्यक नहीं कि वह सामाजिक और शैक्षिक दोंनो हों। 3. कोई वर्ग तभी आरक्षण पाएगा जब वह पिछड़ा हो और राज्य की सेवाओं में उसका पर्याप्त प्रतिनिधित्व न हों। 4. अनुच्छेद 16 (4) में अनुध्यान आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय से ही अनुसूचित जातियों व जनजातियों के लिए शिक्षा, सरकारी नौकरियों में आरक्षण लागू किया है।

भारतीय संविधान में अनुसूचित जातियों व जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए विशेष अवसर की उपलब्धता के प्रावधान का वर्णन अनुच्छेद 15, 15(4), 16(4), 29(2) के खण्ड 2 राज्य को यह अधिकार दिया गया है कि सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए कोई विशेष अवसर की उपलब्धता की व्यवस्था देने से वंचित नही कर सकते, अर्थात् राज्य चाहे तो इनके उत्थान के लिए आरक्षण अथवा अन्य उपबंध कर सकती है जिसे कोई भी व्यक्ति उसकी विधि मान्यता पर हस्तक्षेप नहीं कर सकता और न ही यह वर्ग विभेद उत्पन्न कर सकता हैं। यद्यपि अवसर की उपलब्धता के लिए आरक्षण दिये जाने के बावजूद सरकार ने सन् 1955 में पदोन्नति में आरक्षण दिये जाने का विचार रखा लेकिन जिसका कोई तात्कालिक परिणाम नहीं निकला, परन्तु आगामी समय में विभिन्न राजनैतिक दलों ने इस मुद्दे का राजनैतिक लाभ लिया जो धीरे–धीरे जोर पकड़ता गया और सन् 1992 में इंदिरा साहनी के संदर्भ में सरकार ने पदोन्नति में आरक्षण का आदेश जारी कर दिया। जिसे उच्चतम न्यायालय ने इसे असंवैधानिक करार दे दिया। असंवैधानिक

करार देने के बावजूद सरकार ने इसे विशेष परिस्थिति का केस मानकर पॉच वर्षों के लिए जारी रखा। इसी दौरान सन् 1995 में 77वॉं संविधान संशोधन के द्वारा अनुच्छेद 16 (4ए) के तहत पदोन्नति में आरक्षण को संवैधानिक रूप से लागू किया गया। पदोन्नति में आरक्षण को लेकर सवर्ण जाति के लोगों द्वारा विरोध प्रकट किया जाता है और यह आरोप लगाया जाता है कि इससे जाति कट्टरता बढ़ेगी।

पदोन्नति में आरक्षण के संदर्भ में नया मोड़ 19 अक्टूबर 2006 में नागराज के केस में आया। इससे उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 16 के धारा 4 (ए) के संदर्भ में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये जो निम्नलिखित है–

1. पदों में अनुसूचित जातियों व जनजातियों की पर्याप्त संख्या बनाये रखने की बात की गई है।
2. पदोन्नति में आरक्षण देने की समय सीमा सुनिश्चित की जाये।
3. न्यायालय में इसे चुनौती नहीं दिया जा सकता है यद्यपि अनुच्छेद 16 को मौलिक अधिकार के अन्तर्गत रखा गया है लेकिन धारा 4 (ए) को मौलिक अधिकार से बाहर कर दिया गया।
4. इसके अतिरिक्त उच्चतम न्यायालय ने एक और महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया कि–'पदों में एस.सी. व एस.टी. जातियों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद यदि उनका'शोषण किया जा रहा हो तो उनकी संख्या को सरकार पदों में आरक्षण के माध्यम से और बढ़ा सकती है।

उत्तरप्रदेश में सन् 2007 में मायावती सरकार ने जातियों के पर्याप्त प्रतिशत पदोन्नति में आरक्षण का आदेश जारी किया जिसे सन् 2011 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई और उसे असंवैधानिक करार दिया गया। परन्तु उच्च न्यायालय के इस निर्णय को 27 अप्रैल 2012 में उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई जहां पर इंदिरा साहनी, नागराज केस को आधार बनाते हुए इस निर्णय को पुनः बहाल कर दिया गया और इसमें अनुसूचित जाति एवं अनु जनजाति में भी जातियों के पर्याप्त प्रतिनिधित्व बनाये रखने की बात कही। यद्यपि उच्च पदों में प्रत्येक श्रेणी के अन्तर्गत जातियों के पर्याप्त प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया है। पदोन्नति में आरक्षण के संदर्भ में पूरे घटनाक्रम का समाजशास्त्रीय विश्लेषण किया जाये तो आरक्षण देने के पीछे कुछ कारण स्पष्ट दिखाई देते हैं।

पहले कारण को हम इंदिरा साहनी की केस में देख सकते हैं जिसमें सामाजिक पिछड़ेपन को आधार बनाया गया है।

दूसरे केस के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय के सन् 2006 में नागराज के केस में दिये गये निर्णय को देख सकते हैं। जिसमें यह कहा गया है कि उच्च पदों में जातियों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद यदि उनका शोषण होता है तो उनकी पर्याप्तता को पदोन्नति में आरक्षण देकर सरकार उसे और बढ़ा सकती है ताकि सामाजिक संतुलन बना रहे।

सुरक्षा के उपाय :–

1. आरक्षण का वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया जायें।
2. सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातियों के पर्याप्त रूप से प्रतिनिधित्व की जॉच की जायें।
3. सभी विभागों के पदों में आरक्षण के लिए रोस्टर लागू की जायें ।
4. रोस्टर का वार्षिक निरीक्षण किया जायें।
5. सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के लिए रियायतों की निगरानी और उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना होगा ।

अतः इस संदर्भ में हम यह कह सकते हैं कि सामाजिक असमानता और शोषण एक संवेदनशील मुद्दा है। सामाजिक रूप से वंचित समूहों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने में सकारात्मक कारवाई करके सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातियों के पर्याप्त रूप से प्रतिनिधित्व की जॉच की जायें और शासकीय सेवाओं की पदोन्नति में आरक्षण पुनः दिया जाना चाहिए, परन्तु सरकार और राजनीतिक पार्टियों के द्वारा वोट बैंक का आधार बनाकर निम्नश्रेणी के लोगों के साथ असंवेदनशीलता का परिचय दिया रहा है। इससे सामाजिक असमानता और शोषण अत्यधिक होने की सम्भावना हैं, अन्यथा आरक्षण का उद्देश्य कभी पूरा नहीं हो सकेगा और जातिगत कट्टरता तथा वैमनस्य और बढ़ेगा।

संदर्भ :–

1. श्रीनिवास, एम.एन, रश्मि चौधरी (अनुवादक, 2016) "आधुनिक भारत में जाति" राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. नई दिल्ली। पृ. 27–28
2. बसु,डी.डी. (2010), "भारत का संविधान", प्रेंटिस हाल आफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली।
3. अटल, योगेश, (1968)"दी चेन्ज फ्रंटियरस् ऑफ कॉस्ट", नेशलन दिल्ली।
4. कराडे, जगन (2008), "डेवलपमेन्ट ऑफ सेड्यूल कास्ट एण्ड सेड्यूल ट्राईब इन इंडिया", कैम्ब्रिज स्कॉलर पब्लिसिंग, 15 यंगेस्टॉन गारडन्स न्यू कॉसल, एन.ई. 5.2 जे. ए.यू.के.।
5. प्रसाद, अनिरूद्ध (1991), "आरक्षण सामाजिक न्याय एवं राजनैतिक संतुलन", रावत पब्लिकेशन्स 3, एन.–20 जवाहर नगर जयपुर।
6. देशाई, सोनाल्डे एवं दुबे, अमरेश, (2011), ई.पी.डब्ल्यू., 12 मार्च, वाल्यूम XLVI, नवम्बर 2011।
7. थोराट, सुखदेव एवं सेन, चितरंजन, (2007)''शोध पत्र' India Institute of Dalit Studies Working Paper Series Voll II Nov.-5.
8. अटल, योगेश, "आरक्षण की उलझन, जनसत्ता,27 अप्रैल–2013।
9. सिंह, मुकेश कुमार (2010), "कास्ट एण्ड रिजर्वेशन इन इंडिया", दया पब्लिकेशन हाउस, नई दिल्ली।
10. सेंगर, शैलेन्द्र (2007), "कास्ट एण्ड रिजर्वेशन इन इंडिया", दया पब्लिकेशन हाउस नई दिल्ली।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 5, No. - 6 April 2018
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED Multidisciplinary Journal Sl.No-108, Journal No-62711)
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-3.9 Research Journal

विभिन्न विद्यालयीन वातावरण के हिन्दी माध्यम के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के स्व–बोध का अध्ययन

डॉ तृप्ति श्रीवास्तव

शोध सारांश :– प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के किशोर–किशोरियों के हिन्दी भाषा के विद्यालयों के विद्यालयीन वातावरण का उनके स्व–बोध पर प्रभाव का अध्ययन करना था। न्यादर्श के रूप में उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 120 छात्र एवं 120 छात्राओं का चयन किया गया। डाटा संकलन के लिये विद्यालयीन वातावरण मापनी –डॉ. (कु.) अनीता सोनी एवं डॉ. अशोक शर्मा एवं स्व–बोध मापनी –जी.पी. ठाकुर एवं एम.एस. प्रसाद को लिया गया। यह परिणाम प्राप्त हुआ कि बहुत अच्छे विद्यालयीन वातावरण वाले हिन्दी माध्यम के विद्यालयों तथा सामान्य विद्यालयीन वातावरण वाले हिन्दी माध्यम के विद्यालयों के छात्र, छात्रा तथा विद्यार्थियों के स्व –बोध में सार्थक अंतर नहीं है।

शिक्षा मानव के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। जन्म लेने के उपरान्त बालक अपने माता –पिता, घर –परिवार से शिक्षा लेता है। कुछ समय पश्चात वह विद्यालय जाकर व्यवस्थित रूप से शिक्षा प्राप्त करता है। इस प्रकार शिक्षा के दो रूप दिखाई पड़ते हैं–1. अनौपचारिक शिक्षा ,जो कुछ भी हम घर परिवार से सीखते हैं अनौपचारिक शिक्षा के अंतर्गत आता है। 2. औपचारिक शिक्षा, जो विद्यालय जाकर व्यवस्थित रूप से प्राप्त की जाय।

विद्यालय में शिक्षा किस प्रकार से प्रदान की जाती है इसका प्रभाव बालक के सम्पूर्ण व्यक्तित्व पर पड़ता है। जिन विद्यालयों का विद्यालयीन वातावरण अच्छा रहता है वहॉ के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समुचित विकास होता है। इस विकास में बालक का आन्तरिक एवं बाह्य दोनों प्रकार का विकास सम्मिलित होता है। अच्छा विद्यालयीन वातावरध बालक के स्व का विकास करता है। उसके आत्म विश्वास ,स्व–बोध को बढ़ाता है क्योंकि स्व–बोध की भावना के कारण व्यक्ति समाज में अपना एक विशेष स्थान बनाना चाहता है। उसे इस बात की लालसा रहती है कि वह उव्व पद पर आसीन हो और समाज में प्रतिष्ठित हो सके। इसके विपरीत जिन विद्यालयों में समूहों में सामंजस्य व अंतः क्रिया नहीं रहती है ,सम्बन्धें में नीरसता रहती है तथा कार्य के प्रति जवाबदेही नहीं रहती है उन विद्यालयो के विद्यार्थियों मे स्व का विकास अपेक्षाकृत कम होता है। विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा का माध्यम अलग –अलग रहता है। होग, स्मित एवं हैन्सन (1990) ने विद्यालयीन वातावरण व छात्रों के स्व–बोध के मध्य संबंध का अध्ययन किया। न्यादर्श के रुप में मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को लिया गया। यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विद्यालयीन वातावरण छात्रों के स्व–बोध को प्रभावित करता है। मुखोपाध्याय (1988) ने पायाकि उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का विद्यालयीन परिवेश उनकी शैक्षणिक उपलब्धि व व्यक्तिगत विशेषताओं को प्रभावित करता है।

अध्ययन का उद्देश्य विद्यालयीन वातावरण व विद्यार्थियों के स्व–बोध के मध्य संबंध को जानना था। अच्छे विद्यालयीन वातावरण के हिन्दी माध्यम के विद्यालयों तथा सामान्य विद्यालयीन वातावरण के हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों/छात्र/छात्राओं के स्व–बोध में क्या कोई अन्तर होता है।

उद्देश्य :– उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विभिन्न विद्यालयीन वातावरण वाले हिन्दी माध्यम के छात्र ,छात्रा एवं विद्यार्थियों के स्व–बोध का अध्ययन करना ।

परिकल्पना :– उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विभिन्न विद्यालयीन वातावरण वाले हिन्दी माध्यम के छात्र ,छात्रा एवं विद्यार्थियों के स्व–बोध में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

विधि :– प्रस्तुत अध्ययन में सर्वेक्षण अनुसंधान पद्धति का प्रयोग किया गया है।

उपकरण :– प्रस्तुत शोध में निम्नलिखित मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का प्रयोग किया गया है –

1. **विद्यालयीन वातावरण मापनी**– डॉ. (कु.) अनीता सोनी एवं डॉ. अशोक शर्मा
2. **स्व–बोध प्रश्नोत्तरी**– श्री जी.पी. ठाकुर एवं श्री एम.एस. प्रसाद

न्यादर्श :– सर्वप्रथम विभिन्न विद्यालयों के ग्यारहवीं कक्षा के 800 छात्र–छात्राओं का चयन यादृच्छिक रूप से किया गया जिन पर विद्यालयीन वातावरण मापनी का प्रशासन कर विभिन्न विद्यालयों के विद्यालयीन वातावरण का पता लगाया गया। तदुपरांत बहुत अच्छे विद्यालयीन वातावरण के हिन्दी माध्यम के विद्यालयों के 60–60 छात्र–छात्राओं का चयन यादृच्छिक रूप से पुनः किया गया। इस प्रकार अंतिम न्यादर्श के रूप में 240 छात्र–छात्राओं का चयन किया गया।

न्यादर्श –1

विद्यार्थी	संख्या
छात्र	400
छात्राएं	400
योग	**800**

न्यादर्श–2

विद्यालयीन वातावरण	छात्र	छात्राएं
अच्छा	60	60
सामान्य	60	60
योग	120	120

शोध कार्य विधि :– न्यादर्श हेतु यादृच्छिक रूप से चयनित 400 छात्र–छात्राओं (शासकीय एवं अशासकीय दोनों) पर स्व–बोध मापनी का प्रशासन किया गया। तदुपरांत गणना का कार्य किया गया। गणना के उपरांत प्राप्त प्राप्तांकों का सांख्यिकीय विधियों (मध्यमान,प्रमाप विचलन, क्रान्तिक अनुपात एवं प्रसरण विश्लेषण)द्वारा विश्लेषण किया गया व अधिक अच्छे विद्यालयीन वातावरण के हिन्दी माध्यम के विद्यालयों एवं सामान्य विद्यालयीन वातावरण के हिन्दी माध्यम के विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के प्राप्तांकों के आधार पर परिणामों का विश्लेषण व व्याख्या की गई।

परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या :– विभिन्न विद्यालयीन वातावरण वाले हिन्दी माध्यम के विद्यालयों के छात्र, छात्राओं एवं विद्यार्थियों के स्व–बोध के परिणामों का विश्लेषण व व्याख्या निम्न है–

विभिन्न विद्यालयीन वातावरण वाले हिन्दी माध्यम के विद्यालयों के छात्र, छात्राओं एवं विद्यार्थियों के स्व–बोध के तुलनात्मक परिणाम

समूह	विद्यालयीन वातावरण	PPS>SPS	PPS=SPS	PPS<SPS	विद्यार्थी संख्या	काई वर्ग का मान	'पी' मूल्य
छात्र	बहुत अच्छा	43	3	14	60	1.07	झ0ण05
	सामान्य	38	3	19	60		
छात्राएं	बहुत अच्छा	41	5	14	60	5.77	झ0ण05
	सामान्य	35	1	24	60		
विद्यार्थी	बहुत अच्छा	84	8	28	120	2.56	झ0ण05
	सामान्य	73	4	43	120		

स्वतंत्रता के अंश– 2 0.05 स्तर पर सार्थकता का निर्धारित न्यूनतम मान– 5.99

0.01स्तर पर सार्थकता का निर्धारित न्यूनतम मान– 9.21

उपरोक्त तालिका में विभिन्न विद्यालयीन वातावरण के हिन्दी माध्यम के विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं के स्व–बोध के परिणामों से स्पष्ट होता है कि बहुत अच्छे विद्यालयीन वातावरण वाले हिन्दी माध्यम के विद्यालयों तथा सामान्य विद्यालयीन वातावरण वाले हिन्दी माध्यम के विद्यालयों के छात्र, छात्राओं व विद्यार्थियों के स्व–बोध में सार्थक अंतर नहीं है क्योंकि प्राप्त 'काई वर्ग' का मान क्रमशः 1.07, 5.77 व 2.56 आये हैं जो 0.05 स्तर पर सार्थकता के निर्धारित न्यूनतम मान से कम है।

अतः निष्कर्ष स्वरूप यह कहा जा सकता है कि विद्यालयीन वातावरण का हिन्दी माध्यम के विद्यालयों के छात्र, छात्राओं एवं विद्यार्थियों के स्व–बोध पर सार्थक प्रभाव नहीं पड़ता है।

हिन्दी माध्यम के विद्यालयों के विभिन्न विद्यालयीन वातावरण के छात्र–छात्राओं के परिणामों से स्पष्ट होता है कि हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के स्व–बोध पर विद्यालयीन वातावरण का प्रभाव नहीं पड़ा है । प्रस्तुत अध्ययन के परिणाम **रॉबर्ट, एल. विलियम तथा हैरी बियर्स (1970)** के परिणामों से समानता रखते हैं। अपने अध्ययन में उन्होंने पाया कि स्व–बोध का विकास सभी प्रकार की शिक्षा व्यवस्था में समान रूप से होता है। शासकीय विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं, अशासकीय विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं, हिन्दी माध्यम के विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं तथा अंग्रेजी माध्यम के छात्र एवं छात्राओं के स्व–बोध में कोई सार्थक अंतर नही आया है।

है। अध्ययन के परिणामों के आधार पर छात्र, छात्राओं, शिक्षकों, प्रशासन, अभिभावकों तथा भावी अनुसंधान के लिये निम्न सुझाव दिये जा सकते हैं –

- व्यक्तित्व के विकास में स्व–बोध एक महत्वपूर्ण कारक होता है। सकारात्मक स्व–बोध व्यक्तित्व के विकास में अत्यंत सहायक होता है। उच्च स्व–बोध विद्यार्थी को अपने कार्यो को प्रसन्नता पूर्वक करने तथा उसमें सफलता प्राप्त करने के लिये तत्पर करता है।
- विद्यार्थी द्वारा किये गये कार्यों में मिली सफलता, उसके स्व–बोध में वृद्धि करती है।
- कार्यों में सफलता प्राप्त करने के लिये विद्यार्थियों को अपने जीवन लक्ष्य निर्धारित कर अपनी रूचि के अनुसार कार्य करना चाहिये। सफलता स्व–बोध को बढ़ाने में सहायता प्रदान करती है।
- शिक्षक अपने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन व पुर्नबलन देकर उन्हें अपने द्वारा किये गये कार्यो का सम्मान करने की प्रेरणा दे सकता है जो उनके स्व–बोध को बढ़ाने में सहायक हो सकता है।
- अभिभावकों को अपनी इच्छा अपने बालक–बालिकाओं पर थोपनी नहीं चाहिये बल्कि उनकी इच्छा के अनुरूप उन्हें कार्य करने की अनुमति प्रदान करनी चाहिये जो उनके स्व–बोध को बढ़ाने में सहायक होगी।
- अभिभावकों को अपने बालक–बालिकाओं में नियमित अभ्यास की आदत डालनी चाहिये क्योंकि नियमित अभ्यास कार्य में पूर्णता लाता है जो बालक–बालिकाओं के स्व–बोध को बढ़ाने (व्यक्तिगत व सामाजिक दोनों) में सहायक होता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ :–

- माथुर एस.एस. (2007–08) **''शिक्षा मनोविज्ञान''**, अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा, 28 वॉ संस्करण, पृ.सं. 96–98
- मो. सुलेमान (2008) **''मनोविज्ञान, शिक्षा एवं अन्य सामाजिक विज्ञानों में सांख्यिकी''**, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, छठवॉ संशोधित संस्करण, पृ.सं. 100–159, 283–344, 345–378
- ऋचा चौधरी (2010) **''विकासात्मक मनोविज्ञान''**, पहला संस्करण, राधा पब्लिकेशन, दिल्ली, पृ.सं. 213–217
- राय, पारसनाथ (1985) **''अनुसंधान परिचय''** लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा, पृ.सं. 72–73
- श्रीवास्तव, डी.एन. (2009) **''व्यक्तित्व का मनोविज्ञान''** श्री विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा–2, पृ.सं. 40–47, 97, 112–114
- त्रिपाठी, मधुसूदन (2008) **''विद्यालय संगठन एवं प्रबंधन''**,, शिवा पब्लिकेशन्स, दिल्ली, प्रथम संस्करण, पृ.सं. 22–23
- पटेल राहुल (2002) **''सह शिक्षा व असह शिक्षा विद्यालयों में अध्ययनरत् किशोर छात्र–छात्राओं के आत्मविश्वास, आत्मसम्मान एवं अर्न्तव्यैक्तिक संबंधों का अध्ययन''**, पी.एच.डी. रानी दुर्गावती वि''वविद्यालय, जबलपुर
- पटेरिया, आशा (2004) **''हाईस्कूल के विद्यार्थियों के नैतिक मूल्य एवं आत्म सम्मान पर शालेय वातावरण**

के प्रभाव का अध्ययन'' पी.एच.डी., रानी दुर्गावती वि''वविद्यालय, जबलपुर

- श्रीवास्तव, भारद (2011) **"राज्य शासन एवं विभिन्न धार्मिक (मिशनरी) सस्थाओं द्वारा संचालित प्राथमिक शालाओं के शैक्षणिक वातावरण एवं शैक्षणिक उपलब्धता का समीक्षात्मक अध्ययन''**, पी.एच.डी., रानी दुर्गावती वि''वविद्यालय, जबलपुर।
- Anderson, C. (1982) **"The search for school climate; a review of the research"**, Review of Educational Research, 52(3), 368-420.
- Hurlock, E.B. (1968) **'Developmental Psychology'**, Tata McGraw Hill Company, Third Edition, P.N. 414-417.
- Shelat Neela (1979) **'Concept of Organizational Climate School Management and Change',** CASE, Baroda, P.N.83.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 5, No. - 6 April 2018
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED Multidisciplinary Journal Sl.No-108, Journal No-62711)
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-3.9 Research Journal

भारत में ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान का महत्व

श्रीमती अनुश्री दरेकर
(सहायक ग्रंथपाल), जी. एस. कालेज जबलपुर

डॉ. राकेश कुमार खरे
पुस्तकालयाध्यक्ष, पुस्तकालय एंव सूचना विभाग आइसेक्ट, विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.)

भारत में ग्रंथालय की परम्परा वैदिक काल से रही है ऋगवेद, उपनिषद जैसें धार्मिक तथा दार्शनिक ग्रंथ, महाभारत रामायण जैसे महाकाव्य एवं मनुस्मृती इस बात का प्रमाण है। ब्रिटिश भाासन में भी इस क्षेत्र में काफी प्रयास किये गये। भारतीय ग्रंथालय आंदोलन में डॉ. रंगनाथन का आगमन इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना हैं।

भारत देश को स्वतंत्र हुए 62 साल हो गये लेकिन गांवो में शिक्षा के क्षेत्र में जैसी उन्नति होनी चाहिए अभी नहीं हुई हैं। सबसे बुरे हालात प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा की हैं। जिनके लिए सरकार स्वयं के पुस्तकालयों की स्थापना नहीं कर सकी है। इसी प्रकार माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के पुस्तकालयों की स्थिति भी ठीक नहीं है। इन विद्यालय पुस्तकालयों के लिए ना तो भवन की व्यवस्था है और न ही उपयुक्त पाठ्य सामग्री का संग्रह है। अतः वर्तमान समय में भारत में विद्यालय पुस्तकालयों की स्थिति सोचनीय है। भाहरी क्षेत्रों में शिक्षित लोगों की रूची अधिक है। भारत में कई बड़े बड़े पुस्तकालय मौजूद हैं। सबसे मुख्य पुस्तकालय कोलकाता की नेशनल लायब्रेरी है जिसमें दस लाख पुस्तकें है। भारत का दूसरा बडा पुस्तकालय बडौदा का केंन्द्रीय पुस्तकालय हैं इसमें 1 लाख 31 हजार पुस्तकें हैं।

आधुनिक युग विज्ञान का युग है। ज्ञान प्राप्त करना स्वयं एक शिक्षा हैं शिक्षा के लिये पुस्तकालय एवं वाचनालय का विशेष योगदान सदैव रहता हैं शिक्षा का सीधा सम्बन्ध व्यक्ति से होता हैं। क्योंकि व्यक्ति शिक्षित होता हैं। एवं ऐसे ही शिक्षित व्यक्तियों से समाज बनता हैं। शिक्षा के लिए पाठ्य सामग्री और उपकरणों की उपलब्धी पुस्तकालयों के माध्यम सें सरलता पूर्वक की जा सकती है। शिक्षा का सही मुल्यांकन पुस्तकालयों और वाचनालयों द्वारा किया जा सकता है। पुस्तकालयों में शिक्षा के लिए उपयुक्त रोचक व अत्यंत सरल भाषा में लिखित पाठ्य सामग्री उपलब्ध होती हैं। प्रतिदिन कला, विज्ञान, वाणिज्य, तकनीकी एवं अन्य विशयों पर नवीनतम ज्ञान व शिक्षा का निरंतर विकास हो रहा हैं। जैसे जैसे शिक्षा का महत्व बढता जा रहा हैं। वैसे ही शिक्षा के साथ साथ पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान का महत्व बढ रहा हैं।

ग्रन्थ शिक्षा का आधार होते हैं तथा ग्रन्थालय शिक्षा के पूरक एवं सहयोगी माने जाते हैं। क्योंकि ग्रन्थालय न केवल शिक्षार्थियों को ग्रन्थ प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें अनेक प्रकार से अतिरिक्त सहायता भी प्रदान करते हैं। इस प्रकार शिक्षा के लक्ष्य की प्राप्ति में ग्रन्थालय एक अहम् भूमिका अदा करता हैं। समाज में उन्नति एवं पुनर्गठन ग्रन्थालयों द्वारा प्रदत्त सेवाओं के द्वारा ही सम्भव हैं।

आधुनिक समाज के विकास में ग्रन्थालय का महत्वपूर्ण योगदान हैं। दिनों दिन ग्रन्थालय का महत्व एवं आवश्यकता बढती जा रही हैं। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखकर ग्रन्थालयों को भी सही दिशा में कार्य करने की जरुरत है। इस हेतु ग्रन्थालय प्रशिक्षण अहम भूमिका अदा कर सकती है। असल में एक हद तक भारत में ग्रन्थालय की स्थिती ग्रन्थालय प्रशिक्षण की उपलब्धता, प्रशिक्षण सामग्री, प्रशिक्षण की विधियों को प्रदर्शित करती हैं। इसलिये ग्रन्थालय प्रशिक्षण केंद्रों पर अधिक जिम्मेदारी बनती है। इस दिशा में भारत में लगातार प्रयास जारी हैं इस बात को विस्तार से जानने के लिये हम भारत में पुस्तकालय के एवं पुस्तकालय विज्ञान के इतिहास पर एक नजर डालते हैं।

प्रथम लाइब्रेरी स्कूल, बरोडा, 1911 :– देश का पहला लाइब्रेरी स्कूल डब्लू ए बोर्डन ने 1911 में बरोडा में प्रारंभ किया जिसमें ग्रन्थालय प्रशिक्षण का औपचारिक पाठ्यक्रम शुरु किया गया। बरोडा राज्य के महाराजा सयाजी राव गायकवाड ने अमेरिका के एक ग्रंथपाल को आमंत्रित किया था।

द्वितीय लाइब्रेरी स्कूल,पंजाब विश्वविद्यालय (वर्तमान में पाकिस्तान में स्थित)1915 :– दूसरा ग्रन्थालय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ए. डी. डीकीनसन ने 1915 मे पंजाब विश्वविद्यालय, लाहौर (वर्तमान में पाकिस्तान में स्थित) में प्रारंभ किया गया।

आंध्रा देसा लाइब्रेरी एसोसियेशन कोर्स 1920 :– ए. डी. एल. एसोसियेशन कोर्स 1920 में शुरु किया गया। यह लाइब्रेरी एसोसियेशन द्वारा विजयवाडा में शुरु किया गया पहला प्रशिक्षण पाठ्क्रम था। इस पाठ्क्रम की अवधि 1 माह की थी एवं जिसके लिये निश्चित योग्यता की आवश्यकता थी।

मैसूर स्टेट (कर्नाटक स्टेट 1920) सन 1920 के दौरान ग्रंथपाल एवं ग्रंथालय कर्मियों के लिये कर्नाटक में एकं प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरु किया गया। यह प्रशिक्षण सर एम. विश्वैसवरैया. (मैसूर के दिवान) द्वारा लाइब्रेरी डेवलपमेंट कार्यक्रम के अंर्तगत बैंगलौर में आयोजित किया गया था।

माला – मद्रास लाइब्रेरी असोसियेशन 1928 :– मद्रास लाइब्रेरी असोसियेशन सन् 1928 में अस्तित्व में आया। इसका श्रेय डा. एस. आर. रंगनाथन को जाता है जिन्होने आगे चलकर इसमें एक वार्षिक समर कोर्स की शुरुआत की।

इम्पीरीयल लाइब्रेरी कोर्स आफ कलकत्ता 1935 :– सन् 1935 में खान बहादुर असदउल्ला खान ने इम्पीरीयल लायब्रेरी में नियमित पूर्ण कालिक डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ किया। खान बहादुर ने दो दशकों तक लायब्रेरीयन के रुप में अपनी सेवायें प्रदान की। इम्पीरीयल लायब्रेरी को आज नेशनल लायब्रेरी ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता हैं।

बंगाल लाइब्रेरी एसोसियेशन कोर्स 1935 :– सन् 1935 में बंगाल लाइब्रेरी ने पुस्तकालय के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किये। इसी के तहत बासबेरिया में एक पुस्तकालय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। बंगाल लाइब्रेरी एसोसियेशन ने सन् 1937 में एक नियमित प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जो बहुत समय तक चला।

विश्वविद्यालय स्तर पर पाठ्यक्रम आंध्रा विश्वविद्यालय 1935 :– आंध्रा विश्वविद्यालय ने 1935 में एक डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ किया एवं उसके बाद मद्रास ने भी एक कोर्स शुरू किया। यद्यपि यह कोर्स 1937 एवं 1947 के बीच बंद रहे।

मद्रास विश्वविद्यालय 1937 :– सन् 1937 में मद्रास विश्वविद्यालय ने एक वर्षीय पूर्ण कालिक स्नातकोत्तर पाठ्यकम शुरू किया जिसमे आगे चलकर पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा प्रदान किया गया। यह देश का स्नातकोत्तर स्तर पर दिया जाने वाला पहला डिप्लोमा था जिसने की स्वतंत्रता के पहले एवं बाद में एक माडॅल के रूप में कार्य किया।

सन् 1960 में इस डिप्लोमा कोर्स को बी. लिब. एस. सी. डिग्री द्वारा बदला गया। डॉ रंगनाथन ने उनके सेवानिवृत्त होने तक मद्रास में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू रखा।

1956 में डॉ श्री रंगनाथन ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी 100000/– एक लाख रूपये मद्रास विश्वविद्यालय को दान कर दिये।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय 1942 :– बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने 1942 में स्नातकोत्तर स्तर पर डिप्लोमा कोर्स शुरू किया जिसके पाठ्यक्रम में पुस्तकालय प्रबंधन की जिम्मेदारीयों को सम्भालने एवं दस्तावेजों को किस प्रकार रखना हैं आदि के बारे में पूरी जानकारी दी गई थी।

मुबंई विश्वविद्यालय 1944 :– मुबंई विश्वविद्यालय ने 1944 में दो डिप्लोमा कोर्स शुरू किये पहला कोर्स मेट्रिक पास उम्मीदवारो के लिये था एवं दूसरा स्नातक उम्मीदवारो के लिये था। इन दोनों कोर्स के प्रति लोगों ने बहुत रूझान दिखाया। कई पुस्तकालय कर्मियों ने एवं छात्रों ने 1940 के दशक में मुबंई विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की।

कलकत्ता विश्वविद्यालय 1945 :– पश्चिम बगांल के कलकत्ता विश्वविद्यालय ने भी 1945 में पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा कोर्स शुरू किया। अतः स्वतत्रता के पहले केवल उपरोक्त 5 विश्वविद्यालयों में ही शैक्षणिक स्तर पर पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा कोर्स कराये जाते थे।

दिल्ली विश्वविद्यालय 1947 :– 15 अगस्त 1947 को मिली आजादी के कुछ ही दिनों पहले दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रथम पुस्तकालय विज्ञान विभाग द्वारा एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स प्रारम्भ किया गया। यह पुस्तकालय विज्ञान विभाग स्वर्गीय डॉ. एस आर रगंनाथन, स्वर्गीय एस. डी. गुप्ता के कठिन प्रयासों के कारण शुरू हुआ।

यह देश का पहला पुस्तकालय विज्ञान का विभाग था जो विश्वविद्यालय के दूसरे विभागों जैसे ही स्थापित किया गया था। यहां 1948 में एम. लिब. एस. सी. डिग्री शुरू की गई। इस डिग्री के अतिरिक्त रिसर्च कार्य आरंभ किये गये एवं जिसमें आगे चलकर 1948 में ही पी. एच. डी. डिग्री प्रदान करने की व्यवस्था की गई। 1955 में डॉ. एस आर रगंनाथन के स्वर्गवास के बाद 1956 से लेकर 1958 के दौरान एम. लिब. एस. सी. डिग्री कोर्स बंद रहा। 1955 में डॉ. एस आर रगंनाथन के विश्वविद्यालय में रहते हुये ही एक छात्र डॉ. डी बी कृष्णा राव ने अपना पी. एच. डी. का कार्य पूर्ण किया।

इंस्टिटयूट ऑफ लायब्रेरी साइंस 1958–64 :– 1958 में दिल्ली विश्वविद्यालय में इंस्टिटयूट ऑफ लायब्रेरी साइंस की स्थापना की गई। यह भारत में पुस्तकालय विज्ञान की शिक्षा में एक महत्वपूर्ण घटना हैं। जिसे शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से शुरू किया गया था। इस संस्थान के मुख्य उद्देश्य निम्न थे।

- राज्य स्तर एवं जिला स्तर के सार्वजनिक पुस्तकालय के लिये लाइब्रेरियनों को प्रशिक्षित करने हेतू एक वर्षीय पाठ्क्रम संचालित करना
- पुनश्चर्या पाठ्यक्रम एवं स्पेशलाइज्ड कोर्स संचालित करना

- भारत में पुस्तकालय विज्ञान के लिये शिक्षण सामग्री का निर्माण करना।
- सार्वजनिक पुस्तकालय की समस्याओं के हल के लिये अनुसंधान करना।

1959 में निम्न 6 विश्वविद्यालयों में पुस्तकालय विज्ञान के विभाग खोले गये।

1. अलिगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय
2. महाराजा सयाजी राव विश्वविद्यालय
3. नागपुर विश्वविद्यालय
4. उस्मानिया विश्वविद्यालय
5. विक्रम विश्वविद्यालय
6. पूना विश्वविद्यालय

निष्कर्ष :– इस अध्ययन से यह समझ में आता हैं की पुस्तकालयों की महत्ता उपयोगिता एंव उसकी आवश्यकता अक्षुण्ण हैं। मानव के व्यक्तित्व निर्माण में पुस्तकालयों की भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं। इसमें शैक्षिक संस्थान का पुस्तकालय हो या सार्वजनिक स्थान का हो या कि व्यक्तिगत हो। पुस्तकालय का अपना अलग अस्तित्व नहीं होता, इसके उद्देश्य इसकी भूमिका, इसके कार्य उस जनता के साथ जुड़े हुये हैं जिसको इनके द्वारा सेवायें दी जाती हैं। देश में पुस्तक एवं पुस्तकालय का महत्व पौराणिक काल से ही हैं। पुस्तकालय शिक्षित मानव समाज का एक महत्वपूर्ण अंग रहा हैं एवं पुस्तकालय विज्ञान की शिक्षा में पिछले कुछ दर्शकों में क्रांतिकारी कार्य हुये हैं। जिसमें डॉ. एस. आर. रगंनाथन को योगदान अभूतपूर्व रहा हैं। वर्तमान परिस्थिती को देखते हुये लगता की अभी भी उच्च शिक्षा के अतंर्गत पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में बहुत कार्य करने बाकी हैं।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 5, No. - 6 April 2018
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED Multidisciplinary Journal Sl.No-108, Journal No-62711)
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-3.9 Research Journal

YOGA AND MENTAL HEALTH

SMT. Varsha Choubey
Research Scholar, Yoga Deptt, R.D.V.V, Jabalpur

An effective communication of human experiences is the very basis of literature. Indian writing in English, an integral part of English literature, with its immense and notable contributions, has served as an important medium of human thoughts and expressions. The cohort of women writers, especially women fiction writers have delineated the various aspects of human life through a keen understanding of human relationships. As parent child relationship is central to all the human relationships it has been the main subject of exploration of the women fiction writers. Contemporary writing chiefly encompasses the works of these women fiction writers. Anita Desai, Kamala Markandaya, Shashi Deshpande, Suchita Malik, and Manju Kapur are some of the contemporary women writers who have explicitly dealt with the theme of the parent child relationship. As women, they are able to manifest both reverence and dedication for the mother daughter relationship. Thus, this paper makes a sincere attempt to delineate the manifold aspects of the mother daughter relationship in the novels of a well-known contemporary women writer, Manju Kapur.

Manju Kapur has written six novels: Difficult Daughters, A Married Woman, Home, The Immigrant, Custody and Brothers. The protagonists of Manju Kapur are radical women who choose to break the conventional barriers and defy the path laid down by their mothers in the quest of their self-identity. This search presents them with many problems in their life, especially in their familial relationships: "All protagonists in the fictional works of Kapur are women. . . . All of her protagonists struggle to take charge of their own lives. In the course of this struggle they suffer and their lives become difficult to live with" (Nitonde)

Orthodox society is strictly patriarchal and in case of Indian families husbands regulate the patriarchal norms through their wives. Hence, it is the responsibility of the mothers to endow their daughters with the complete understanding of the conformist beliefs and conventions. Being influenced by the radical changes which are witnessed by the society owing to the advent of new technology and developments in the economic, political and social spheres, the daughters challenge the restrictions which are imposed on them by their mothers. This serves as the main reason behind the complicated relationship between the mothers and daughters in the novels of Kapur.

Difficult Daughters (1998), the first novel by Manju Kapur presents the complex mother daughter relationship between three generations of women: Kasturi, Virmati and Ida. Kasturi is traditional woman who sacrifices her whole life to prove herself as an ideal wife, daughter and mother. Therefore, when her daughter challenges the beliefs which are staunchly supported by Kasturi through her willingness to establish her identity through education, she overtly criticizes Virmati's decision: ''Leave your studies if it is going to make you so bad-tempered with your family. You have forgotten what comes first" (Kapur, Difficult 21). Virmati's love affair with a married man, Harish who is an English professor further facilitates her quest for individuality through higher education and career. These unforeseen developments in the life of Virmati engenders as a difficult daughter in the eyes of her family. In view of the profundity of her romantic relationship, Virmati rebels against her whole family and marries her lover. This defiance sours her relations with her family, especially her mother, who is unable to tolerate the implications of Virmati's transgression. Although Virmati is repentant for her misconduct, but being extremely furious with her daughter, Kasturi remains hostile with her:

'Mati – Mati –' chocked Virmati. 'I shouldn't have'
'Why are you telling me you shouldn't have?' . . .

Virmati looked at her mother's face. The eyes were cold and narrow, the brows contorted with rage. There was implacable hostility there. She thought she should die with the pain she felt.

'I shouldn't have come,' she managed bitterly. 'I should have known what to expect.' (220)

When Virmati becomes mother, she shares the fulfilment of the similar expectations from her daughter, Ida as Kasturi had wanted from her. Despite of being a defiant daughter, she becomes a conservative mother because she realizes that it is necessary for the survival of the latter in the patriarchal society.

A Married Woman (2002), the second novel by Kapur, describes the mother daughter relationship between Sita and Astha. Sita is a conformist Hindu woman for whom the marriage of her daughter in accordance to the long-established principles is the main objective in life. It is towards this end that she incorporates strict discipline to ensure the chastity of her daughter throughout her childhood and adolescence. While Astha, owing to her maturational changes, repudiates the wishes of her mother and indulges in romantic pursuits: "Astha has her own dreams and desires. She has her own romantic world" (Patel 51). It is Astha's arranged marriage with an eligible boy named, Hemant Vadera which helps to diminish the problems between her and her mother. After the death of Sita's husband, yet again, complications are created between the mother and daughter. In adherence to her belief in the conformist principles, Sita distances herself from Astha and keeps the expectations of her son-in-law ahead of her daughter. She detaches herself from the world her daughter accepts a solitary life in an ashram in Rishikesh. As far as Astha is concerned, she due to her modern outlook could not relate with the perverse decision of her mother. The writer has shed light on this misunderstanding between the two in the following lines of the novel: Of course you will come and live with us, Ma,' said Astha. . . . 'I am thinking of moving to Rishikesh.' 'Rishikesh? You are going to live there all your life?' Astha was appalled.

'Aree, who knows how long one is going to live? The atmosphere should be pure, one should lead a life of virtue and truth, where and how does not matter. (A Married 85-86)

Home (2006), the third novel by Kapur, skilfully traces the account of the protagonist Nisha's relations with her mother, Sona and surrogate mother, Rupa. Sona, being engrossed in the traditional value system is biased for her son, Raju and remains apathetic towards her daughter Nisha. She could not realize the trauma through which Nisha undergoes because of being sexually abused by her cousin, Vicky in the young age. While Rupa, the sister of Sona and a childless woman, is able to empathize with the suffering of Nisha and accept her as her own daughter when she is sent to her house in the face of the inability of the latter's family to comprehend the reason behind her agony. This distinction between the two is highlighted in the novel through the eyes of Nisha's father, Yashpal: Every time his daughter came home, he noticed how happy she looked. He . . . watched her climb into Rupa's lap when Vicky was there, and observed his wife preoccupied with her son. . . ." (Kapur, Home 72). After few years, Nisha is called back to her home by her family. Sona wanted that Nisha should get well settled in her own home by getting married: "For Sona, the true happiness for a girl lies in her own family" (Vashist 5). Accordingly, she wants that Nisha should shine in her marital home through the art of domesticity and service and observance of Hindu rituals. However, when she finds her daughter lacking in these aspects, because of her modern bent of mind which she has acquired from her aunt, she becomes utterly dejected with Sona and Rupa:

Sona grumbled. 'You take half an hour to peel ten potatoes. How will you manage in your future home?' 'Masi [aunt] said there is always time to learn cooking, but only one time to study.' Nisha tried defending herself. . . . That Masi of yours has ruined your head. What does a girl need with studying? Cooking will be useful her entire life. . . . The mother's anger rose. . . . Spoilt you, do you hear? (Kapur, Home 125)

After reaching college, Nisha becomes engaged with a boy named, Suresh. Her love affair creates fissures in her relations with her conservative family, especially with her mother because Suresh belongs to a poor and low caste family. Sona accosts her for her misbehaviour thus, "Answer me, said her mother, icy-voiced, stony-faced. . . You have been deceiving your parents? . . . Sona raised her hand to strike her" (194). Nisha's family severs all the ties between her and her lover and looks forward to an eligible match for her who could fulfil their expectations of a high caste family with an affluent background. As Nisha's marriage gets delayed due to inadvertent reasons, her mother blames her self-assertion for her uncertain future. It is only after arranged marriage

with a widower named Arvind that Nisha could gain the acceptance of her mother.

The Immigrant (2008) which is the fourth novel by the writer delineates the intricate mother daughter relationship between the characters Shanti and Nina. Shanti and Nina are bound in an intimate relationship after the death of Shanti's husband. They both want happiness and contentment for each other. This closeness between the two gets marred because Nina's marriage gets inadvertently late. Shanti vociferously gets engaged in finding a good match for her daughter who could recuperate the blissful life which Nina had enjoyed in the presence of her IFS father. On account of futile love affair with her teacher, Rahul and her unmarried status at the age of thirty, Nina resents her mother quest for her happiness and security. When the marriage proposal of an Indian born dentist named Ananda who is settled in Canada and possesses all the qualities which Shanti wanted in her son-in-law, she persuades Nina to marry him at any cost. Nina, who does not want to leave her mother and motherland and go and settle in a far-off land with a stranger, is reluctant to accept this offer. This leads to an argument between Nina and Shanti: "Mr Batra (sic) [Shanti] was jubilant. With such a background, how could her daughter not be happy, how could she not? . . . Nina . . . murmured . . . , So eager to send your daughter ten thousand miles away?" (Kapur, The Immigrant 53-54). However, eventually Nina agrees for the marriage and this raises her status as the model daughter.

After her marriage, Nina follows the traditional path laid by her mother and this helps her to establish good relations with her husband. Gradually, her unfocused life bereft of career and children engenders her as desolate and depressed and to "fill the loneliness she yearns for a child but is unable to conceive" (Maitra and Dubey 397-98). Being influenced by the advice of her mother she seeks medical help for her condition but Ananda takes it as the intrusion into his privacy and this creates problems in her marital relationship. In view of the infidelity of Ananda and Nina their marriage suffers but Nina maintains the status quo to remain faithful to the expectations of her mother. However, after her mother's death she chooses a different path and breaks her marriage to procure for herself the same contentment which her mother had tried to provide but along with completely embracing her immigrant identity.

Custody (2012), the fifth novel by the writer traces the journey of the mother daughter relationship by exploring the subjects of marriage, divorce and custody. The ambivalent relationship between the protagonist Shagun and her mother, Mrs Sabharwal is the highlight of the book. The cordial relations which Shagun shares with her mother because of her adherence to the conventional path become difficult because of her unfaithfulness towards her husband, Raman and the decision to neglect the future of her two children Arjun and Roohi and terminate her marriage: People do get divorced, you know, Ma. . . . Are you mad? You want to destroy your home? . . . Really, Mama,' said Shagun, 'what do you want me to do? . . . You want me to kill myself, then you will be happy?' . . . The older generation were hopeless. Abruptly she [Shagun] got up and slammed the door to her childhood bedroom. Mrs Sabharwal watched sadly. (94-95)

"Shagun fought for the freedom she had long wanted but it was at the cost of her children and a happy married life. She dares to come out of the protective environment of the peaceful family setup" (Maji 2). Afterwards, it is Shagun's remarriage with her lover, Ashok which helps to establish harmony between her and her mother. Nevertheless, the battle of custody for her children which Shagun has to fight with Raman after her divorce remains a source of grief for her mother.

The convoluted relations between Mrs Rajora and her daughter, Ishita is the another highlight of the book. Although Ishita follows the path lay down by her family by having an arranged marriage with Suryakant but her infertility sours her relations with her in-laws and her marriage ends up in divorce. This creates fissures in her relations with her mother as a divorcee and childless woman, Ishita makes unconventional choices by seeking adoption and having a clandestine relationship with Raman. Mrs Rajora tries to placate Ishita to share the truth of her love affair with her but Ishita who is not sure about the future of her romantic relationship because of Raman's indecision does not disclose her feelings in front of her mother: "Beta, . . . I only want to be sure that you are not doing anything to harm yourself. 'Mummy please. There is nothing to tell. I am not doing anything to ruin my life. . . . (Kapur, Custody 282). Ultimately, it is the fulfilment of desires of her mother by Ishita through her

remarriage with Raman which helps to diminish the remoteness between her and Mrs Rajora.

Works Cited :-

Goael, Mona. "An Anlaysis of Mother Daughter Relationship in Difficult Daughters." The Criterion: An International Journal in English (2014): 273-278. Web.

Kapur, Manju. Difficult Daughters . New Delhi : Faber, 2010. Print.

Nitonde, Rohinidas. In Search of a Feminsit Writer. New Delhi: Patridge, 2014. Print.

Patel, Rupal S. "Feminsit Perspective of Manju Kapur's A Married Woman." Arts Artium: An International Peer Reviewdcum Referred Journal of Humanities and Social Sciences (2016): 50-55. Web.

Pew, Maji. "Feminsim in Manju Kapur's Custody ." The Criterion: An International Journal in Englsih (2013): 1-6. Web.

Vashist, Shivani. "Manju Kapur's Search for Hime: A Shuttle from Difficult ." Lapiz Lazuli: An Internationa Literary Journal (2011): 1-7. Web.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 5, No. - 6 April 2018
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED Multidisciplinary Journal Sl.No-108, Journal No-62711)
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-3.9 Research Journal

हृदय रोग का योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा मे प्रबधंन

डॉ. मनोज कुमार शर्मा
पी. एच. डी. योग

आलेख सार :– चिकित्सा वैज्ञानिकों ने यह पाया है कि हृदय एवं संवहनियों को होने वाले नुकसान का, भोजन में ग्रहण की जाने वाली चर्बी एवं कोलेस्ट्रॉल से निकट का संबंध है। अधिकत चिकित्सक यह मानते है कि आधुनिक एवं पश्चिमी सभ्यताओं के भोजन में आवश्यकता से अधिक मात्र में चर्बी प्रोटीन तथा कैलोरी रहती है। अत्यधिक गरिष्ठ भोजन पाचन तंत्र पर आवश्यकता से अधिक कार्यभार डालता है। आधुनिक कहलाने वाले व्यक्तियों के शरीर में उत्पन्न होने वाले अधिकतर रोगों की जड़ यही है।

वृहद रूप से प्रकाशित एक अमेरिकन शोध पत्र में आकस्मिक कारणों से मरने वाले नौजवान स्वस्थ सैनिकों का पोष्टमार्टम कर उनके हृदय की कोरोनरी धमनियों का अध्ययन प्रकाशित किया गया था। अध्ययन में यह देखा गया कि इन नौजवान सैनिको की कोरोनरी में 20–30 वर्ष की उम्र में चर्बी जमना तथा हासीय परिवर्तन शुरू हो गये थे। उनकी धमनियों की अन्दरूनी सतह पर चर्बी युक्त पदार्थ जम चुका था, जिसे मेडिकल साईस की भाषा में 'एथीरोमेटस प्लेक कहा जाता है। और यही आगे चलकर हृदय रोग उत्पन्न कर देती है। इस शोध पत्र के प्रकाशित होते ही चिकित्सकों में खलबली मच गई, क्योंकि पहले यह माना जाता था कि 55–60 वर्ष के ऊपर यह प्रक्रिया शुरू होकर रोग उत्पन्न करती है। इस शोधपत्र ने यह प्रमाणित कर दिया कि यह रोग बुढ़ापे का नही, वरन छोटी से ही इसकी बुनियादी प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

धमनियों में वसा एवं कोलेस्ट्रॉल का जमना अब हृदय संवहनी तंत्र में हासीय परिवर्तनों तथा मृत्यु का एक मूलभूत कारण माना जाता है। रक्त में बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल की मात्रा को साधारण शाकाहारी भोजन के सेवन द्वारा कम किया जा सकता है। यह भोजन मुख्यतः अनाज,ताजे फल एवं सब्जियों पर आधारित होता है। वसायुक्त मांस, मक्खन एवं घी, इत्यादि पदार्थो में वसा अधिक होती है। इनकी बजाय मूँगफली या सनफ्लॉवर इत्यादि तेलों का प्रयोग ज्यादा स्वास्थप्रद होता है।

इस प्रकार का शाकाहारी भोजन प्रत्येक हृदय रोगी को अनुशंसित किया जाता है, और अब चिकित्सक यह भी मानने लगे है कि ऐसा भोजन न केवल कोलेस्ट्राल जमने से रोकता है, वरन धमनियों की भित्ती में जमे वसात्मक जमाव को पुनः द्रवीभूत कर रोग की प्रक्रिया को व्युत्क्रमित कर देता है।

एक व्यक्ति जो अधिक वसायुक्त, अधिक कोलेस्ट्रॉल युक्त भोजन गृहण करता है, उसका रक्त द्रव (सीरम) गाठा दुधिया तथा धुधला दिखाई देता है। इसके विपरीत शाकाहारी भोजन करने वाले का सीरम साफ रंगहीन दिखाई देता है। अब हम इस तथ्य का आसानी से अनुमान लगा सकते है कि हृदय को इस वसा कणों से लदे द्रव को दिन–रात निरन्तर वर्षो तक फेंकते रहने में कितना अधिक श्रम करना पड़ता होगा।

हृदय रोग सामान्य परिचय :– हृदय वक्ष स्थल में बाई ओर स्थित है। इसके दोनों और दो फुक्फुस होते है। हृदय आकार पाँच इंच लम्बा, साढ़े तीन इंच चौड़ा तथा ढ़ाई इंच मोटा होता है। इसके ऊपर एक झिल्ली रहती है तथा इसके अन्दर रक्त होता है। हृदय शूद्ध रक्त को शरीर के सभी अंगों में प्रवाहित करता है तथा अशुद्ध रक्त इसके फुक्फुस में चला जाता है जहाँ इसकी शुद्धि क्रिया होती है।

काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय, ईष्या, चिंता व शोक से हृदय पर घातक प्रभाव पड़ता है। इनसे बचकर जीवन में संयम बनाये रखें।

हृदय रोग एवं धमनीकाठिन्य जिसमें रक्त नलिकाओं की भित्ति में हासीय परिवर्तन होने लगते है, आज विश्व के आधुनिक मानव समाज के सबसे घातक रोगों में से एक है। प्रतिवर्ष लाखों लोग हृदय रोगों से पीड़ित हो काल के ग्रास बन जाते है। इन रोगों में हृदयघात के अलावा उच्च रक्तचाप, रक्तचाप,रक्ताधिक्य हत्पात एवं लकवा तथा गुर्दे की खराबी इत्यादि आते है। इनके अलावा कई व्यक्ति बार–बार सीने में उठनें वाले दर्द 'हृदयशूल' का अनुभव करते है। ये सभी समस्याएँ हमारी दैनिक जीवनचर्या में शामिल तनावों का हृदय पर कुप्रभाव प्रदर्शित करती है।

हृदय पर पड़ने वाले दबाव एवं क्षति के कारणों एवं प्रभावों की सूची लम्बी एवं जटिल है, जिसमें आहार के अलावा, हृदय पर मानसिक एवं भावनात्मक प्रक्रियाओं के प्रभाव तथा चयापचयी असन्तुलन शामिल है। पाचन एवं प्रजनन तंत्र की प्रक्रियाएँ भी दिल से अक्सर अत्यधिक दवाब की अवस्था में क्रियाशील अपेक्षित करती है।

भौतिक क्रिया विज्ञान :– हृदय, जो मानव की क्रियाशीलता एवं जीवन का केन्द्र है। एक ऐसा अनुठा मांसपेशीय पम्प है जो अपनी विधुत यांत्रिकी गतिविधि द्वारा पूरे शरीर की प्रत्येक

कोशिका तक रक्त के माध्यम से आवश्यक तत्व पहुँचाता है। साथ ही रक्त को फेफड़ो द्वारा शुद्ध कराकर परिसंचरित करता है। हृदय पर पूरे शरीर का जीवन निर्भर है, और इसी निर्भरता के कारण धड़कन रूकने के साथ मिनटो में ही सम्पूर्ण शरीरिक क्रियाएँ ठप्प हो जाती है। हृदय बिना थके रात दिन जीवन के अंकुर फुटने से लेकर अन्तिम श्वास तक कर्मयोगी की तरह अनवरत रूप से गतिशील रहता है। जब शरीर आराम करता है तो इसकी गति मन्द हो जाती है, तथा व्यायाम करते दूरस्थ माँसपेशियों एवं कोशिकाओं तक रक्त की अधिक मात्रा पहुँचाने हेतु फौरन अपनी गति बढ़ा लेता है।

हृदय की रक्त फेंकने की शक्ती उसकी मांसपेशीय में अन्तर्निहित है। ये मांसपेशियों पूरे शरीर से भिन्न विशेष प्रकार की होती है, जो शरीर की किसी भी अन्य माँसपेशी की अपेक्षा अधिक मजबूत एवं सहनशील होती है। इसलिये हृदय आराम किए बिना ही अपनी और पूरे शरीर की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। शरीर का कोई दूसरा अंग कर्मठता में हृदय की बराबरी नही कर सकता। इसलिए अपने हृदय को स्वस्थ बनाए रखने के लिए ''सन्तुलित भोजन' संयम जीवनशैली आराम एवं व्यायाम में सन्तुलन रखना हमारा प्रथम कर्तव्य है।

हृदय संरचना :– हृदय भीतर से चार प्रकोष्ठों में विभाजित रहता है। उपर के दो 'आलिद' तथा नीचे के दो 'निलय' कहलाते है। रक्त बायें आलिंद से बायें निलय में पहुँचता है। बायाँ निलय रक्त से भरने के बाद अंकुचन करता है, जिसके फलस्वरूप रक्त मुख्य धमनी का वाल्व खोलकर मुख्य धमनी में प्रवेश करता है, जिसके फलस्वरूप रक्त मुख्य धमनी का वाल्व खोलकर मुख्य धमनी में प्रेवश करता है, तथा नलियों की सैकड़ों शाखाओं, प्रशाखाओं में से होते हुए पूरे शरीर में फैल जाता है यह शुद्व रक्त पूरे शरीर की कोशिकाओं को आवश्यक पोषक तत्व एवं ऑक्सीजन प्रदान करने के बाद अशुद्धियों तथा कार्बन –डाई–ऑक्साइड को निकाल लेता है। यह अशुद्ध रक्त शिरा नामक नलियों से होते हुए दायें आलिंद में आता है तथा दायें आलिंद से होते हुए दाये निलय में पहुँचाता है, जो उसे फेफडो की ओर फेंक देता है। रक्त फेफड़ों में कार्बन–डाई–ऑक्साइड छोडकर ऑक्सीजन ले लेता है तथा शुद्ध हो जाता है। यह शुद्ध रक्त फिर बायें आलिंद में पहुँचकर पूरी प्रक्रिया को दुहराता है। इस प्रकार चौबिसों घण्टे यह प्रक्रिया बारम्बार हर धड़कन के साथ एक लयबद्ध तरीके से सम्पन्न होती रहती है। हृदय प्रति मिनट 70–100 बार धड़कन कर एक मिनट में 4–5 बार रक्त को सम्पूर्ण शरीर में परिसंचारित करता है।

रक्त परिसंचरण :– शरीरिक अंगों और हृदय के मध्य रक्त का आदान–प्रदान अनेक छोटी–बड़ी नलिकाओं से होता है, जिन्हें कार्यानुरूप अलग–अलग नाम दिए गये है। हृदय से शरीर के अन्य हिस्सों तक जिन नलिकाओं से रक्त जाता है उन्हें 'धमनी' कहते है। धमनियाँ सबसे लचीली, मोटी एवं मजबूत होती है ताकि हृदय से आने वाले रक्त का सीधा दवाब सह सके कलाई में नाड़ी की धडकन एक धमनी का उदाहरण है जो इसी तथ्य को दर्शाती है। एक बड़ी धमनी अंगो तक पहुँचते–पहुँचते अनेक छोटी–छोटी शाखाओं में विभाजित होते हुए महीन नलिकाओं के जाल में परिवर्तित हो जाती है जिन्हें ''कैपिलरी'' कहते है। ये महीन धागों के सदृश नलिकाएँ (कैपिलरी) ऊतकों एवं कोशिकाओं के सीधे सम्पर्क में आती है। इनकी महीन भित्ती से होकर रक्त से कोशिकाओं तक ऑक्सीजन तथा पोषक पदार्थ चले जाते है। साथ ही कोशिकाओं से उत्सर्जित कार्बन–डाई–ऑक्साइड तथा अवशिष्ट पदार्थ खून आकर मिल जाते है।

धमनी काठिन्य :– रक्त को पूरे शरीर में संचरित करने वाली ये धमनियाँ यदि कड़ी पड़ जाये तो उनकी मित्तीयों का लचीलापन कम हो जायेगा एवं भीतरी व्यास कम हो जायेगा। फलस्वरूप रक्त का दवाब बढ़ जाएगा, ठीक वैसे ही जैसे बगीचे में पानी डालते समय पाइप को दबा देने से पानी की धारा का दबाव बढ़ जाता है। इस दवाब से हृदय पर अधिक भार पडता है, जिससे वह रोग ग्रस्त व कमजोर हो जाता है।

कोरोनरी धमनियाँ :– शरीर की मुख्य धमनियाँ, महाधमनी की शाखाएँ है। महाधमनी की प्रथम दो शाखाएँ ''कोरोनरी धमनियाँ'' कहलाती है। इनकी लम्बाई लगभग पाँच इंच तथा मोटाई 9/8 इंच के लगभग होती है। इनका कार्य हृदय की मांसपेशियों को रक्त की आपूर्ती करना है, जिससे हृदय की मॉस पेशियों को भोजन व ऑक्सीजन मिलती रहे। यदि इनमें से कोई भी नलिका सिकुड़ जाए तो उसके रक्त प्रवाह में थोड़ा–सा भी अवरोध उत्पन्न हो तो सम्पूर्ण परिसंचरण तंत्र के ठप्प होने की सम्भावना है, क्योंकि यदि हृद्मांसपेशियों को आवश्यकतानुसार ऑक्सीजन या पोषण नहीं मिला तो वह कार्य करना बन्द कर देगी और उसमें पीडा की संवेदना उठने लगेगी। जब हासीय परिवर्तन के कारण या चर्बी जमने से कोरोनरी धमनी के छिद्र का व्यास छोटा हो जाता है। तब ऐसा ही होता है। कभी–कभी यही अवस्था खून के थक्के के छोटे–छोटे से टुकड़े के फॅसने से या अत्यधिक तनाव के फलस्वरूप धमनी संकुचन के कारण उत्पन्न हो जाती है। जब हृदय के तरफ रक्त का स्वतः संचार में अवरोध आंशिक हो तो अवस्था कम गम्भीर होती है तथा दर्द हमेशा श्रमसाध्य कार्य करने के बाद ही उठता है। इसे हम 'एंजाइना' या 'हृतशूल/हृदयशूल' कहते है।

धमनी काठिन्य रक्त वाहिनियों की ह्रासीय बीमारी है, जिसमें उनकी भित्तयों में चर्बी जम जाती है, उनका छिद्र छोटा हो जाता है तथा वे कडी पड जाती है। इन सबके कारण उनमें बहने बहने वालें रक्त का प्रवाह अवरूद्व होता है। उनकी भीतरी सतह चिकनी की बजाय खुरदरी हो जाती है। इस रोग का

सम्बन्ध मुख्यतः धूम्रपान खान पान की गडबडी जैसे – वसायुक्त पदार्थों मांसाहार का सेवन 'शारीरिक व्यायाम की कमी तथा अत्यधिक मानसिक तनाव आदि से जोड़ा जाता है। यौगिक जीवन पद्धति, भोजन की गड़बड़ी एवं तनावों को दूर कर इस रोग से बचाती है। तथा उपचार में भी सहायक है।

पेसमेकर (गति प्रेरक) :– हृदय के धड़कने की गति उसमें स्नायविक विधुत तंरगो के लयबद्ध प्रवाह द्वारा नियंतत्रित होती है। इन तरंगों को उत्पन्न करने का मुख्य केन्द्र हृदय की दायी और ऊपर के भाग में स्थित एक स्नायु के छोटे से टुकड़े में होता है। इसे एस.ए.नोड (पर्व) कहते है। यह एक निश्चित कालांतर से रह–रह कर विधुत तंरगे छोड़ता है। ये तरंगे महीन तंत्रिकाओं के माध्यम से हृदय पेशियों में संचरित हो उनका तंत्रिकाओं के माध्यम से हृदय पेशियों में संचरित हो उनका आकुंचन उत्पन्न करती है। यही आकुंचन कहलाता है तथा इसी से रक्त–संचार शुरू होता है। हृदय धड़कन जिस गति–प्रेरक द्वारा नियंत्रित होती है, वह स्वयं प्रतिक्षण बदलती हुई शारीरिक माँगों एवं मानसिक उद्वेगो के प्रति संवेदनशील रहता है।

मानवीय भावनाओं का पीठ :– हृदय का हमारी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं से बहुत नजदीकी संबंध है, और इस संबंध से ह म सभी भली भाँति परिचित है। हृदय रोग के जितने भौतिक कारण है, उतने ही भावनात्मक कारण भी है। चिन्ताओं एवं परेशानियों से ग्रस्त, उत्तेजित एवं अत्यधिक तनावग्रस्त मन एक असन्तुलित मानसिकता को जन्म देता है, जो लगातार क्रोध, ममता एवं दुःख के उतार चढ़ाव के झूले में झूलती रहती है। ये उद्वेग हमारे शरीर में स्थित अनुकम्पी तंत्रिका प्रणाली को अनियंत्रित रूप से उत्प्रेरित करते है। इस उत्प्रेरण के फलस्वरूप रक्त में उत्तेजक हॉरमोन्स–एड्रीनलीन एवं नारएड्रीनली की मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है। इनके प्रभाव से हृदय की अपनी सामान्य गति से अधिक बार धड़कने के लिए बाध्य होना पड़ता है। जिससे उस पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

ठीक इसी प्रकार से व्यक्तिगत सम्बंधो से उपजे तनाव, जो हमारी भावनाओं, प्रवृत्तियों एवं इच्छाओं के टकराने से उत्पन्न होते है। वे हमारे हृदय एवं अन्तःस्त्रावी तंत्र पर लगातार दबाव डालते रहते है। इस दबाव तथा अनुकम्पी तंत्र की अतिक्रियाशीलता के कारण सम्पूर्ण 'शरीर की छोटी–छोटी रक्त वाहिनियाँ अनवरल आकुंचन की अवस्था में अधिक जोर लगाना पड़ता है। तथा बहने वाले रक्त का दबाव बढ़ जाता है। इसे ही हम उच्च रक्तचाप या हाइपरटेंशन कहतें है। अब आप टेंशन से हाइपरटेंशन का सरल सम्बन्ध समझ सकते है।

हृदय एवं यौन प्रक्रियाओं का सम्बन्ध :– मन की गहराइयों से उठने वाली प्रवृत्तियाँ तथा मनोभावनात्मक उत्तेजनाएँ अनेक माध्यमों से अभिव्यक्ति का मार्ग खोजती है। सामान्यतः वे यौन आचरण के माध्यम से अभिव्यक्त होती हैं

यौन अभिव्यक्ति अनेक तरीकों से हृदय पर दुष्प्रभाव डालती है उनमें से एक है अन्तः स्रावी तंत्र की प्रतिक्रिया हालाकी ये प्रत्येक मनुष्य में सामान्यतः पायी जाती, मगर कुछ लोगों को विशेष प्रभावित करती है, विशेषतः पुरूषों को

शरीर में यौन हॉरमोन दो प्रकार के होते है :– ''एण्ड्रोजन्स'' या पौरूष हॉरमोन तथा 'एस्ट्रोजन' या स्त्रैण हॉरमोन' ये हॉरमोन मुख्यतः यौन ग्रन्थियॉ (पुरूषों मे अण्डकोष तथा स्त्रियों में डिम्बग्रंन्थि) में निर्मित होते है। इनके निर्माण का नियंत्रण ''पिट्यूटरी ग्रंथि'' से होता है, जो स्वयं मस्तिष्क के 'हाइपोथेलेमस' नामक हिस्से के नियंत्रण में रहती है। और मस्तिष्क का यह हिस्सा भावनाओं एवं आवेंगो के प्रति अतिसंवेदनशील रहता है।

शोध कर्ताओं का कहना है कि पौरूष स्राव या एण्ड्रोजन ही पुरूषों की आक्रमणशील या उधमशील विशिष्टता के साथ–साथ 'हृदयाधाती'' व्यक्तित्व भी प्रदान करते है। इसलिये स्त्रियों की अपेक्षा पुरूषों में हृदय रोग आमतौर पर अधिक देखा जाता है।

चूँकि स्त्रियों में एण्ड्रोजन कम तथा एस्ट्रोजन ज्यादा होता है जो एण्ड्रोजन के दुष्प्रभावों से रक्षा करता है, इसलियें स्त्रियों में हृदयघात की संभावना बहुत कम होती है। मगर यह अन्तः स्रावी प्रक्रिया रजोनिवृत्ति के बाद बदल जाती है। रजोनिवृत्ति के साथ ही एस्ट्रोजन कम होता है, फलस्वरूप हृदयघात की संभाना बढ़ जाती है।

योगियों का कहना है कि भावनाओं एवं यौन प्रक्रियाओं को योगाभ्यास द्वारा सन्तुलित करने से इन स्त्रावों की मात्रा में सन्तुलन आता है। इस प्रकार से सन्तुलित व्यक्ति अपने हृदय की स्वास्थ्य रक्षा कर सकता है। हालाकि कई अन्य प्रतिक्रियाएँ एवं अवयव भी साथ–साथ कार्य करते है, जिनका भी ख्याल रखना आवश्यक है।

प्रथम सफल हृदय प्रत्यारोपण करने वाले, विश्व विख्यात हृदय शल्य चिकित्सक डाक्टर क्रिश्चियन बर्नार्ड का कहना है कि 'सिद्धासन' (जिसका यौन अंगो पर प्रभाव पड़ता है) का अभ्यास प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए, जिससे उसे हृदय रोग न हो, तथा प्रत्येक हृदय रोगी को ओषधिपत्र में इस आसन को करने की सलाह होनी चाहिए।

हृदय रोग तथा व्यक्तित्व :– जिन व्यक्तियों को हृदय रोग होता है, उनके व्यक्तित्व की एक विशिष्ट पहचान होती है, जिसे खास नाम भी दिया गया है:– ''हृदय रोग व्यक्तित्व'' या

कार्डियक पर्सनाल्टी। ऐसा व्यक्ति प्रायः अधेड़ उम्र का होता है, जो अत्यन्त लगनशील हठधर्मी तथा प्रतिस्पर्धात्मक स्वभाव का होता है। अपने कार्यक्षेत्र में अधिकतर सफल होता है। वह अपनी क्षमताओं को चरम सीमा तक खीच कर ही जीवन में कुछ बन पाता है। उसके व्यक्तिगत आदर्श ऊँचे होते है तथा दूसरों से भी उसकी अपेक्षाएँ उन्ही आदर्शो के अनुरूप होती है। वह काम करने की ऐसी लत पाल लेता है कि अपने कार्य को ही वह आत्मसन्तुष्टि का एकमात्र माध्यम बना लेता है। बहुत बा रवह पारिवारिक जिम्मेदारियों तथा पीडादायी भावनात्मक परिस्थितियों की उपेक्षा कर उन्हे टाल जाता है। हालाकि ऊपर से तो वह बहुत सशक्त इच्छाशक्ति वाला, स्वतन्त्र व्यक्तित्व का दिखाई पड़ता है। मगर उसकी अंदरूनी व्यक्तिगत प्रवृत्ति बिल्कुल विपरीत हो सकती है। वह अन्दर से प्रायः अत्यन्त संवेदनशील तथा कलात्मक अभिरूचियों वाला हो सकता है। मगर उसमें अपने व्यक्तित्व के इस कोमल पहलु को दमित कर दिया होता है और यही वैषम्य उसके अर्न्द्वन्द्व, मानसिक तनाव तथा हृदय रोग का मूल कारण है।

हृदय रोगों के निम्नांकित भेद है :–

1. **हृल्कम्प** :– इस रोग में जोर–जोर से दिल धड़कने के दौरे आते है। उस वक्त रोगी को घबराहट बढ़ जाती है तथा उसे मृत्यु भय होने लगता है। यह रोग पुरूषों की अपेक्षा स्त्रियों को अधिक होता है। आकस्मिक घटनाओं भय या क्रोध की स्थिति में भी हृदय तीव्र गति से धड़कने लग जाता है। हृदय की पेशियों और स्नायुओं की निर्बलता इस रोग का मूल कारण है। नशीली चीजों का सेवन शारीरिक और मानसिक दुर्बलता, अर्जीर्ण रक्तहीनता, स्नायुविकार, अनियमित आहार विहार हृदयदोष, वीर्य विकार खूनी बवासीर एवं पेट में अपच के कारण वायु की उत्पत्ती आदि इस रोग के अन्य प्रमुख कारण है।

हृदय में कोई दोष उत्पन्न हो जाने के कारण जब हल्कम्प रोग होता है। तो उसमें प्रायःहाथ बर्फ की भांति ठण्ड़े हो जाते हैं तथा रोगी को ठण्डा पसीना आता है।

2. **हृदय की धड़कने का बन्द होने लगना** :– हृदय की धडकन तो अकस्मात बन्द हो जाती है, परन्तु उसके पूर्व रोगी को कितने ही लक्षणों द्वारा उसका आभास अवश्य ही मिल जाता है। हृदय की धडकन सदैव के लिये बंद होने से पहले उनमें कमी होने लगती है जिसे हृदय या दिल का बैठना कहते है। साथ में हृदय में कभी–कभी दर्द भी होता है। प्रायः पेट में नाभि के ऊपर कठिन पीड़ा भी होती है। जिसे साधारणतः कलेजे का दर्द समझा जाता है। हृदय की धड़कन बन्द होकर जब मृत्यु होने को होती है तो अत्यधिक और अवर्णनीय प्रकार की रोगी को बेचैनी होती है। अचानक ही बदन में सख्त गर्मी मालूम होने लगती है और उसके बाद पसीना आता है। छाती के पास रोगी को इतना अधिक तीव्र दर्द होता है कि रोगी बुरी तरह से छटपटाने लगता है।

3 **हृदयशूल** :– हृदय की रक्त कोषिकाओं से प्रकृति जब वहाँ पर एकत्रित विजातीय द्रव्य को बाहर निकाल फेकने की चेष्टा करती है तो रूकावटों को दूर करने में विजातीय द्रव्य के कणों में रगड़ व टक्कर होती है, जिससे भयानक पीड़ा की अनुभूति होती है। यही–'' हृदयशूल'' या दिल का दर्द है जिसे अंग्रेजी में 'एन्जाइना पैक्टोरिस (।दहपदं चमबजवतपे) कहते है। यदि समय पर इस रोग की सफल चिकित्सा न की जाए तो रोगी की मृत्यु निश्चित है। कभी–कभी हृदय और उसके स्नायुओ कमजोरी आ जाने के कारण भी यह दर्द उत्पत्र होता है।

हृदयशूल के समय रोगी बुरी तरह घबराता श्वास लेने मे कष्ट होने लगता है और मृत्यु –भय साक्षात उपस्थित हो जाता है। कभी–कभी यह दर्द बढ़कर बॉए हाथ और पूरी बॉयी छाती तक फैल जाता है। उस रोगी का मुँह लाल, बदन ठण्डा और नाड़ी की गति धीमी जो जाती है। दर्द के दौरे आते है। दर्द साधारणतः तीन–चार मिनट तक रहता है। कभी–कभी इससे अधिक समय तक भी रहता है।

4. **हृदय का आकार में छोटा या बड़ा हो जाना** :– हृदय में अथवा हृदय के आस–पास विजातीय द्रव्य के एकत्रित हो जाने से रक्तनलिकाओं में दूषित पदार्थ भर जाते है जिससे वे सकरी हो जाती है और साथ ही हृदय की दीवारें भी मोटी हो जाती है तथा फैल भी जाती है जिससे हृदय आकार में बड़ा प्रतीत होने लगता है।

विजातीय द्रव्य की गर्मी से जब हृदय सूख जाता है तो उस समय वह आकार में छोटा हो जाता है। इन दोनो की परिस्थितियों में रक्त को शरीर के समस्त भागों में पहुॅचाने हेतु हृदय को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।

5. **हृदय शोध** :– हृदय में शोध (सूजन) उत्पन्न हो जाना इस बात का प्रमाण है कि हृदय में विजातीय द्रव्य काफी मात्रा में एकत्रित हो गया है।हृदय चारों ओर से एक प्रकार की झिल्ली से ढँका होता है। जब झिल्ली में सूजन हो जाती है तो उसे 'परिहार्दिक सूजन' (चमतपबंतकपजपे) कहते है। और जब यह सूजन हृदय की भीतरी झिल्ली में होती है तो उसे– 'अन्तः हार्दिक सूजन'' (इण्डो कार्डइटिस) कहते है। जब स्वयं हृदय अथवा उसकी मॉसपेशियों में सूजन हो जाती है तब उसे '' मध्य हार्दिक सूजन'' कहते है।

प्रायः हृदय को ढॅकने वाली झिल्ली जिसे 'हृदयावरण' कहते है, में पानी आ जाने से भी हृदय सूजा हुआ प्रतीत होता

है जिसकी बढ़ी हुई अवस्था में रोगी को श्वास लेने में कष्ट होता है। पारिहार्दिक सूजन में– हृदय में मीठा–मीठा दर्द होता है, नाड़ी तेज चलती है और कभी–कभी ज्वर भी आ जाता है।

अन्तः हार्दिक सूजन में–रोगी छाती में भारीपन अनुभव करता है। मध्यहार्दिक सूजन में– जब रोग बढ़ा हुआ होता है तो हृदय के स्थान पर हल्की पीड़ा और साथ ही साथ हल्का ज्वर भी हो जाता है।

हृदय रोगों के कारण

कारण :– व्यायाम व श्रम का अभाव, चिंता, तनाव, मोटापा अवसाद, अनिद्रा, खान–पान, जीवन में असंयम, जन्मते बच्चों का भार कम होना आदि। हांलाकि विदेशों में मांस, मदिरा, सिग्रेट आदि का प्रयोग होता है। फिर भी वहॉ के पैदा होने वाले बच्चे कम भार के नही होते इसलिए वहॉ पर यह समस्या कम पाई जाती है।

हृदय रोग के प्रमुख कारण निम्नलिखित है :–

1. अधिक गरिष्ठ भोजन।
2. व्यायाम तथा परिश्रम का अभाव।
3. जे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, धूम्रपान, वंशनुगत तथा कोलेस्ट्रोल, आदि से पीड़ित होते है। यदि मनुष्य को उपरोक्त में से दो रोग पाए जाते है। तो हृदय रोग होने की एवं तीन रोग हो तो 30 प्रतिशत हृदय रोग की संभावना होती है।

धम्रपान तम्बाकू का सेवन, चाय कॉफी, कोक,आदि पेय पदार्थो का अत्यधिक मात्रा में सेवन हानिकारक है। मदिरापान का सेवन, मोटापा, हृदय रोग का बहुत बड़ा कारण है। मानसिक तनाव, क्रोध और भय, एकांत जीवन, दवाओं का अधिक सेवन रक्त में चर्बी का बढ़ना एवं रक्त वाहिनियों की दीवारों में कोलेस्ट्रोल का जमना, गलत आहार (ज्यादा बसा, प्रोटीन, चिकनाई तथा कार्बोहाइड्रेट) आदि कारण है।

हृदय रोग के कुछ अन्य कारण निम्नलिखित है :– यह पाया गया है कि जिन लोगो के रक्त में युरिक एसिड अर्थात ब्लड यरिया अधिक होता है। हृदय रोगो की आशंका होती है। रक्त में आयरन की मात्रा का अधिक होना भी हृदय रोग का प्रमुख कारण है।

पुरूषों में हृदयरोग महिलाओं की तुलना में अधिक होता है यह भी देखा गया है कि जो लोग मीठे पानी वाले क्षेत्र में रहते है। उन्हे खीरे पानी वाले क्षेत्र में रहने वालों की तुलना में हृदयघात अधिक होता है।

मॉस, मैदा, सफेद चीनी, नशीली चीजे, तेल, खटाई, अचार, मसाले और तली–भुनी चीजें गरिष्ठ होती है। इनमें से प्रत्येक वस्तु हृदयरोग उत्पन्न करने वाली सिद्ध होती है। इन वस्तुओं के सेवन से रक्त ही क्यो? बल्कि शरीर के समस्त रोगों का एक प्रधान कारण होता है। इसके अतिरिक्त अधिक औषधियों का सेवन भी हृदय पर बुरा प्रभाव डालता है। हकीमों के कुश्ते, वैधों के भस्म और एलोपैथी डॉक्टर्स की ज्वरनाशक औषधियों, वेदनाशामक 'सोडा' सैली साईलिट एस्प्रिन, फीनस्टीन,पैरासिटामोल, एनालजिन, डिक्लोनेक आइबूप्रोफेन, आदि जैसी तीक्ष्ण औषधियॉ तथा कथित हृदयरोग निवारक डिजीटेलिस, सिट्रकनिया, फूरासिमाइड आदि औषधियॉ एवं नाना प्रकार के विषैले इंजेक्शन ये सब हृदय पर इतना भयानक दुष्प्रभाव डालते है कि हृदय के ढॉचे को गम्भीर हानि पहुँचाती है।

हृदय रोग के सामान्य लक्षण :– सांस फूलना, बैठे–बैठे पसीना आना, पैरों में सूजन, कमजोरी, हृदय की धड़कन बढ़ना जलोदर होना, यकृत का बढ़ना, हृदय के ऊपरी हिस्से एवं नीचले हिस्से में दर्द होना, बाएँ हिस्से में अधिक दर्द, घूमने दोड़ने में दर्द होना, आराम करने में दर्द पूर्णतः खत्म हो जाना, तीव्र या धीमी गति से चुभन होना रक्तचाप का बार–बार बढ़ना एवं घटना इत्यादि हृदय रोग के मुख्य लक्षण है।

हृदयशूल/एनजाइना के लक्षण :– एनजाइना में होने वाली तकलीफ का संबंध शारीरिक कामकाज से है, प्रायः दर्द शारीरिक काम या थकान के बाद शुरू होता है। दर्द प्रायः 2–3 मिनट तक रहता है आराम करने पर कम हो जाता है।

दर्द की तीव्रता अधिक होने के साथ में कभी–कभी रोगी छाती में भारीपन, जलन, चुभन व छाती जकड़ी हुई बताता है। स्टरनम (छाती के बीचों बीच) के पीछे एकाएक छाती में बहुत तेज दर्द उठता है जो कि छाती के बाई तरफ कमर से होता हुआ बॉए कंधे,गर्दन,व बॉए हाथ तक फैल जाता है। शारीरिक काम–काज के अलावा एनजाइना की तकलीफ मानसिक तनाव या खाना खाने के उपरांत भी हो सकती है। एनजाइना से पीड़ित बहुत से मरीजों को खाली पेट चलने में तकलीफ नहीं होती या कम होती है। परन्तु खाना खाने के बाद चलना मुश्किल हो जाता है।

हृदय की सामान्य जॉच :– हृदय रोगी का जटिल यंत्रों द्वारा परिक्षण करने से पहले हृदय रोग विशेषज्ञ स्टेथेस्कोप द्वारा उसकी जॉच करता है रोगी के शरीर के कई स्थानों पर जैसे कलाई, कोहनी, गर्दन पेट आदि पर नब्ज का स्पंदन महसूस किया जा सकती है नब्ज द्वारा रक्त वाहिनियों में रक्त बहने की स्थिति का पता चलता है। इसके साथ विशेषज्ञ रोगी से रोग का इतिहास भी पूछते है, नाड़ी की गति सामान्य है, तीव्र है या

कभी रूकावट आती है या नही जिसका ज्ञान स्टेथेस्कोप से ज्ञात होता है एक वयस्क व्यक्ति की नब्ज चलने की दर 70–72 प्रति मिनट होती है। महिलाओं की इससे कुछ अधिक 80–82 मिनट बच्चों की 100–120–130 होती है।

सामाय व्यक्ति का रक्तचाप 120 न्यूनतम 80 मि होता है। 40 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को 140–90 सामानय होता है। 70–110 पुरूषों के लिये 80–120 महिलाओं के लिये 60–65–70 की उम्र में 90–140 सामान्य स्थिति पुरूषों में 85–90 की उम्र में 85–135 तथा 90–140 सामान्य स्थिती महिलाओं में।

हृदय रोग में यौगिक समाधान :– दमित भावनात्मक द्वन्दों से उत्पन्न रोगो के लिए योग एक आदर्श, तथा प्रमाणित समाधान प्रस्तुत करता है। योग एक जीवन शैली दर्शाता है जिससे हृदय अनुकूलतम अवस्था में जीवनपर्यन्त स्वस्थ रहे तथा तनाव और रोगों से भी मुक्ति मिल सके।

हृदय को भारमुक्त करने हेतु सर्वप्रथम भावनात्मक द्वन्द्वों, निर्भरताओं एवं जरूरतों को जानना, स्वीकार करना तथा अभिव्यक्त करना अत्यन्त आवश्यक है, केवल तभी उनके परे जाना सम्भव होगा। भावावेगों की अन्तप्रतिक्रिया को अप्राकृतिक तौर पर दबाया नहीं जा सकता, क्योकि इस दमन से ही तो मनोविकृति उत्पन्न होती है तथा शारीरिक रोग उपजते है। मगर सुव्यवस्थित ढंग से योग मार्ग पर चलने से भावों को पहचानना सम्भव है, तदुपरान्त उनको स्वस्थ सम्पूर्ण तथा प्राकृतिक ढंग से अभिव्यक्त किया जा सकता है। इस प्रकार मुक्त अभिव्यक्तिकरण से ही 'दिल हल्का' होगा। यही भाव स्वास्थ्य की रक्षा करता है तथा हृदय की सुरक्षा कर अकाल मृत्यु से बचाता है।

हृद्–परिसंचारी रोगों के लिए यौगिक कार्यक्रम (उपचार) :– एक बोझ तले दबे तथा थके हुए हृदय की प्राथमिक आवश्यकता है ''आराम'' क्योकि आराम से खोई हुई जीवनीशक्ति का संचय होगा और पुनरूदभवन की प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ हो सकेगी। यथोचित आराम के साथ सादगीपूर्ण जीनचर्या, कुद घूमना–फिरना तथा आसन–प्राणायाम इत्यादि को समायोजित करना होगा, तभी पूरा–पूरा लाभ सम्भव होगा। आहार–विहार, विचार और व्यवहार–इन सभी का सन्तुलन स्वास्थ्य की कंजी है।

आसनाभ्यास अति महत्वपूर्ण है, मगर उन्हें अपनें सामर्थ्य से अधिक नहीं करना चाहिए। हृदय पर जरा भी जोर न पड़े तथा जैसे ही यह महसूस हो कि जोर पड़ रहा है या हल्का सा भी दर्द हो तो फौरन आसन बन्द कर शिथिलीकरण का अभ्यास करना चाहिए।

1. **टासन** :– पवनमुक्तासन भाग एक से प्रारम्भ करें। प्रतिदिन प्रातः स्नान, गर्मियों में ठंडे पानी तथा सर्दियों में गर्म पानी से करना चाहिए। इसके बाद आसनों का अभ्यास करें। यदि कही भी कठिनाई महसूस हो या जब भी थकावट महसूस हो, शवासन का अभ्यास करें। अभ्यास जल्दी से खत्म करने का प्रयास कभी न करें योगाभ्यास से आराम, शान्ति तथा शिथिलीकरण प्राप्त होना चाहिए। इस एक घंटे में मिली शान्ति की कालावधि धीरे–धीरे बढ़ती जाएगी और सम्पूर्ण जीवन को रूपान्तरित कर देगी।

निम्नलिखित मुख्य आसन अनुसंशित हैः– वज्रासन शशांकासन, सर्पासन, योग मुद्रा, आसन, भू–नमनासन, गोमुखासन सेतु आसन, चक्रासन, कही चक्रासन, विश्रामन करते हुये सूर्य नमस्कार।

2. **प्राणायाम** :– हृदय रोगी की हालत में सुधार के दरम्यान तथा उसके बाद भी स्वास्थ्यवर्धन एवं पुनरूज्जीवन की प्रक्रिया के दुत बनाने में प्राणायाम का अभ्यास अत्यन्त महत्वपूर्ण है। प्राणायाम फेफड़ों तथा हृदय के लिये कभी कष्टकर नही होना चाहिये यदि ऐसा होता है तो नकारात्मक प्रभाव होने की संभावना है। प्राणायाम से विक्षिप्त मन शान्त होता है। इससे उत्तेजित स्नायुओं का शिथिलिकरण तथा अनियमित हृदय गति का नियमन होता है।

हृदय के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्राणायाम है नाड़ी–शोधन तथा उज्जायी। प्राणायाम करते समय श्वास सामान्य से थोड़ी ही अधिक गहरी होनी चाहिए। अभ्यास में कुम्भक वर्जित है (विशेषतः शुरू में) श्वास जितनी शान्त या ध्वनि रहित तथा प्राकृतिक बनी रहे उतना अच्छा है। श्वास–प्रश्वास का पूरी सजगता से अवलोकन करने का प्रयास करें। श्वास का अवलोकन मन का अवलोकन हे। इस साधारण प्रक्रिया से फौरन ही तनाव एवं चिन्ता से मुक्ति की अनुभूति होने लगती है। ऑक्सीजन की प्रक्रिया अधिक सुचारू होने से हृदय को बहुत लाभ पहुँचता है तथा ऊतक तेजी से पुनरूज्जीवित होने लगते है। नाड़ी शोधन प्राणायाम के दस चक्र तथा दस मिनट तक उज्जायी प्राणायाम अनुशंसित है।

3. **योगनिद्रा** :– आसन कार्यक्रम के दौरान बीच–बीच में शिथिलीकरण करते रहना चाहिए। शावासन,मत्स्य क्रीडासन या अद्वासन में से किसी भी आसन का प्रयोग कर सकते है। योगनिद्रा का पूर्ण अभ्यास दिन में एक बार कभी भी अवश्यक करें।
4. **ध्यान** :– हृदय रोगियों को ध्यान एक नियमबद्ध अभ्यास के रूप में नही वरन् एक आनन्ददायी कार्यकलाप के रूप में सीखना चाहिए। खासकर बीमारी के बाद वाले समय में,

जब बिस्तर से उठ पाना सम्भव नहीं हो अथवा बाद में भी स्वास्थ लाभ के दौरान। ध्यान के द्वारा हृदय, मस्तिष्क और भावनाओं में कहर बरपाने वाले तनावों को जानना लाभदायक अनुभव होगा।

ध्यान की अनेक तकनीकें हैं, जो भावनात्मक तनावों के प्रति सजगता बढ़ाने हेतु अत्यन्त उपयोगी अभ्यास है। सबसे उपयुक्त अजपाजप (सोडहं मंत्र के साथ) तथा अन्तमौन है। ये अभ्यास असुरक्षा तथा चिन्ताओं के प्रति निश्चिन्तता का भाव पैदा करते है। जो मानसिक उद्वेलनों तथा तनावों के मूल कारण है।

5. **षट्क्रियाएँ** :– हृदय रोगियों के लिये जल नेति एक आदर्श अभ्यास है। इसका अभ्यास विस्तर पर बैठे–बैठे ही सीखा तथा किया जा सकता है। मगर उसके पश्चात् भस्त्रिका नहीं करें, नही नासिका को सुखाने के लिए श्वास पर जोर डालें। नेति प्रतिदिन प्रातः करें। कंजल तथा शंख प्रक्षालन तथा योग्य चिकित्सक की सलाह के बाद ही करें अन्यथा न करें।
6. **कर्मयोग** :– हृदय रोगियों को पूर्ण सजगता, सावधानी तथा निःस्वार्थ भावना से कार्य करना चाहिए। जहॉ पर कार्य के बदले में पुरस्कार या लाभ की आशा न हो, ऐसी मानसिकता द्वारा जीवन यापन करने से हृदय रोग सफलतापूर्वक ठीक किया जा सकता है।
7. **जीवनशैली में परिवर्तन** :– हृदय पर तनाव तथा हृदय रोग की परिस्थिति उन्ही लोगों में अधिकतर उत्पन्न होती है, जिनकी मनःस्थिति राजसिक, क्रियाशील एवं प्रतिस्पर्धात्मक है। मुख्यतः व्यावसायी लोग, जो अपने व्यवसाय में एक ही धुन से जुटे रहते है, हृदयघात के प्रति सर्वाधिक प्रवण होते है, क्योकि वे अगों को पुनरूज्जीवित करने वाले 'विश्राम' के लिए समय नही निकाल पाते।

अपने कार्य में इस प्रकार उलझें रहते है कि दैनिक जीवनचर्या में भाग–दौड़ के सिवाय उन्हे फुरसत ही नही रहती। अधिकतर लोग 'विश्राम' की वास्तविकता नही जानते, और इसके बदले उन्होने एक 'रिलैक्स' होने की भ्रामक धारणा पाल रखी है, जो वास्तव में उत्तेजित करने वाली आदते है, जैसे धूम्रपान, मदिरापान, तेज संगीत, पार्टियाँ तथा सामाजिक गतिविधयाँ। ये विश्रांति की बजाय उत्तेजना तथा थकावट उत्पन्न करती है। न केवल मन में वरन शरीर, विशेषतः हृद्परिसंचारी तंत्र में परिश्रांति की अवस्था उत्पन्न हो जाती है। देर रात तक जागना और अधिक मात्रा में गरिष्ठ भोजन बची–खुची कमी पूरी कर देता है।

8. **स्वाध्याय** :– विभिन्न धर्मग्रंथों, उपदेशों, तथा महान व्यक्तियों के जीवन तथा कार्य का अध्ययन करना, जिन्होने अपना सम्पूर्ण जीवन परम सत्य की खोज व सेवा में लगा दिया है। स्वाध्याय हृदय रोगी के लिए एक नयी तनावमुक्त जीवनशैली का रहस्योद्घाटन तथा पथ प्रदर्शन करने वाला होगा।
9. **भक्तियोग** :– भावनात्मक ऊर्जा को व्यक्तिगत विषय वस्तुओं तथा वासनाओं के बन्धनों से परे उच्च चेतना या ईश्वर की ओर अभिमुख करने का विज्ञान भक्ति योग कहलाता है। कीर्तन या भजन हृदयरोगियों के लिये अत्यन्त लाभकारी है, तथा व्यक्तिगत आसक्तियों के जाल में उलझी भावनाओं से भार मुक्ति का एक प्रभावी साधन है।
10. **भोजन** :– भोजन नियमपूर्वक हल्का होना चाहिए। मांस तथा अधिक प्रोटीन युक्त आहार जैसे–दूध तथा दूध से बनी चीजों, तेल अथवा मसालेदार भोज्य पदार्थो का सेवन वर्जित है। उनकी जगह अन्न दालें, फल तथा ताजी हरी सब्जियाँ लें। इससे मोटापा कम होगा जिससे लगातार हृदय पर पड़ने वाला भार कम होता है। भोजन का समय निश्चित नियमित हो आवश्यकता से अधिक मात्रा में भोजन न लें, वस्तुतः दिल का दौरा भारी भोजन के कुद समय बाद ही पड़ता हैं

संध्या का भोजन सात बजे से पहले ही कर लें, क्योंकि यह नियम इस बात से आश्वस्त कर देता है कि पाचन संस्थान पर ज्यादा भार नही पड रहा है और ऊर्जा, पाचन की बजाय रोग को स्वस्थ करने में लग रही है।

दूसरी आवश्यक बात यह है कि हृदय रोगियों को कब्ज नही होना चाहिए, क्योकि इससे आंतो में प्राणिक ऊर्जा का प्रवाह अवरूद्ध हो जाता है। शौच के समय ज्यादा जोर लगाने से भी हृदय पर जोर पड़ता है। इसी कारण तथा उपयुक्त वर्णित अन्य कारणों से हृदयघात के पश्चात व्यक्ति के लियु सुपाच्य पतला भोजन अनुशंसित किया जाता है। हृदय की कार्य क्षमता के ठीक होते समय धीरे–धीरे भोजन सामान्य स्थिति में लाया जा सकता है।

11. **व्यसन** :– मघपान, धूम्रपान, तम्बाकू, सेवन इत्यादि हृदय रोगियों के लिये जहर है। इनका सेवन तुरन्त त्याग दें।

संदर्भ ग्रथ सूची :–

1. क्या खाये और क्यो –डॉ गणेश नारायण चौहान
2. भोजन के द्वारा चिकित्सा–डॉ गणेश नारायण चौहान
3. प्राकृतिक आयुर्विज्ञान – डॉ राकेश जिन्दल
4. क्लीनिकल डायग्नोसिस– डॉ जहान सिंह चौहान
5. आहार एवं पोषण – डॉ. स्वामीनाथन
6. उपवास चिकित्सा–
7. स्त्री एवं बाल रोग चिकित्सा–राजकुमारी गुप्ता
8. रसेदार सब्जियां– मिथिलेश गुप्ता

हृदय रोगों की तात्कालिक प्राकृतिक चिकित्सा :– हृदय रोगों के दौरे में उस समय स्थिति बड़ी विकट एवं नाजुक हो जाती है। तथा रोगी के समक्ष जीवन मृत्यु का प्रश्न आ खड़ा होता है। ऐसी दशा में रोगी को पूर्ण मानसिक और शारीरिक आराम देने के लिए किसी निर्जन, साफ–स्वच्छ, आरामदेह विस्तर पर सिर को ऊँचा रखते हुए लिटा देना चाहिए तथा रोगी के पहने हुए कपड़ो के बटन आदि खोलकर ढीला–ढाला कर देना चाहिए। रोगी के सामने ऐसी कोई भी चेष्टा नहीं करनी चाहिए कि जिससे रोगी की उत्तेजना बढने की आशंका हो। संकट की घड़ी जब तक पूर्णरूपेण टल न जाए रोगी को उपवास करना चाहिए। यदि रोगी बहुत दुर्बल हो तो ऐसी दशा में आवश्यकतानुसार अगूर, अनार, संनतरे अथवा कागजी नीबू का रस दिया जा सकता है। उपवास के दिनों में रोगी को प्रतिदिन गुनगुने पानी का एनिमा देकर पेट साफ कर देना चाहिए। उपवास की समाप्ति पर रोगी को कुछ दिनों तक फलों के रस तथा उसके बाद फल और दूध पर रखना चाहिए। (दूध गाय का) प्रतिदिन 2 बार 15 मिनिट से धीरे–धीरे बडा कर 1 घंटे तक हृदय पर बदल–बदल कर कपड़े की ठन्डी पट्टी रखनी चाहिए। और अन्त में स्थान को फलालेन या रूई अथवा अन्य किसी सूखे हुए साफ स्वच्छ कपड़े से रगड़ कर सुख देना चाहिए। रोगी को श्वास कष्ट हो अथवा कफ का जोर हो तो आंतो को गरम करने के लिए उन पर गरम पट्टी अथवा अन्य कोई गरम कपडा लपेट देना चाहिए। साथ ही हृदय पर ठण्डे पानी से भीगी कपड़े की एक पट्टी अलग से रखकर समूची छाती पर एक घण्टा के लिए भीगी ही पट्टी लगानी चाहिए। इस प्रयोग को 20–20 मिनट के अन्तराल से करना चाहिए एवं प्रत्येक बार जब छाती की पट्टी हटाई जाए तो उस स्थान को सूखे कपडे से रगड़कर सुखा देना चाहिए।

यदि हृदय बैठ रहा हो और धडकन बन्द होने वाली हो तो रीढ़ की हड्डी पर गरम–ठण्डी सेंक करनी चाहिए। और बीच–बीच में स्पंज बाथ अथवा गरम पानी में भिगाई हुई निचोडी पट्टी से हृदय को तब तक सेकना चाहिए जब तक कि हृदय की धडकन अपनी स्वाभाविक अवस्था में नआ जाए। तथा हृदय की हल्क मालिश करनी चाहिए।

हृदयशूल में :– हृदय को पाँच मिनट तक गरम जल में भीगे और निचोड़े कपड़े से सेंककर 15 मिनट उस पर ठण्ड़ी पट्टी का प्रयोग करना चाहिए तथा इस क्रिया को 4–5 बार दोहराना चाहिए अथवा 4 मिनट तक हॉट फुट बॉथ यानि पैरों को गरम स्नान देने के बाद आधा घण्टे तक हाथों एवं पैरों में गरम कपड़ा लपेटकर उन्हे गरम रखना चाहिए ।

हृदय की धड़कन बढ़ने में :– हृदय पर ठण्ड़ी पट्टी आधा आधा घण्टा में 20–20 मिनट के लिए देते रहना चाहिए । पट्टी सम्पूर्ण हृदय और दाहिनी पंजरी तक बढ़ाकर लगानी चाहिए प्रबल स्थिति में मेरूदण्ड़ भी और प्रत्येक बार पट्टी उतरने पर स्थान को सूखे कपड़े से रगड़ रगड़ कर सुखा देना चाहिए।

हृदय के रोगों के साथ यदि पेट की भी तकलीफ हो तो एनिमा के साथ पेट पर मिट्टी की पट्टी का प्रयोग करना चाहिए तथा अजीर्ण रोग की चिकित्सा चलानी चाहिए।

हृदय रोग के साथ यदि ज्वर भी हो तो पेडू पर मिट्टी की पट्टी का ही प्रयोग करना चाहिए अथवा कटिस्नान लेना चाहिए।

यदि हृदय रोग के रोगी को नींद न आती हो तो सोने के पहले 15 मिनट तक सिर पर ठण्ड़े जल से भीगा और निचोड़ा हुआ कपड़ा रखकर पैरों को गरम पानी में रखने से लाभ होता है।

हृदय रोगों की स्थायी प्राकृतिक चिकित्सा :– हृदय के रोगियों को दौरा न होने के समय में रोग को निर्मूल करने के लिए कुछ दिनों तक उपवास करके दिन में 2 बार एनिमा लेकर पेट साफ करना चाहिए। तदुपरान्त 15 दिनों तक फलहार अथवा फल दूध (गाय का) पर रखकर दिन में 2 बार घर्षण स्नान कराने के बाद साधारण स्नान कराना चाहिए अथवा शरीर मर्दन के उपरांत सबेरे के समय कटिस्नान और उष्ण पादस्नान के बाद सायंकाल के समय मेहन स्नान कराना चाहिए। पेट को साफ करने के लिए कमर की भीगी पट्टी भी लगानी चाहिए। बीच–बीच में शरीर शुद्ध करने के लिए एक घण्टे तक पूरे शरीर की भीगी चादर को लपेट लगानी चाहिए। साथ ही जिन कारणों से और कुपथ्यों से हृदय रोग होते है, उनसे बचना चाहिए। तथा उचित चिकित्सा के निर्देशों का पालन करते हुए तथा चिकित्सक के मार्गदर्शन में ही कोई भी चिकित्सा कराना चाहिए।

हमेशा खान–पान व्यायाम आदि का ध्यान रखना चाहिए, नियमित दिनचर्या रखनी चाहिए। प्रातः सांयकाल पैदल चलना चाहिए। अत्यधिक तनाव नही लेना चाहिए। संयमित दिनचर्या रखनी चाहिए। चिकित्सक के निर्देशों का पालन करना अत्यन्त आवश्यक है।

संदभ ग्रंथ सूची :–

क्र.	पुस्तक का नाम	लेखक	पब्लिकेशन	सन्
1.	मानसिक रोग कारण व उपचार	डॉ0 शास्त्री	कैवल्य धाम पुणे	
2.	सच्चा सुख और निरोगीकाया	सुदर्शन भाटिया	कैवल्य धाम पुणे	
3.	हद्य रोग कारण व उपचार	डॉ0 देव शक्ति	कैवल्य धाम पुणे	
4.	आरोग्य जीवन	आचार्य चन्द्रशेखर	कैवल्य धाम पुणे	
5.	मानसिक रोग कारण व उपचार	डॉ0 शास्त्री	कैवल्य धाम पुणे	
6.	समस्या पेटी की समाधान योग का	स्वामी सत्यानंद सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	
7.	रोग और योग	स्वामी सत्यानंद सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	1998
8	दमा मधुमेह व योग	स्वामी सत्यानंद सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	
9.	ध्यान योग	दयांनद वर्मा	स्वामी अरविंद साहित्य	
10..	आसन प्राणायाम	स्वामी आत्म बिन्दु	स्वामी अरविंद साहित्य	
11.	निरोगी जीवन	महामाया	स्वामी अरविंद साहित्य	
12.	आहार ही औषधी है	सुरभि शर्मा	स्वामी अरविंद साहित्य	
13.	आसन प्राणायाम मुद्रा बंध	स्वामी सत्यानंद सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	2005
14.	आसन कब क्यों और कैसे	ओ.पी. तिवारी	कैवल्य धाम पुणे	2005
15.	घेरण्ड संहता	स्वामी निरंजनानंद	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	2004
16.	सूर्य नमस्कार	स्वामी सत्यानंद सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	
17.	स्वस्थवृत विज्ञान	रामहर्ष सिंह	चौखंबा संस्कृत प्रतिष्ठान	1985
18.	योग दर्शन	स्वामी निरंजनानंदा सरस्वती	बि.स्कूल आफ योगा	2004

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 5, No. - 6 April 2018
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED Multidisciplinary Journal Sl.No-108, Journal No-62711)
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-3.9 Research Journal

Freedom of trade and commerce in India

Ayushi jain
(L.L.M.), Scholar, Department of law & Government, Jayoti Vidyapeeth Women's University, Jaipur

ABSTRACT :- In this Article title "Freedom of trade and commerce with in the territory of India." I have analyzed the relation the between trade and commerce. The reason for choosing this title, Because I want to explore more and more knowledge regarding trade and commerce.

In this Article I have defined trade and commerce, comparison between trade and commerce. Further my work extent to the object of trade and commerce. Inter relation between Article 301 and 19(1)(g) of the constitution has been discussed. Matter of taxation regarding trade and commerce and regarding compensatory tax of trade and commerce has been also mention in trade and commerce and various case has also mention in my Article. At list the Article for improvement regarding the title. The framer of the constitution though it fit to provide further ad hoc protective covering to the integrity of the country with respect to traffic of people and goods. Part Xlll of the constitution does not know apart between citizen and non citizen. The right given under it are in the form of a prohibition on legislative and executive competence.

Freedom of Trade and commerce with in the territory of India

Trade and commerce:-

Trade:- Trade is an essential part of commerce. All those actions are enclosed in the trade which are helpful for the exchange of goods between the producer and consumer. The exchange of goods directly and indirectly. Those component remove the obstacle in the exchange of goods are included in the scope of trade. Trade involve the transfer of goods or services from one person or entity to another, frequently in exchange for money . A system of web that allows trade is called market. The original form of trade "barter" the direct exchange of goods and services for other goods and services.

Trade can be divided into followings two types:-

a) Internal or Home or Domestic
b) External or foreign or International

Commerce :- Exchange of goods or services for money or in kind, usually on a scale large enough to require transfer from one place to another place or across city, state,or national boundaries is called commerce.

"Commerce is that part of business which is concerned with the exchange of goods and services and considers all those activities which directly or indirectly facilitate that exchange."

Trade and commerce practice in ancient India :- A place of exchange of for trade and commerce in ancient India. Commerce affect the buying and selling, or produced. Greater demand of products necessitated the concentration of ancient India. It also encourage artisans working on a particular trade to live in the same part of the town,which facilitated the obtaining of raw materials or selling the finished products to merchant .The ancient India merchant went for village to collect for cotton, thread from the spinners or cotton cloth from the weaver and to sell them in village where they were in condition ancient merchants attained a profit through with supplying the goods acquired. Metallurgy is as old as per-historic times. Production of metals was known as even in pre-vedic period and during the harappa period various metails like copper, leads, silver were in use.

Kautilya asked the king to develop measures to stop impediment of the trade

itineraries by his favorite men (Vallabhas). Proper rule of conduct of trade were laid by the head of trade guilds known as sarthavath. Kalidas portraits a good view of the down market and trade transaction. The Divyavadana refers to the science of testing gems.

Www. Important .com
Www.ycmglobal.co
Business Dictionary
Https://www.quora.com
Https://www.important.com

Comparison between trade and commerce :- Business action are classified into two broad classes. Industry and commerce is obsessed with facilitating the exchange of goods and services in system many things that trade and commerce word are same term. But the fact is both the term are various from each other . Trade merely means buying and selling of goods and services in return for money and money worth.

(1)Trade concern the transfer of goods form one person to another and commerce connected with exchange of goods and service.
(2)The scope of trade is slender and in commerce the scope is deep.
(3)In trade nexus between buyer and seller and in commerce nexus between producer and consumer.
(4)Trade coordinate the both demand and supply and commerce typify only the demand.
(5)Trade require more capital but in commerce require less capital.

Difference between trade and commerce :- Following are the major differences between trade and commerce:

1. Trade is selling and buying of goods and services between two or more parties in consideration of cash. Commerce includes the exchange of goods and services along with activities viz. banking, insurance, advertising, transportation, warehousing, etc. to complement the exchange.

2. Trade is a narrow term that merely includes the selling and buying whereas commerce is a wider term that includes exchange.

3. Trade is mostly done to satisfy the need of both the seller and the buyer which is more of a social perspective. Whereas the commerce is more economical in nature because of the involvement of several parties whose primary aim is to generate the revenue.

4. Trade is mostly a single time transaction between the parties that may or may not reoccur. Whereas in commerce the transactions are regular and occur again and again.

5. The trade regards two parties the seller and the buyer who facilitates the exchange without employing anyone in between. Whereas in commerce exchange is done with the support of several departments thereby giving them employment opportunities.

6. Trade provides a link between the seller and the buyer, the direct parties involved in the exchange. Whereas the commerce provides a link between manufacturer and the ultimate customer, who are not direct parties, with the help of several aides of distribution.

7. Trade corresponds both the lateral of demand and supply where both the parties know what is demanded and what is to be supplied. Whereas in commerce only the demand side.

Www.quora.com

Freedom Trade and commerce with in the territory of India :- Some other federations chapter. 14 of the Indian constitution contain the provision relating the freedom, trade, commerce and intercourse .

Article 301 of the Indian constitution state :- ”Subject to the other provision of the part ,trade,

commerce and intercourse throughout the territory of India shall be free.

The word 'Free' used in the Article has been held to mean not absolute freedom but freedom from all restriction except those provide for in the other Article of part 14 similarly, the world 'Intercourse' has been used to give the world "freedom" in Article 301.The freedom provide for by article 301 does not entered across the board to all types of trades and professions. The court held that business and other activities such as gambling, trafficking in woman other forms of prostitution, employing hired assassins or things to carry over illegal act.

"1An order restricting the sale of liquor for two 'dry days' after every 'wet work' was valid and those involved in the liquor trade could not avail of the protection afforded under Article 301.

Article 302 states :" Parliament may by law impose such restriction on the freedom of trade, commerce and intercourse between one state and another or with in any part of the territory of India as may be required in public interest"

"2 Where restricting impose a direct burden on freedom of trade and commerce under Article 301it would will be constitutionally valid if it were deemed to be in public interest. Article 301 in favor of public interest. Article 302 relaxes the restrictions imposed by Article 301 in favor of parliament."

Article 303 states:- provide for restriction on the legislative power of Union and the commerce . This article exception to Article 302 and essentially lay down that parliament shall not pass any law giving any preferences to any state over another. Or discriminate between the state of any entry relating to trade and commerce in any of the three list.

"3The limitation introduce in Article 303(3) cannot circumstance or otherwise affect the construction and scope of Article 301".

Article 304 states :- provide restriction on trade, commerce and intercourse among state . It is an exception to article 301and 303 and first clause allows taxes to be imposed on any goods that are imported into a state from states or Union territories.

Article 307 states:- "Parliament by law appoint such authority as it considers appropriate for carrying out the purpose of Article 301,302,303,304 and confer on the authority so appointed such power and duties ."It has been suggested by many that a body consisting of economists, businessman and the lawyers would be able to do much better job in this area that court having merely legal expertise. State of tamilnadu v. Sitalakshmi mils, 1974 AIR 1505 PN. Kausal v. UOI, 1978 AIR 1457

Object of trade and commerce :-

(1) To study develop of various fundamental principal of economy implication of business investments so that they may understand as to how to do business and how to make investment in business and trade.
(2) To study recognize the services rendered national and international trade and commerce.
(3) To study Doubts various business practice and procedure.
(4) To study the trade can help boost development and reduce poverty by generating growth through increased commercial opportunities and investment.
(5) To study the Trade enhance aggressiveness by helping countries reduce the coat of inputs, acquires finance through investment increase the value added of their products and more up the global value.
(6) Trade expands choice and lowers price for consumer by broadening supply sources of goods and services and strengthening competition.

Inter-Relation between Article 301and Article 19(1)(g) :- The statement trade means buying or

selling of the goods while the word commerce includes all forms of transportation by land,air water . The term intercourse means the motion of goods from one place to another.

Article19(1)(g), a fundamental right talk about on the citizens the right to carry any occupation trade and business . Deal with the right of individual, whereas Article 301 provides safeguards for carrying trade as a whole distinguished from individual right to do the same. Supreme court has announced the theory that article 301 guarantees freedom "In abstract and not on the individual" Incodocs.com,Indiankanoon.org

Tax on trade and commerce :- Tax is a compulsory endeavor and is the self-governing conception of the state based on the principle of **No quid pro qua.** Taxation is accumulation of revenue and public expenditure is the application of the revenue so collected.

Tex is essential for the functioning of every economy of the would, without it all the duties and the obligation of the state will be undone and power unused. Article 302 authorized parliament to impose restrictions in the public interest. Article 303 prohibit state preferences on discrimination regional basis ,but make an exception for parliament in order to meet a situation of scarcity in any part of country.

Article 304 prohibits the state from making any discrimination against goods 'imputed ' from other states in taxing them.

Article 305 removes the laws as they existed on January 26,1950 and later at the commencement of the 4 amendment, 1955 from the operation of Article 301and 303.

A tax levied by the state of Assam on the carriage of tea by road or inland waterways was held bad for as a restriction on the freedom of trade, commerce and intercourse and was not held as a regulatory taxation or measure.

Freedom of trade and commerce and intercourse is a wider concept than that of an individual freedom of trade guaranteed by Article19 (1)(g). Article19(1)(g) can be taken advantage by the citizen whereas the freedom of trade and commerce and intercourse can be invoked by a corporation and even by state an complaint of discrimination as under 303.

Compensatory tax and it's connection to freedom of trade and commerce :- Globalization industries necessitate large market as a country we can not develop .If we try and break up every state and give liberty to them to impose entry taxes . Further central government needs to guarantee. Implementing Goods and Services Tax (GST) that state cannot levy and entry tax on goods received with in state for ingestion, utilization or sale therein.

State declare these types of tax as compensatory and regulatory by saying that the imposition of tax is for facilitating the trade and commerce by providing facilities like maintenance of roads, traffic, lights etc.

Andhra sugars ltd v. state of A.P. AIR 1968 SC ,599 state of M.P. v. Bhallal bhai AIR 1964 SC 1006 https://www.quora.com

Conclusion :- Hence it can be concluded that trade is the division of commerce that deals in only the exchange of goods and services whereas commerce are the all-inclusive term that excludes all the major activities that assist the exchange and creates the revenue for all. Thus, we can say commerce is the subdivision of business that keeps everything together and makes the successful windup of the distribution of goods and services.

1)Taxes have been held to be generally outside the advertisement of Article 301 unless the tax is shown to be a mere pretext designed to injure-state trade, commerce, etc.
2)Every state has power to enforce taxes to compensate it for the service,benefits and facilities provided by it.

3)The word 'restriction' in article 304(b) has been held not to exclude regulation .Therefore, taxes or other measure which are regulatory will not come within article 304(b).

4 “Tax was imposed on sale of tobacco leaves, manufactured tobacco and tobacco used for bid i manufacturing and it was payable at the point of sales.”

5 “The validity of section 21 of the A.P. Sugarcane required for use, consumption or sale in a factory and hence petitioner challenged the tax as that it was violated Article 301”.

https://www.legalbites.in/freedom-trade-commerce-intercourse/

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 5, No. - 6 April 2018
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED Multidisciplinary Journal Sl.No-108, Journal No-62711)
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-3.9 Research Journal

स्वतंत्रयोत्तर भारत में महिला सशक्तिकरण : मंडला जिले के आदिवासी महिलाओं के संदर्भ में

डॉ. मनीष कुमार दुबे

सृष्टि की मेरूदंड में नारी का विश्व में किसी राष्ट्र की संस्कृति की मुख्य मापदंड माना गया है। नारी चाहे ग्रामीण हो, शहरी हो या आदिवासी, विभिन्न संस्कृतियों में निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली नारी की स्थिति में सदैव परिवर्तन होते रहते है,उनकी यही अस्थिरता प्रत्येक युग के समाज व्यवस्थाकारों ने किए प्रश्न चिन्ह के रूप में चिंतन का प्रधान विषय रही है। सशक्तिकरण अपने आप में एक व्यापक अवधारणा है। सशक्तिकरण का अर्थ पुरूष की बराबरी करना नहीं है,समाज में ग्रामीण, शहरी या आदिवासी नारी सशक्त हो रही है। सशक्तिकरण को तीन भागों में बाँट सकते हैः–

1. अधिकार के प्रति सजगता 2. आर्थिक क्षेत्र में सशक्तिकरण 3. सामाजिक क्षेत्र में सशक्तिकरण।

नारी जाति को सशक्त करने के लिए आवश्यक है कि आदिवासी महिलाओं की जीवनशैली में परिवर्तन हो स्वालंबन की प्रकृति आदिवासी महिलाओं में प्रारंभ से ही पाई जाती है। वह घर–घर के साथ जीविकोपार्जन हेतु बाहर भी कार्यरत रहती है। खासी थारु झील जैसी जनजातियों में महिला का महत्व पुरुषों से ज्यादा समझा जाता है परंतु शिक्षा के अभाव एवं जागरूकता की कमी के कारण आदिवासी स्त्रियां अपने उचित मुकाम को नहीं पा सकी ळें महिला सशक्तिकरण को किस दिशा में सरकारी एवं गैर सरकारी प्रयासों के बाद आज महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ हैं। स्वयं के रोजगार पशुपालन मधुमक्खी मुर्गी पालन व्यवसाय अपना रही है राजनीति के क्षेत्र में भी आदिवासी महिलाएं अपने पैर जमा रही है प्रारंभिक अवस्था में अवश्य अवश्य कठिनाइयों का सामना कर रही है परंतु वह दिन दूर नहीं जब भारत वर्ष में सशक्त महिलाओं का वर्चस्व होगा।

यद्यपि मध्यप्रदेश में आदिवासियों की संख्या एक करोड़ से अधिक है जो राज्य की एक तिहाई जनसंख्या का निर्माण करते हैं । इनका कोई निश्चित क्षेत्र नहीं है वह सामान्य जनसंख्या का निर्माण करते हैं इनका कोई निश्चित क्षेत्र नहीं है यह सामान्य जनसंख्या के साथ ही निवास करती है। इनकी मुख्य जनजातियां गौंड़, बैगा, भील, संथाल आदि शहडोल मेवाड़ झाबुआ धार छिंदवाड़ा बैतूल मंडला के पहाड़ी बस जंगली प्रदेश में निवास करती हुई भिन्न–भिन्न बोलियां बोलती हैं । प्रदेश की उन्नति हेतु इनका सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है।जिसका मूलमंत्र है शिक्षा यदि नारी सजग व शिक्षित है तो संपूर्ण समाज विकसित होगा। जैसा चीन में कहा जाता है –

"If you want to plan for a year plan wheat. If you wish to plan for ten years grow trees but if you want to plan for 100 years educate your women."

स्वर्गीय इंदिरा गांधी को सभी के जीवन का महत्वपूर्ण आधार बतलाते हुए कहा था कि शिक्षा मानव को बंधनों से मुक्त करती है और आज के युग में तो यह लोकतंत्र की भावना का भी आधार भी है। जन्म और अन्य कारणों से उत्पन्न जाति या वर्गगत विषमताओं से दूर करते हुए मनुष्य को इन सबसे ऊपर उठाती है।

आजादी के लगभग 70 वर्ष बाद भी आदिवासियों की स्थिति अत्यंत दयनीय है आज भी 32 प्रतिशत से अधिक व्यक्ति गरीबी रेखा से नीचे जीवन जीने हेतु बाध्य है जिन का मूल कारण शिक्षा का अभाव है। यदि समय रहते इस दिशा में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया तो आदिवासी महिला विकास के सारे प्रयास अधूरे रह जाएंगे। 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से जिला पंचायत तक महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर निश्चय ही उनके महत्व को स्वीकार किया है लेकिन शिक्षा के अभाव में महिला जनप्रतिनिधि केवल रबर स्टैंप बनकर रह जाएंगी । इसी तरह संसद एवं विधानसभा सीटों का आरक्षण भी शिक्षा के अभाव में ग्रामीण आदिवासी महिलाओं के लिए व्यर्थ साबित होगा जिनका लाभ केवल शहरी महिलाएं ले लेंगे।

विश्व के देश आज सशक्त एवं समृद्धशाली है वह पुरुष केवल स्त्री शिक्षा और संस्कार के बल पर ही आगे बढ़े और विकसित हैं। यदि हम भी अपने समाज को समृद्ध शक्तिशाली और आर्थिक रुप से सुदृढ़ देखना

चाहते हैं तो ग्रामीण आदिवासियों महिलाओं को शिक्षित व संस्कारित करना ही होगा अन्यथा हमारा महिलाओं के विकास का सपना सपना ही रह जाएगा। अतः महिलाओं को विकास की मूल धारा में सम्मिलित करने और उन्हें सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, प्रशासनिक तथा राजनीतिक दृष्टि से अभी तक किए गए प्रावधानों कानूनो व्यवस्थाओं योजनाओं एवं कार्यक्रमों में शामिल करना जरूरी है।

जनजाति अर्थव्यवस्था मूल रूप से प्रकृति से केंद्रित रही हैं। उत्पादन संबंधी समस्त कार्य नातेदारी व्यवस्था,गोत्र, भ्राता समूह अथवा परिवारों के मध्य संबंधों द्वारा शासित एवं निर्धारित होते हैं। आर्थिक विकास की चाहे कोई भी अवस्था हो जनजाति स्त्रियां वर्तमान समय तक एक लेबर मशीन की भांति अपना योगदान परिवार की अर्थव्यवस्था में देती आई हैं। भोजन संग्रह, शिकार,मछली पकड़ना, चारागाह, स्थान परिवर्तन कृषि, स्थाई कृषि, हाथकरघा, अन्य लघु उद्योग, व्यापार अथवा वाणिज्य कृषि औद्योगिक श्रमिक कार्य जनजातियों की प्रमुख आर्थिक जीवन से संबंधित हैं।

आदिवासी क्षेत्रों में औद्योगिक विकास के फलस्वरुप पर्याप्त संख्या में आदिवासी स्त्रियां भी उद्योग तथा संबंधित व्यवसाय को अपना रहे हैं परिणामस्वरुप श्रम बाजार में उनकी स्थिति में परिवर्तन आया है इस प्रकार अनेक जनजातियां समाजों में स्त्रियों ने पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने की प्राचीन परंपरा को वर्तमान समय तक बनाए रखा है। आर्थिक विकास की विभिन्न अवस्थाओं में उत्पादन व्यवसाय के विभिन्न क्षेत्रों में उनका योगदान एवं भागीदारी सराहनीय प्रतीत होती है। यहां तक कि औद्योगिकीकरण के क्षेत्र में भी उन्होंने इस रफ्तार को बनाए रखने का प्रयास किया है यद्यपि उद्योग के क्षेत्र में कार्यरत आदिवासी स्त्रियों में भूमिका का दबाब अधिक बढ़ गया है तथा साथ ही साथ नए कार्य और कार्य क्षेत्रों के साथ सामंजस्य की समस्या बढ़ गई है ।

कुल मिलाकर यह बात स्पष्ट है कि जनजाति समाजों की अर्थव्यवस्था में स्त्रियों की भूमिका सर्वत्र ही महत्वपूर्ण रही है। यद्यपि कहीं उन्हें अधिक मान्यता प्रदान की गई है तो कहीं कम। सशक्तिकरण एक प्रक्रिया है जिसमें सबसे पहले इसके अंदर महिलाओं को जागरुक कर उनको आर्थिक सामाजिक या राजनीतिक संसाधनों उपलब्ध कराया जाए। तत्पश्चात महिलाओं को एक प्लेटफार्म पर लेकर उनकी शक्ति और एकता को मजबूत बनाकर सामूहिक कार्य के लिए प्रेरित किया जाए।

महिलाओं को पुरुषों के समान दर्जा प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक सम्मेलन होते रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का महिलाओं के लिए दशक सन 1995 में समाप्त हुआ तब यह निष्कर्ष निकाला गया कि विकास कार्यों में महिलाओं के संपूर्ण एकीकरण के बिना जीवन को सामान्य गुणवत्ता में सुधार कर पाना संभव नहीं है। विश्व सम्मेलन में यह माना गया था कि स्त्री और लड़कियों की जनसंख्या विश्व की जनसंख्या के आधे के बराबर है।

शिक्षा मनुष्य को स्वाभिमानी और स्वावलंबी बनाती है। यही प्रगति और विकास का मार्ग है और जीवन का लक्ष्य है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा है– ''एक लड़की की शिक्षा एक व्यक्ति की शिक्षा है, परंतु एक लड़की की शिक्षा संपूर्ण परिवार की शिक्षा है।'' शिक्षा का अभाव ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक विकास में सबसे बड़ी बाधा रहा है । ज्यादतर महिलाएं अशिक्षित है ।

देवी–देवताओं को पारलौकिक दर्शाने हेतु उनके चार हाथ बनाये गये हैं एवं उनके सिर पर अलंकृत मुकुट सु" ोभित है। उनके वाहन जैसे ,घोड़ा, भोर, हाथी, भैसा, ऊँट आदि पर सवार दर्शाये गये हैं। यहाँ की दर्शनीय मृण शिल्पों में गोगाजी, तेजाजी, रामदेवजी को घोड़े पर सवार महापुरूषों के रूप में रूपायित किया गया है। दलित व आदीवासी लोग लोक देवी–देवताओं की पूजा करने हेतु इन मूर्तियों को यहाँ से खरीद कर ले जाते हैं। मघ्य प्रदेश के इन्दौर व आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुजन मोलेला तक पद यात्रा करके मूर्तियों को खरीदने के लिए आते हैं तथा वे लोग सिर्फ मोलेला की बनी मूर्तियाँ ही पूजते हैं। यहाँ की बनी कालका, अम्बा, रतनारायका इत्यादि देवी मूर्तियों को भील व मीणे तथा नाग देव व धर्मराज की मूर्तियों को गडरियें इत्यादि पूजते हैं।[9] इतना ही नहीं, लोक देवी–देवताओं में गहन आस्था रखने वाले व्यक्ति इनको अपनी–अपनी बस्तियों में प्रतिष्ठापित करने के लिये यहाँ से लेकर जाते हैं। इन लोक देव–प्रतिमाओं की पूर्ण सम्मान एवं आदर के साथ विशिष्ट समारोह के अन्तर्गत देवालयों, पूजागृहों व देवरों में प्रतिष्ठापना होती है।[10] लोक देवी–देवताओं के प्रति आस्था देश के दलित, आदिवासी लोगों में आज भी बरकरार है।

7. मूर्ति शिल्प :– लोक देवी–देवताओं के आध्यात्मिक रूपाकार अधिकतर धर्मपीठों, मन्दिरों में स्थापित किये गये हैं। जन समाज में इनका धर्म और आस्था के रूप में प्रचलन रहा है। रामदेवजी, तेजाजी, गोगाजी, देवनारायणजी, पाबूजी राठौड और विभिन्न देवीयों के छोटे–बड़े मंदिरों में मूर्तियाँ स्थापित है। यह कलात्मक प्रतिमाऐं लोगों के सामाजिक, धार्मिक एवं सास्कृतिक जीवन से जुड़ी विभिन्न परम्पराओं, आस्थाओं, अंधविश्वासों की सरल स्वभाविक विचारों को दर्शाती है।

प्राचीन काल से राजस्थान में वृक्ष पूजा का प्रचलन रहा। पीपल, खेजडा, तुलसी, ऑवला, आम, बरगद, आदि वृक्षों का पूजन करना आम जनता में धर्म व आस्था का प्रतीक रहा है। इसी प्रकार जलाशयों व नदियों को पूजने की परम्परा प्राचीन काल से जन साधारण में प्रचलन रहा है। राजस्थान में पहाड़ियों तथा नदियों के किनारे छोटे–बड़े मन्दिर बनवाये गये जिनमें स्थापत्य कला के साथ–साथ मूर्तियों को कलात्मकता के साथ तराशा गया हैं। देवी–देवताओं के बाहरी भागों में अक्सर यक्ष–यक्षिणियों की मूर्तियाँ उकेरी गई है। आदिम लोग वृक्ष, नदियों के साथ–साथ यक्ष–यक्षणियों की मूर्तियों को लोक देवी–देवताओं के रूप में पूजने लगे। यक्ष पूजा की भांति नाग पूजा भी बड़ी प्राचीन है, जो आर्येतर प्रभाव का परिणाम है। राजस्थान में गाँवों में नागों के फलकों का अर्चन पुराने जमाने से प्रचलित हैं। विशेष रूप से पशुओं की रक्षा की सम्भावना इनके पूजन से सम्बन्धित मानी गई है।[11] लोगों की सदियों पुरानी आस्था, परम्पराओं और विचारधाराओं में बदलाव आने लगा। आदिवासी और दलित लोगों ने ऐसे लोक देवी–देवतओं की आराधना प्रारम्भ की जिन्होंने महापुरूषों के रूप में नैतिक और लोकोपकारी जीवन यापन करते हुये त्याग तथा आत्म बलिदान से अपनी कर्म भूमि की सेवा को समर्पित हो गये। इतना ही नहीं, इन सांस्कारिक लोगों ने जनता का उत्थान एवं पशुओं की रक्षा हेतु प्राणोत्सर्ग किया। इनमें गोगाजी, तेजाजी, पाबूजी, रामदेवजी आदि मुख्य थे जिनके भौर्य आत्मोत्सर्ग तथा लोक हितकारी कार्यो से अभिभूत होकर राजस्थान की जनता ने इन्हें आराध्य जैसा पूज्य दान किया।[12] लोक देवी–देवताओं की मूर्तियाँ तराश कर मन्दिरों में स्थापित की जाने लगी। वैसे तो राजस्थान में लोक देवी–देवताओं की मूर्तियाँ कई स्थानों पर बनने लगी है। झालरापाटन व झालावाड़ में सिलावटों के कई घर हैं जो अपने घर पर ही विभिन्न कलात्मक छतरियों के अलग–अलग भागों का शिल्पांकन कर दूसरे स्थान पर उनको आसानी से रोपा जा सकता है अर्थात लगाया जा सकता है। ये सलावट पशु–पक्षियों के खिलौने, देवी–देवताओं में गणेशजी, माताजी, रामदेवजी, तेजाजी की मूर्तियाँ बनाकर मेलों में बेचते हैं।[13] मूर्तिकारों से लोग पूजा के लिये मूर्तियाँ बनवाते रहे हैं।

बीकानेर क्षेत्र में 14वीं सदी के राजपूत वीर गोगाजी चौहान थे इन्होंने एक योगी की भांति जीवन यापन किया। आक्रमणकारियों से गो रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिये जिससे वे लोक देवता के रूप में पूजे जाने लगे। भाद्रपद कृश्णा नवमी को पूजा करना तथा गोगा मेडी आदि स्थानों पर उनके नाम के मेले भरना लोक देवत्व का प्रमाण है। गोगाजी की सर्प

आकृति की मूर्तियों का स्थल अक्सर खेजड़ी के वृक्ष के नीचे हेता है। गोगाजी को सांपों के देवता के रुप में पूजते हैं। लोक विश्वास है कि गोगाजी की पूजा करने वाले व्यक्ति को सर्प काटने पर विश नहीं चढ़ता है गोगाजी का जाहिर पीर (साक्षात् देवता) कहकर पूजने से सर्प दंश का विश प्रभावहीन हो जाता है।[14] गोगाजी की भांति पूर्व मध्यकालीन राजस्थान के तेजाजी, पाबूजी, मल्लिनाथ, देवजी आदि भी लोकदेव हुए हैं जिन्होने अपने आत्मोत्सर्ग द्वारा तथा सादा और सदाचारी जीवन बिताने के कारण अमरत्व प्राप्त किया।[15] पाबूजी राठौर मारवाड के ऐसे वीर थे जिन्होंने गायों की रक्षार्थ वीर गति पाई। 14वीं सदी के इस वीर का मन्दिर करौली के पास बना हुआ है। मेहाजी मांगलिया तथा उनके पुत्र हरभू उसी प्रकार सिद्ध योगी और महापुरूष माने जाते है जिस प्रकार तंवर वंशीय अजमाल जी के पुत्र रामदेव। ये सभी मारवाड़ (जैसलमेर, पोकरण आदि) क्षेत्र के पन्द्रहवीं सदी के वीर थे और अपने अलौकिक कृत्यों से 'पीर' की तरह पूजे जाने लगे।[16] अनुसूचित जातियों के लोगों में इनकी बहुत अधिक मान्यताऐं हैं। पोकरण के पास रूणेचा गॉव में इनकी समाधि स्थल पर हर वर्श भादवा में मेला लगता है। इसी प्रकार मारवाड में नागौर के गोरक्षक तेजाजी वीर हुये। यह जाटव समाज के लोक देवता है जिनके नाम से सांप काटने पर डोरा बांधा जाता है।

राजस्थान में अनेक स्थानों पर देवनारायण जी के मन्दिर है। गुर्जर समाज के लोग इनकी पूजा अर्चना करते है। कछवाहों की कुल देवी जमवाय माता, महाकाली मानी जाती है। हांलाकि जनसाधारण लोग भी इनकी पूजा अर्चना करते है। करौली की कैलादेवी और दे" ानोक (बीकानेर के निकट) की करणी माता ऐसी ही लोक देवीयाँ थी जो अब दुर्गा के रूप में पूजित हैं। करणी माता चारणों की लोक देवी थी, किन्तु अब अन्य वर्ग भी इन्हें दुर्गा के अवतार के रूप में पूजते हैं।[17] इनकी मान्यता श्रद्धालुओं में इतनी है कि राजस्थान से ही नहीं बल्कि देश के अनेक स्थानों से भी इनके दर्शन करने आते है। लोगों का विश्वास है कि कैलादेवी के आ" ावाद से पुत्र प्राप्ति और सौभाग्य शाली जीवन की कामना पूर्ण होती है। सकराय माता का मन्दिर सीकर जिले में स्थित है। अकाल पीड़ित जनमानस को बचाने और उनकी रक्षा के लिए इन्होंने फल–सब्जियों, कंदमूल उत्पन्न किये थे, इसलिए यह देवी भााकाम्भरी भी कहलायी। यहाँ रूद्राणी और ब्रह्माणी के रुप में देवी जी की दो मूर्तियाँ विराजमान है।[18] इसी प्रकार अरावली पर्वतमाला की उपत्यका में जीण माता का मन्दिर स्थापित है जो भोखावाटी की लोक देवी के रुप में प्रसिद्व है। कहा जाता है कि यहाँ जीण माता ने तपस्या करके देवत्व सिद्वि प्राप्त की तथा साधना और ब्रह्मचार्य के बल पर दुर्गा का सम्मान प्राप्त किया। दसवीं भाती में निर्मित जीण माता का मन्दिर स्थापत्य कला तथा मन्दिर के मुख्य मंड़प के स्तम्भों और छत पर उत्कीर्ण वाममार्गी मूर्तियों की कलात्मकता का प्रतीक है। इस मन्दिर में आठ भुजाओं वाली देवी की आदमकद प्रतिमा है।[19] यह मन्दिर वर्शों से तान्त्रिकों की आराधना स्थली रहा है। यहाँ वर्श के दोनों नवरात्रों चैत्र और आ" वनी के भाुक्ल पक्ष में मेले भरते हैं। मेले में देश के विभन्न समुदाय के लोगों की द" ानीय आस्था और भावनात्मक एकता देखी जाती है।

निष्कर्ष एवं भावी शोध संभावनाएं– राजस्थान में लोग लोक देवी–देवताओं की आराधना लोक जनजीवन में रची बसी है। कला का परिवेश भी मानव के जन्म के साथ ही इस दुनिया में प्रतिबिम्बित होने लगा है। ज्यों–ज्यों समाज में पारम्परिक विचारधाराऐं बनती गई त्यों–त्यों जनमानस में उनकी विचारधाराओं और मान्यताओं के अनुकूल लोक देवी–देवताओं की आराधना की जाने लगी। मैनें राजस्थान की कला में लोक देवी–देवता एक जन चेतना विशयगत इस भाोध पत्र के माध्यम से एक संक्षिप्त प्रकाश डालने का प्रयास किया है। राजस्थान के लोक देवी–देवताओं के रूप में सामजिक समरसता के प्रतीक बाबा रामदेवी पीर, पाबूजी राठौड, देवनारायणजी, कल्लाजी राठौड, रूपनाथजी, मांगलिया मेहाजी, बिग्गाजी महाराज, तेजाजी, हरबूजी सांखला, करणी माता, दुर्गा माँ, आमलकी एकादशी, मंशा देवी, कछवाहों की कुल देवी जमवाय माता, महाकाली आदि किसी न किसी चमत्कार के कारण अलौकिक व शक्तिशाली माने जाते हैं। कला में इन लोक देवी–देवताओं का विषयगत अध्ययन तो संभव है ही वहीं माध्यमगत तकनीकि और क्षैत्रीय लोक कला एक भावी भाोध संभावनाओं को उजागर करती है।

संदर्भ ग्रन्थ :–

1. संपादक :– नीरज, डॉ. जयसिंह, शर्मा, डॉ भगवतीलाल : राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर, पृष्ठ, 93
2. सम्पादकः– सुमहेन्द्र : आकृति 80, राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर, पृश्ठ, 57
3. सम्पादकः– उपाध्याय, विद्यासागर : आकृति, रजत जयंति अंक, राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर, पृश्ठ, 24

4. वही, पृष्ठ, 23
5. वही, पृष्ठ, 24
6. सम्पादकः– सुमहेन्द्र : आकृति 80, राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर, पृश्ठ, 57
7. सम्पादकः– उपाध्याय, विद्यासागर : आकृति, लोक कला विशेशांक, राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर, पृष्ठ, 20
8. सम्पादकः– उपाध्याय, विद्यासागर : आकृति, लोक कला विशेशांक, राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर, पृष्ठ, 23
9. सम्पादकः– सुमहेन्द्र : आकृति 80, राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर, पृष्ठ, 14
10. सम्पादकः– उपाध्याय, विद्यासागर : आकृति, लोक कला विशेशांक, राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर, पृष्ठ, 21
11. शर्मा, डॉ. गोपीनाथ : राजस्थान का सांस्कृतिक इतिहास, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर, पृष्ठ, 108
12. ढाका, डॉ. सुमन : राजस्थान के लोक देवी–देवता एक जन चेतना, राज पब्लिशिंग हाउस ,जयपुर, पृष्ठ, 52
13. सम्पादकः– उपाध्याय, डॉ. विद्यासागर : आकृति, हाड़ौती कला विशेशांक, राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर, पृष्ठ, 41
14. ढाका, डॉ. सुमन, : राजस्थान के लोक देवी–देवता एक जन चेतना, राज पब्लिशिंग हाउस ,जयपुर, पृष्ठ, 55
15. शर्मा, डॉ गोपीनाथ : राजस्थान का सांस्कृतिक इतिहास, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर, पृष्ठ, 109
16. संपादक :– नीरज, डॉ जयसिंह, शर्मा, डॉ भगवती लाल : राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर, पृष्ठ, 32
17. वही, पृष्ठ, 31
18. ढाका, डॉ. सुमन, : राजस्थान के लोक देवी–देवता एक जन चेतना, राज पब्लिशिंग हाउस ,जयपुर, पृष्ठ, 61
19. वही, पृष्ठ, 64

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 5, No. - 6 April 2018
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED Multidisciplinary Journal Sl.No-108, Journal No-62711)
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-3.9 Research Journal

तनाव प्रबंधन मं भ्रामरी प्राणायाम का प्रभाव

साकेत मोहन मिश्रा
शोध छात्र योग विभाग महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्व विद्यालय, चित्रकूट, जिला सतना, म.प्र.

प्रस्तावना :– योग विद्या के सतत विकाश से चिकित्सा विज्ञान की अवधारणाये भी बदल रही है। आज चिकित्सा विज्ञान की विभिन्न पद्वतियॉ यह स्वीकार करती है कि शरीर व मन के तनाव को नियंत्रित या सामान्य करने की कोई औषधि उन के पास नही है। बल्कि योग ही एक ऐसी चिकित्सा प्रणाली है जिस के अंगो के माध्यम से तनाव का प्रबंधन किया जा सकता है इच्छा मानसिक व्याधियों की मूल है जिस की पूर्ति न होने के फल स्वरूप विभिन्न मानसिक व्याधियो का उदय होकर वह प्रभाव स्वरूप शरीर पर दृष्टि गोचर होती है। व्याधि के मूल कारणों में संस्कारो का अभाव अमानुषिक आहार कुचेस्टाऐ आदि के साथ ही प्रारब्ध भी माना जाता है तनाव रूपी व्याधि के उदय उपरांत शरीर असंतुलित होने के साथ ही शरीर स्थित विभिन्न अन्तःश्रावी ग्रंथियॉ रसो का असंतुलित स्त्राव करने लगती है। जिस कारण इन पर आधारित विभिन्न अंगो की कियाशीलता बाधित होकर शरीर मे रासायनिक व असंतुलनीयता कारण व्याधियों का उदय हो जाता है तनाव मानव शरीर की व मन की मूल व्याधि है जिस का प्रबंधन आहार तथा योग के यम नियम उपांगो के तथा भ्रामरी प्राणायाम मे प्रयुक्त आसनो के साथ ही मुख्य भूमिका में प्राणायाम के भेद भ्रामरी के माध्यम से प्रबंधन का रूप दिया गया है जो इस शोध का मुख्य विषय है इस शोध के समय जलवायु स्थान के साथ ही मानव के कार्य स्वभाव शारीरिक संरचना अवस्था के साथ दिनचर्या को ध्यान मे रखते हुये इस व्याधि के लक्षण व कारणों को समझकर शोध विषय मे मानसिक विकारो के संदर्भ मे तनाव तथा उस का परिचय व परिणाम के साथ ही योग में प्राणायाम का परिचय परिभाषा भेद के साथ आहार लाभ तथा हानियों का उल्लेख करते हुये भ्रामरी की उत्पत्ति अर्थ परिचय के साथ ही उस के विविध प्रयोगो के साथ तनाव में प्रबंधन तथा प्रभाव के साथ ही अंत मे उपसंहार का प्रतिपादन किया गया है मुझे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि तनाव प्रबंधन में भ्रामरी प्राणायाम का प्रभाव सम्बधित विषय को ध्यान मे रखकर आगे भी शोधार्थियों की इच्छाओ को पूर्ण करने मे यह शोध सहयोगी होगा।

तनाव का परिचय :– वर्तमान समय में विश्व की अधिकांश आबादी मानसिक व शारीरिक रूप से तनाव ग्रस्त है जब व्यक्ति के समायोजन के सभी मार्ग बंद हो जाते है तब व्यक्ति तनाव युक्त हो जाता है। तनाव एक बहुआयामी प्रक्रिया है जो देहिक व मनोवैज्ञानिक कार्यो को विघटित करती है या विघटन का खतरा उत्पन्न करती है। अविद्या जनित इच्छाओं की पूर्ति न होने के फल स्वरूप तनाव का जन्म होता है। कियो कि इच्छा ही मानसिक व्याधियों की मूल है इस प्रकार के तनाव से विभिन्न प्रकार की व्याधियों की उत्पत्ति होती है जिन में चिंता, क्रोध, भय, भ्रम, मानसिक अवसाद विखडित मानसिकता, व्यामोह,चेतना शून्य अवस्था, बिषादात्मवाद प्रतिक्रियाये, उन्माद,स्वप्न मानसिक दुर्बलता,स्नायुदौर्बल्य आदि व्याधियॉ प्रभावी की आयु अनुरूप व परिवर्तित भी हो सकती है लेकिन मनोवैज्ञानिक लक्षणो के स्वभाव जानने से पूर्व मानसिक प्रक्रिया जानलेना भी आवश्यक है क्योकि मानसिक स्वास्थ्य का सामान्य होना मन की अवस्था पर भी निर्भर करता है जो कि मन की चेतन और अचेतन ज्ञान और अज्ञान तथा सत्य और असत्य के बीच स्थिरता ही है क्योकि व्यक्ति के नित्य के अनुभवो तथा दबाव के साथ–साथ इच्छाओं तथा उनसे संतोष जो व्यक्ति के संतोषप्रद सामजस्य कम से कम सीमा के अन्दर भी हो सकता है पर निर्भर करता है अन्यथा व्यक्ति के मानसिक उलझने उत्पन्न हो जाती है मन कार्यो का अधिष्ठाता है मन के अतिरिक्त कोई भी शक्ति नही है जो कर्मो संचालन करती हो और मनुष्य का जन्म ही कर्मशील प्राणी के रूप मे हुआ है मनुष्य कर्म की ही धुरी है शुभकर्म व अशुभ कर्म तथा शुभ अशुभ मिश्रित कर्म और निष्काम कर्म इन विभिन्न में से निष्काम कर्म को मनुष्य नही भोगता इस के अतिरिक्त शुभ अशुभ,शुभ अशुभ मिश्रित इन सभी कर्मो को जीव को भोगने की लिये जन्म लेना पड़ता है शुभ कर्म तनाव का कारण नही बनते पूर्व जन्म के संचित अशुभ कर्मो के फल के द्वारा या अविद्या जनित कर्मो का परिणाम भोग ही मानसिक तनाव को जन्म देता है तनाव एक बहुआयामी प्रक्रिया है। जो असेवको के मूल्यांकन के बाद उस के प्रति की गई एक प्रकार की अनुक्रिया है सामान्यतः हम तनाव को इस प्रकार जानते है या समझते है कि तनाव

जीवन के नकारात्मक घटनाओं या दुर्भाग्यपूर्ण अवस्था के परिणामों से होता है लेकिन सत्य यह है कि तनाव स्वीकारात्मक घटनाओं से भी व्यक्ति मे उत्पन्न होता है। जीवन की स्थिति परिवर्तन से भी तनाव की उत्पत्ति होती है तनाव को दो प्रकार से देख सकते है। एक स्वीकारात्मक तनाव तथा दूसरा नकारात्मक तनाव इन कारणो से तनाव को एक बहुआयामी प्रक्रिया कहा गया है। तनाव के कुछ कारणो में कुछ परिस्थितियॉ ऐसी होती है। जिनसे तनाव उत्पन्न होता है वे व्यक्ति के नियंत्रण के बाहर होती है। यदि किसी विशेष कारण से परिस्थिति व्यक्ति के नियंत्रण में हो जाती है तब तनाव कम हो जाता है तनाव मे मनौवैज्ञानिक व देहिक दोनो प्रकार की अनुक्रियाये होती है इसे हम इस प्रकार भी समझ सकते है कि तनाव में व्यक्ति मानसिक रूप से तथा शारीरिक दोनो ही रूप से क्षुब्धता अर्थात विचलित होने का अनुभव करता है। तनाव उत्पन्न करने वाली घटनाओं अर्थात परिस्थियों पर भी निर्भर करता है कि तनाव थोडे समय पश्चात समाप्त हो जायेगा या लम्बे समय तक चलेगा इसलिये हम कह सकते है। कि तनाव परिस्थिति या घटना का मूल्यांकन करने के पश्चात उस के प्रति की गई एक विशेष अनुक्रिया होती है जिसमें व्यक्ति अपने मानसिक व शारीरिक कार्यो को विघटित होते हुये पाता है 75 प्रतिशत व्याधियों का मूल तनाव है इससे कई जान लेवा रोगो का भी उदय होता है।

तनाव का भौतिक परिचय :– आज सम्पूर्ण विश्व में किसी न किसी कारण वश बालक युवा वृद्व शरीरिक व मानसिक तनाव से ग्रस्त है तथा इस तनाव के कारण विभिन्न प्रकार के शरीरिक व मानसिक रोगो की उत्पत्ति है किसी को किसी अन्य की प्रगति का तनाव है किसी को अपनी अवनति का तनाव है किसी का पढ़ाई का तनाव है किसी को इच्छानुसार आहार न मिलने का तनाव है अन्य को उस श्रेष्ठ सेवा सुर्षा के अभाव का तनाव है सम्पूर्ण जीवन किसी न किसी का तनाव में ही बीतता है इस तनाव के कारण दिनचर्या अस्तव्यस्त हो जाती है भूख नही लगती, नींद नही आती,अपच,अजीर्ण,कब्ज आदि की शिकायत होती है। इन विभिन्न समस्याओं से निजात हेतु इसके मूल कारणों पर जाना होगा तभी इस समस्या का समाधान मिलेगा। क्योंकि यह मानव जीवन बड़े भाग्य से मिलता है इस को प्राप्त करना देवताओं के लिये भी दुर्लभ माना गया है। तनाव के शरीर में या मन में व्याप्त होने से विभिन्न प्रकार की व्याधियों का भी उदय होता है। जिस में चिन्ता,उन्माद,अनिन्द्रा तथा तनाव से आज सबसे अधिक मधुमेह व्याधि का स्तर बढ़ता जा रहा है संयुक्त राष्ट्र संघ की सर्वे के आंकडो के अनुसार मधुमेह व्याधि से ग्रषित मरीजो मे विश्व में प्रत्येक पांचवा व्यक्ति भारत का है। इसलिये भारत मधुमेह की राजधानी है। यह कहना अनुचित नही होगा समय रहते उचित नियंत्रण के उपायो पर विचार नही किया गया तब भयावह स्थिति के भविष्य में आसार है क्योकि आज तनाव के कारण भारत के निवासियों मे मोटापा व्याधि सबसे अधिक है। जिस का मुख्य कारण मानसिक तनाव शरीरिक परिश्रम का अभाव तथा भारतीय परिवर्तन जीवन शैली जो कि विदेशों की नकल है जिस के प्रभाव से उच्चरक्तचाप,हृदय,मायग्रेन ये व्याधियॉ दूषित आहार विचार व क्रिया शैली के कारण है। ऐसे तनाव को व्याधियों की मूल कहा गया है जबकि सामान्य तनाव में शरीर की मांसपेशियॉ तथा स्नायुतंत्र अल्प समय के लिये प्रभावित होता है फिर भी अचानक असमय कोई अप्रिय सूचना मिलने पर भी शरीर के समस्त अवयव प्रभावित होकर अपना कार्य विपरीत स्थिति में करने को बाध्य हो जाते है जिस का मुख्य कारण शारीरिक व मानसिक तनाव ही है शरीर के तनाव को व मन के तनाव को सामान्य रखने मे किसी चिकित्सा पद्वति की पहुॅच नही है मात्र योग चिकित्सा पद्वति है जिसके द्वारा तनाव को नियत्रंण में रखा जा सकता है। तनाव के कारण विभिन्न मानसिक विकारो की उत्पत्ति होती है। जैसे शिजोफ्रेनियॉ इसे बिखडित मानसिकता के नाम से जाना जाता है इस की उत्पत्ति में तनाव की भूमिका मुख्य है अन्य कारणों मे किसी कार्य को करने मे असमर्थ रहना या चिरकारी संताप कुछ रोगी तो इस रोग मे स्तब्ध व मूर्तिरूप में भी देखे जाते है। तनाव से अल्जाइमर व्याधि का भी उदय होता है। इस व्याधि में मस्तिष्क की कार्यक्षमता का क्रमशः क्षय होता है भूलना इस का मुख्य लक्षण है तनाव से मानसिक दबाववश अवसाद की अवस्था का उदय भी होता है जीवन मे उदासीनता इस का मुख्य लक्षण है इससे शरीर व मन दोनो प्रभावित होते है तनाव के कारण नाडी डिस्माफिर्क डिस्आर्डर के कारण शरीर की व चेहरे की कभी बदसूरती के कारण युवक व युवतियॉ विचलित होकर दुखी हो जाते है और इस कमी के बारे में हमेशा सोचने के कारण तनाव ग्रस्त रहकर घोर निराशा मे जीने लगते है इस का मुख्य कारण मस्तिष्क के रसायनो का असतुंलन व व्यक्तित्व विकार है। तनाव के कारण सूक्ष्म शरीर पहिले प्रभावित होता है उस के बाद ही भौतिक शरीर प्रभावित होता है। हमारा मस्तिष्क शरीर की समस्त कार्य प्रणाली को नियंत्रित करता है शरीर में जो भी हलचल होती है उस के

संकेत मस्तिष्क में ही पैदा होते है हमे हमारी दुनियॉ से अपनी इन्द्रियों द्वारा जो भी संवेदनाये या संकेत प्राप्त होते है उन का आकलन मस्तिष्क में ही होता है हमारे मस्तिष्क का सेरेब्रल कार्टेक्स क्षेत्र मुख्यतः दो भागों में बटॉ होता है आगे वाले भाग को मोटा क्षेत्र कहते है यह शरीर मे होने वाली विभिन्न प्रकार की हरकतों को नियंत्रित करता है। शरीर के विभिन्न भागों की गतियों के लिये मस्तिष्क में अलग–अलग निश्चित क्षेत्र होते है। और इन क्षेत्रों में पैदा होने वाले संकेत ही तंत्रिका तंतुओ के द्वारा इन अंगो में पहुंचकर गतिपैदा करते है इसी प्रकार मस्तिष्क का पिछला सेरेब्रल कार्टेक्स क्षेत्र तंत्रिका तंतुओ के द्वारा शरीर के विभिन्न भागो से संकेत प्राप्त करता है तथा उन का आकलन एवं विवेचना करता है मस्तिष्क के इस भाग में भी शरीर के विभिन्न भागो के लिये अलग–अलग निश्चित क्षेत्र होते है। हमारे मस्तिष्क की महत्वपूर्ण बात यह है कि मस्तिष्क का दायां भाग शरीर के बाये भाग को नियंत्रित करता है अतः मस्तिष्क के वाये भाग में कोई विकार पैदा होने से शरीर का दाया हिस्सा क्षतिग्रस्त होगा सामान्यतः हमारे मस्तिष्क में लगातार विघुत संकेत पैदा होते रहते है अशांत अवस्था ही तनाव को जन्म देती है। मन की अति क्रियाशीलता के कारण शरीर की अवस्था रूग्ण होने लगती है योगिक प्रक्रिया भ्रामरी प्राणायाम को अपना कर मन को शांत अवस्था प्रदान कर शरीर को तनाव से बचाया जा सकता है । जीवन में भ्रामरी प्राणायाम का श्रेष्ठ महत्व है। अशांति व निराशा के इस युग मे मानसिक शांति तथा तनाव के सामजस्य के लिये योग से बढ़कर अन्य औषधि नही है।

हठ प्रदीपिका मे भ्रामरी का वर्णन :– भ्रमर की ध्वनि के समान घोष करते हुए तेजी से सांस लीजिये और भ्रमरी के समान ध्वनि करते हुये उसे मंद–मंद छोडिये साधक का चित आनन्द मे लीन हो जाता है।

प्रणाली :–

1 प्राणायाम के लिये स्थिति ग्रहण कीजिये
2 पूराश्वांस कीजिये।
3 श्वास छोडते समय भ्रमरी की भाति गुजन कीजिये पूरे शरीर में ध्वनि–तरंगो के अनुभव को बाधा पहुचाये बिना श्वास और ध्वनि को बिना किसी प्रयास के जितना अधिक संभव हो दीर्घ कीजिये।
4 श्वास रूकने पर केवल कुम्भक का और पूरे शरीर में अनुगुंजन करती ध्वनि तरंगो का अनुभव कीजिये मन की इस सुखद स्थिति का आनन्द कीजिये।
5 जब श्वांस अन्दर आना आरम्भ करे तथा श्वांस के साथ उच्चनाद युक्त भ्रमर की ध्वनि उत्पन्न करें इसे भ्रामर प्राणायाम भी कहा जाता है इस को करते समय पूरे शरीर मे उच्च घोष युक्त अनुनाद की अनुभूति होनी चाहिए।
6 श्वांस मंद होती हुई सहज ही रूक जाती है उच्च नाद मंद कोमल होता हुआ बाहर तो रूक जाता है लेकिन सम्पूर्ण शरीर के अनुसार ध्वनि तंरगित होती रहती है केवल कुंभक की स्थिति को यथा सम्भव दीर्घ करते हुये इस का आनन्द लीजिये।

अनुवाद भ्रामरी का आधार– भ्रामरी प्राणायाम के अभ्यास के सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष है श्वसन प्रश्वसन दोनो में अनुनाद ध्वनि–तंरगो को उत्पन्न करना अनुनाद की विलक्षणता को वैज्ञानिक रूप से उन्नीसवी शताब्दी के आरम्भ मे समझा गया था।

तंत्री युक्त वाद्ययंत्र का जब सुर मिलाया जाता है तब उससे उत्पन्न होने वाला अनुनाद इस का प्रत्यक्ष उदाहरण है और अनुनाद की उपयोगिता को प्रकट करता है। वीणा या वायलिन या सितार को प्रभावोत्पादक रूप से सुस्वर किया जाता है तब एक सिरे पर तार की झंकार सुन्दर अनुनाद को जन्म देती है और उस के कम्पनों को वाद्ययंत्र के हर हिस्से में अनुभूत किया जा सकता है।

भ्रमरी और भ्रमर ध्वनियॉ :– यह बात शास्त्र सम्मत है कि मनुष्य जाति मे नारी–स्वर पुरूष स्वर की अपेक्षा अधिक उच्च तार युक्त या आवृत्ति वाला होता है। इस के अतिरिक्त नारी–स्वर अप्रशिक्षण और अपरविकार की स्थिति मे भी पुरूष की तुलना में अधिक मधुर होता है।

भ्रामरी प्राणायाम मे दो स्थितियॉ होती है–

अ. प्रश्वसन के दोरान उत्पन्न ध्वनि भ्रमरी की तरह होती है उच्चारण और आवृत्ति मे मंद और नीची।
ब. श्वसन के समय उत्पन्न ध्वनि भ्रमर की तरह होती है तारत्व और आवृत्ति मे उच्च इन दोनो के बीच स्वाभाविक कुम्भक इस प्राणायाम का मन पर सुन्दर व शांत प्रभाव होता है जो मन को लय अथवा विलयन मे ले जाता है और तब समाधि तक पहुंचा जा सकता है।

भ्रामरी मे अवस्थाऐ – भ्रामरी का निरंतर अभ्यास न केवल सुन्दर त्रि–विभीप अभिज्ञा मे ले जाता है बल्कि चेतना की सूक्ष्म और उच्चतर स्थितियॉ भी प्रदान करता है भ्रामरी के अभ्यास से अनेक आन्तरिक अनुभव प्राप्त होते है।

भ्रामरी प्राणायाम

परिचय :– इस प्राणायाम को भ्रामरी प्राणायाम के नाम से इसलिए जाना जाता है क्योंकि इसे करते समय जो ध्वनि उत्पन्न होती है वह कुछ इस प्रकार होती है कि जैसे भ्रमरी गुंजन कर रही हो।

विधि :–

1. किसी भी सुखासन में बैठ जाते है। हाथ का प्रयोग किए बिना दोनों नासिकाओं से पूरक करते है। त्रिबन्धों के साथ यथा शक्ति कुम्भक करते है और बन्ध हटाकर रेचक करते है।
2. ग्रंथो के अनुसार पूरक करते समय भंवरे जैसी आवाज उत्पन्न होती है और रेचक करते समय भी भ्रंवरी जैसी आवाज आती है।

सावधानियां :–

1. जोर लगाकरदोनों नासिकाओं से पूरक करते है। उस समय भंवरे जैसी आवाज उत्पन्न होनी चाहिए और रेचक करते समय भंवरी जैसी आवाज आनी चाहिए।
2. इस प्राणायाम को हमेशा एकान्त में करना चाहिए किसी भी प्रकार की बाहरी आवाज नही आनी चाहिए।

लाभ :–

1. पूरक तथा रेचक करते समय जो ध्वनि निकलती है उस ध्वनि से मन बंध जाता है जिससे मन की चंचलता दूर होती है और मन एकाग्र हो जाता है
2. माईग्रेन में भ्रामरी प्राणायाम लाभदायक होता है।

उपसंहार :– इस शोध में तनाव के ऐसे रोगियों का चयन किया गया जो प्रतिवल से ग्रसित थे। लेकिन किसी घातक व्याधि से ग्रसित नहीं थे। तनाव के रोगी के शारीरिक व मानसिक आदि लक्षणों को ध्यान में रखते हुये पदमासन, सिद्वासन, भद्रासन, स्वास्तिकासन आदि में भ्रामरी प्राणायाम की चिकित्सा के माध्यम से उन रोगियों की दिनचर्या को शास्त्रोक्त पथ को शोध समय में अनुसरण कराके मन मस्तिष्क में परिवर्तन लाकर भ्रामरी प्राणायाम की विभिन्न विधियों को अपनाने हेतु प्रेरित किया इस कारण प्रतिबल से प्रभावित व्यक्तियों की जीवन शैली प्रभावित हुई क्योंकि तनाव व्याधि का सीधा संबंध मूलरूप से मन से है और मन को प्रभावित करने वाला तत्व आहार है आहार और विहार से विचारों का सृजन होता है जो जीवन शैली को प्रभावित करता है इसलिये शोध में इन समस्त पहलुओं को ध्यान में रखकर भ्रामरी प्राणायाम की प्रक्रिया से इस तनाव व्याधि का प्रबंधन किया गया। फिर भी मेरा मत है कि तनाव से ग्रसित व्यक्ति को वेदिक विधान को अपनाने की परम आवश्यकता है श्रेष्ठ आचरण के साथ सम्यक आहार विहार तथा विभिन्न ध्यानात्मक आसनो में भ्रामरी प्राणायाम को आत्म सात करने की आवश्यकता पर इस शोध में बल दिया गया है। तनाव का सीधा सम्बन्ध मन से है इसलिये अंत को जीवित (अंकुरित) अवस्था में लेकर ऊर्जा का अधिक संचय किया जाता है। भोजन में फाइवर युक्त आटा हरी सब्जियॉ हरी भाजी मठा सलाद फल कंद मूल जो पाचन में श्रेष्ठ होते है। मन को शांत कर मोन धारण कर भूख से आधा भोजन तथा भोजन के 40 मिनिट पश्चात् पर्याप्त जल ग्रहण किया जाये भोजन में अस्सी प्रतिशत क्षारीय पदार्थ व बीस प्रतिशत अम्लीय पदार्थ हो साथ ही आहार मोसम अनुसार हो क्योंकि ऋतुअनुसार आहारीय पदार्थ प्रकृति के द्वारा अनुमोदित होते है जो ग्रहण करने में श्रेष्ठ है। इस शोध का प्रांरभ प्रस्तावना से होकर तनाव का मनोवैज्ञानिक के संदर्भ में तनाव का परिचय कारण लक्षण परिणाम तथा योग के संदर्भ में तनाव परिचय कारण लक्षण परिणाम व प्राणायाम का परिचय अर्थ परिभाषा प्रकार नियम भोजन लाभ हानि तथा भ्रामरी प्राणायाम का परिचय अर्थ उत्पत्ति विभिन्न योग पद्धत्तियों में भ्रामरी प्राणायाम की तकनीक व तनाव प्रबंधन में भ्रामरी प्राणायाम के प्रभाव का उपयोग कर यह शोध कार्यपूर्ण हुआ ईश्वर परम मार्ग दर्शक रहा।

संदर्भित ग्रंथों की सूची :–

क्रमांक	लेखक का नाम	प्रकाशन का वर्ष	ग्रंथ का नाम	प्रकाशक का नाम
1	शर्मा डॉ. बाबूलाल	1999	शिवसंहिता	विजया हिन्दी पुणे महाराष्ट्र
2	रोग और योग	स्वामी सत्यानन्द सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल ऑफ योग, मुंगेर बिहार	1998

3	'अष्टांग योग रहस्य घेरण्य संहिता'	पं. रामकृष्ण शर्मा	रणधीर प्रकाशन, हरिद्वार	2011
4	'शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान',	डॉ. राजेश दीक्षित	भाषा भवन हालनगंज कच्ची सड़क, मथुरा,	2011
5	'आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बंध',	स्वामी सत्यानन्द सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल ऑफ योग, मुंगेर बिहार,	2005
6	'स्वस्थवृत विज्ञान',	रामहर्ष सिंह	चौखंबा संस्कृत संस्थान, दिल्ली,	1985
7	'स्वाध्याय एवं योग चिकित्सा',	डॉ. दत्तात्रेय रामचन्द्र बझे	डॉ. दत्तात्रेय रामचन्द्र बझे, बी. – 4 राहुल नगर, कोषरूड पुणे, महाराष्ट्र,	2004
8	'यम–नियम',	श्रीराम शर्मा	श्रीराम शर्मा – 'यम–नियम', प्रकाशक – युग निर्माण योजना विस्तार ट्रस्ट गायत्री तपोभूमि मथुरा उ.प्र.	2009
9	'पातंजलि योग का तत्व दर्शन',	पं. श्रीराम शर्मा	युग निर्माण योजना विस्तार ट्रस्ट गायत्री तपोभूमि मथुरा उ.प्र.,	2008
10	'प्राणायाम',	स्वामी कुवल्यानंद	कैवल्य धाम पुणे,	1994
11	'ध्यान साधना',	नंदलाल दशोरा	रणधीर प्रकाशन, हरिद्वार,	2004
12	'पातंजलि योग सूत्र',	श्री श्री रविशंकर जी	श्री श्री पब्लिकेशन ट्रस्ट,	2011
13	'कितना क्या कब और कैसे खायें',	डॉ. अरूणा फल्टा	म.प्र. हिन्दी अकादमी,	2000

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 5, No. - 6 April 2018
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED Multidisciplinary Journal Sl.No-108, Journal No-62711)
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-3.9 Research Journal

उत्तम स्वास्थ्य की आवश्यकता एवं योग

डॉ. एल.जे. पचौरी
पूर्व विभागाध्यक्ष योंग एवं प्रकृति चिकित्सक, शा. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, भोपाल

मानव ज्ञानेन्द्रिय युक्त प्राणी है। इस हेतु वह स्वयं उत्तम स्वास्थ्य की अभिलाषा रखता है। मानव का जन्म शेष कर्मों का अनुपालन हेतु होता है। साथ ही जीवन के उदय काल से ही चारों पुरूषार्थों का पालन करना ही उस का धर्म है। मनुष्य के उत्तम स्वास्थ्य के लिए आहार जिसे भोजन तथा जल व वायु के रूप में मानते हैं। साथ ही उत्तम स्वास्थ्य के लिए निद्रा, ब्रम्हचर्य संयम भी उतने ही आवश्यक हैं। जितने कि आहार। आहार को स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में स्वीकार किया गया है। जबकि अस्वस्थ व्यक्ति न ही धर्म का पालन करने में समर्थ है और न ही अर्थ उपार्जन कर सकता है और काम का आनन्द योजना तो संभव ही नहीं है। तब रही बात मोक्ष की जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। जबकि जीवन की सार्थकता उत्तम स्वास्थ्य के अलावा कुछ नहीं है। हम देखते हैं कि उत्तम स्वास्थ्य में जितना सुख है। उतना सुख हजारों सांसारिक श्रेष्ठ पदार्थों में नहीं है। संसार में धन, वैभव, बुद्धि, विद्या, कीर्ति, मान और उपाधि की प्राप्ति में वह सुख नहीं मिलता। जो उत्तम स्वास्थ्य में है। शारीरिक उत्तम स्वास्थ्य वाला व्यक्ति यदि भिक्षा भी मांगता है। तो वह एक धन संपदा, वैभव, विलासिता से युक्त व्यक्ति से ज्यादा सुखी है। व्यक्ति यदि स्वस्थ नहीं है। तो सारे श्रेष्ठ साधन उस के किस काम के। स्वस्थ व्यक्ति सुख की नींद सोता है क्योंकि संतोष उस के पास है। जबकि अस्वस्थ व्यक्ति के लिए श्रेष्ठ व्यंजन भी आहार है। जिससे कि वह श्रम भी नहीं कर सकता, सांसारिक भोग भी नहीं कर सकता तथा उत्तम निंद्रा भी उससे दूर है। इसलिए संसार के समस्त भोगों को भोगने के पूर्व अपने उत्तम स्वास्थ्य को बनाये रखना अति आवश्यक है। जीवन का सार ही उत्तम स्वास्थ्य है। हमारे प्राचीन भारतीय ने दानिक ग्रंथों में मानव सभ्यता के उदय काल से ही जीवन की व्यवस्था को बनाये रखने के लिए उत्तम आरोग्यता का महत्व दिया गया है। हमारे पूर्वज ऋषि उत्तम स्वास्थ्य को ही मानव का धर्म स्वीकार करते थे। इसलिए मानस जैसे ग्रंथों में कहा कि ''सब नर करहि परष्पर प्रीति, चलहि स्वधर्म निरत श्रुति रीति'' परिणाम स्वरूप ''अल्प मृत्यु नहि कवनेउ पीरा सब सुन्दर सब विरूज शरीरा, नहि दरिद्र कोउ दुखी न दीना, नहि कोउ अपुध न लक्षण हीना। हमारे देश का जो आदि सनातन साहित्य है। उसमें स्वास्थ्य साधन के नियम भी धार्मिक आचरण का अंग होकर स्पष्ट रूप से अंकित है। साथ ही भारतीय जीवन विज्ञान का उद्देश्य ही जन सामान्य के स्वास्थ्य रक्षा करना तथा व्याधि से प्रभावित जन की व्याधि का परिमोक्षण करना है लेकिन वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में कामना की गठरी लेकर मोह के बाजार में व्यक्ति दुकान लगाकर बैठा है और वह सुख तक शांति रूपी ग्राहक के आने का इंतजार करता रहता है। लेकिन ग्राहक की अनुपस्थिति पर वह क्रोधित होकर अज्ञानता में सब कुछ भूलकर अधर्म रूपी ग्राहक को दुकान पर बिठाकर स्वयं व्यसन का आहार ग्रहण करने लगता है। व्यसन रूपी आहार के परिणाम से उत्पन्न ऊर्जा उसे जीवन पर्यन्त के लिए अस्वस्थ कर देती है और वह संसार में सब कुछ होते हुए भी हाथ मलता रह जाता है। यह स्थिति अति विचित्र व सोचनीय है। प्रत्येक मनुष्य को सुख प्राप्ति की कामना तो है लेकिन स्वास्थ्य के यथार्थ आधार से वह अपरिचित है या यों कहें कि स्वास्थ्य के प्रति सुरूचि एवं संचेष्ठता का प्रायः अभाव ही उसे दिखाई देता है। लोग स्वास्थ्य युक्त शरीर के प्रति अपना इतना ही कर्त्तव्य मानते हैं कि जब अस्वस्थ हों तभी चिकित्सक के पास जाकर उस व्याधि को दबा दे और इति श्री कर फिर भोज मस्ती कदाचरण का मार्ग अपनायें बस शरीर को काम चलाने लायक बनाये रखें। इस वृति के कारण लोगों की जीवनी शक्ति निर्बल होती जा रही है। आज लोग अस्वस्थता के पूर्ण शिकंजे में है। प्रातः उठते ही मन में अस्वस्थ हैं हमें ऐसे विचारों का सृजन होने लगता है। आज हमारी सरकारें चिकित्सा साधनों पर प्रतिवर्ष अरबों रूपये का बजट पास कर इति श्री कर लेती हैं। लेकिन फिर भी नित्य प्रति नवीन व्याधियों की चपेट में समाज आता जा रहा है। वैज्ञानिक नित्य प्रति नवीन विषाणु की खोज कर उसके द्वारा उत्पन्न व्याधि का प्रचार प्रसार कर हमारे भारतीय समाज में भय का वातावरण निर्मित करते जा रहे हैं। आज हमारे देश में अधिकतर लोक भय और भूख से असमय काल कलवित हो रहे हैं। चिकित्सक समाज सेवी न होकर व्यवसायी होकर रोगियों में भय व्याप्त कर उन्हें लूट रहे हैं। सरकार मौन है साथ ही प्रतिवर्ष अनेकों चिकित्सा

महाविद्यालय व चिकित्सालय खोले जा रहे हैं। दिन प्रति दिन दवाओं की खपत में वृद्धि हो रही है। नित्य नई–नई दवाऐं बाजार में आ रही हैं लेकिन इस तरह चिकित्सा का बजट बढ़ाने तथा साधन जुटाने से व्याधियों का अन्त व आरोग्यता की स्थापना कभी नहीं हो सकती। क्योंकि स्वास्थ्य सुविधाओं की वृद्धि के साथ ही समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वाभाविक स्वास्थ्य साधन के प्रति उदासीन बनता जाएगा। जबकि व्याधि निवारण हेतु चिकित्सा व औषधि नितांत आवश्यक है लेकिन स्वस्थों की स्वास्थ्य दिनचर्या पर तथा समाज में फैली कुरीतियों संयम और नियम पर तथा योग के यम व नियम पर जब तक सरकार के साथ समाज जागरूक नहीं होगा तब स्वास्थ्य की कामना अधूरी रहेगी जब तक आहार विहार विचारों में निर्मलता नहीं आयेगी। सदाचारी दिनचर्या ऋतुचर्या रात्रिचर्या का ज्ञान आचार विचार व्यवहारों में सुचिता नहीं आयेगी तब तक व्यक्ति शारीरिक व मानसिक व्याधियों से ग्रसित रहेगा। इस के लिए सरकार को योग केन्द्रों की स्थापना करनी होगी। शारीरिक व मानसिक व्याधि से निवृति का एक मात्र साधन योग है। जो सीधे मनुष्यों की वृतियों में व्याप्त अविद्याजनित संस्थानों का नाश करता है। साथ ही जीवन में सदाचार की शिक्षा श्रेष्ठ आहार की शिक्षा उचित व्यवहार की शिक्षा देकर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रम्हचर्य, अपरिग्रह की शिक्षा प्रदान कर शारीरिक व मानसिक सुचिता जीवन में संतोष, परिश्रम हेतु जागरूक कर स्वाध्याय के साथ कर्मों को परमात्मा को समर्पित करने के विधान की शिक्षा देता है। जब तक मनुष्य स्वस्थता का महत्व नहीं समझेगा तब तक दवाओं से स्वस्थता नहीं मिल सकती। औषधि पर आश्रित रहने की अपेक्षा स्वाभाविक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहने के प्रति स्वरूचि सम्पन्न जागरूक और सचेष्ठ होना होगा।

उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति के लिए उत्तम स्वास्थ्य रक्षा के नियमों तथा सिद्धांतों का ज्ञान प्रत्येक मनुष्य के लिए जरूरी है लेकिन ज्ञान होने से भी आवश्यक है कि उस ज्ञान का जीवन में आचरण व व्यवहार में सदुपयोग स्वास्थ्य का महत्व हृदयगत करके उसके अनुकूल आचरण करने से ही उत्तम स्वास्थ्य के स्थान की प्राप्ति होगी। आचरण प्रवृत्ति भावना का उदय धारणा से होता है इसलिए प्रत्येक मनुष्य को बाल्यावस्था से ही यह दृढ़ भावना निर्मित करनी चाहिए कि जीवन में पूर्ण स्वस्थ रहना सबसे बड़ी सफलता है। यही समस्त सफलताओं का आधार है। स्वस्थ ही श्रेष्ठ धर्म है। अस्वस्थ ही अधर्म है और पाप है यही व्याधि आरोग्य को नष्ट करती है।

जनमानस की धारणा रहती है कि भारी भरकम शरीर को धारण किये व्यक्ति ही स्वस्थ हैं या रोगाणु रहित शरीर ही श्रेष्ठ स्वास्थ्य है लेकिन यह सोच उत्तम स्वास्थ्य के प्रति असत्य है। आयु के प्राचीन ग्रंथों के अनुसार जिस शरीर में वात अर्थात स्नायुमंडल तथा पित्त अर्थात जठराविन तथा रक्त कण आदान प्रदान एवं कफ अर्थात ''जीव शक्ति'' ओज व मनोत्सर्ग यह तीनों की अवस्था की स्थिति सम हो अर्थात निश्चित अवस्था में हो, मतलब समान हो तथा शरीर के तीनों संस्थान उचित रूप से काम करते हों जिससे आहार के रूप में ग्रहण किये हुए पदार्थों का पाचन उचित अवस्था में हो रहा है। जिससे सप्त धातुओं का उचित अवस्था में निर्माण हो रहा हो और जिस शरीर में मलों का विसर्जन समय पर विधिवत हो रहा हो। अर्थात मल विसर्जन प्रणाली का कार्य उचित विधि से हो रहा हो अर्थात मल, मूत्र, श्वेद, श्लेष्मा यथा समय विसर्जित हो रहे हों तथा जिस से आत्मभाव में व मन में तथा इन्द्रियों में प्रसन्नता हो एवं सदैव संतोष की स्थिरता हो, वही स्थिति श्रेष्ठ स्वास्थ्य की परिचायक है। प्राचीन ग्रंथों में प्रकृति तत्वों के साथ ही मन की भी गणना होती है क्योंकि यह प्रधान व सूक्ष्म इन्द्रिय है इसलिए स्वस्थता में अन्तःकरण का स्वरूप होना भी आवश्यक है। दृश्य में उत्तम गात को धारण करने वाला व्यक्ति स्वस्थ दिखेगा। परन्तु उसका अन्तःकरण अशांत है। तब वह स्वस्थ कैसे कहलायेगा। स्वस्थ वही होगा जिस शरीर में स्वस्थ मन (चित्त) स्थित है। मन का शांत होना निर्विकार व निर्मल होना स्वास्थ्य की मुख्य उपलब्धि है क्योंकि पूर्ण स्वास्थ्यधारी मनुष्य की परिभाषा में मानसिक प्रसन्नता का स्थान प्रथम है क्योंकि जीवन विज्ञान में आदि समय से ही मानसिक दोषों के लिए चित्त की वृतियों को दोषी माना है।

वायुः पितं कफश्चेति शरीरो दोष संग्रहः।

मानसः पुनरूदिष्टो रजश्च तम एवच।।

अर्थात जिस प्रकार वात, पित्त, कफ को शरीर दोषों में गिना जाता है। उसी प्रकार रज और तम चित्त की वृत्ति मानसिक दोषों के लिए उत्तरदायी है। इन रज और तम की असमानता ही काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मात्सर्य को जन्म देती है। इन के लक्षण स्वरूप भय, विषाद, चिंता, उन्माद, स्नायु दौर्बल्य आदि शरीर पर परिलक्षित होते हैं। भौतिक जगत में कामना, वासना,

तृष्णा, संग्रह (परिग्रह) की प्रवृति से भी मानसिक असंतुलन को जन्म मिलता है। वर्तमान में मानसिक असंतुलन में नित्य प्रति वृद्धि हो रही है। यही वजह है कि पूर्ण हमारे पूर्वज ऋषि एक ही स्थान पर हमेशा निवास न करके स्थान बदलते रहते थे। इसलिए संग्रह की प्रवृति स्थाई घर नहीं कर पाती थी और वह मनोविकारों से रहित स्थिति में जीवन परम उत्तम स्वास्थ्य के साथ बिताते थे क्योंकि उनकी आवश्यकताऐं सीमित थी इसलिए संतुष्ट शांत मन रहा करते थे। समय परिवर्तन के साथ वह यायावर स्थिति को त्याग कर मनुष्य समूह रूप में निवास करने लगा और इच्छाओं में वृद्धि हुई और जो ग्राम व नगर निर्मित हुए उनमें ग्राम्य दोष निर्मित हो गये। मनुष्य परिश्रम से पलायन कर आलसी प्रवृति में आ गया और ग्रह प्रवृति आकर मानसिक दोष उत्पन्न होने लगे। उस नियमित श्रम के अभाव में शारीरिक सौष्ठव का अभाव होकर संग्रह प्रवृति का लोभ उत्पन्न हो गया। जिससे मन अस्वस्थ हुआ। इस का विषय वर्णन चरक संहिता वैदिक ग्रंथ में विस्तार से अंकित है। योग विज्ञान के दिशा निर्देशानुसार अपरिग्रह प्रवृति के पालन से इस दोष को दूर किया जा सकता है या जीवन में आवश्यकताओं की सीमितता से मनुष्य मनोविकारों से दूर रह सकता है लेकिन हमारे देशवासियों ने पश्चिम की रीति नीति को अपने जीवन में उतारा है। तभी से मनोविकारों में वृद्धि हुई है यद्यपि हम भौतिकता से अछूते नहीं रह सकते। परन्तु हमें अंधे अनुकरण से बचना होगा। पाश्चात्य सभ्यता की उन्हीं बातों को हमें मानना चाहिए जो हमारे देश की स्थिति, जलवायु तथा परम्परा एवं सामाजिक जीवन से तारतम्य रखती हो ऐसा करने से हमारा समाज मनोविकारों से बच सकता है।

आत्मतत्व को दृष्टिगत रखना :– मनोविकारों से प्रभावित होने का मुख्य कारण वासना में सुखानुभूति की प्रतीति यह मृगतृष्णा सदृश है। यह आत्म तत्व के विपरीत आचरण है। जब मन, वचन व कर्म की एक विखण्डित हो जाती है तब मानव अंदर से अशांत व दुखी रहने लगता है। आत्म तत्व के विपरीत आचरण करने से मनुष्य की सहनशीलता समाप्त हो जाती है। तब इस बेचैनी, घबराहट, व्याकुलता का उदय होता है। जिस कारण वह कहना कुछ चाहता है, मुख से निकलता कुछ और है। जब मानव आत्म तत्व की आवाज सुन नहीं पाता तब उसका अचेतन अधिक समय तक उस अन्याय को सहन न कर पाने के कारण मनुष्य का चैन उस से पृथक हो जाता है। क्योंकि आत्म तत्व प्रबल शक्तिशाली है। इसके प्रबल विरोध के परिणाम में मानव के अन्तःकरण में द्वंद्व की उत्पति हो जाती है और वह दुखी हो जाता है और यह दुख, अशांति, असंतोष ही अस्वस्थता का मूल कारण है। तृष्णावान मनुष्य के आत्मतत्व के विपरीत कार्य करना होता है। इसी कारण वह आन्तरिक रूप से दुखी रहते हैं। उन के आत्म तत्व की प्रसन्नता प्रायः लुप्त हो जाती है। जिस कारण स्फूर्ति का अभाव होने से वह थकान ग्लानि पराजितता के भाव से भर जाता है और ऐसे लोग प्रसन्नता प्राप्ति के लिए कृत्रिम साधनों का सहारा लेकर सुख प्राप्ति की चेष्टा करते हैं और यही अपनाई गई चेष्टा व्यसन का रूप ले लेती है। तब वह अपने दुखी मन को बहलाने के लिए चित्रपट, उपन्यास, मद्यपान, नाटक या व्यभिचार करना तथा चाय, तंबाकू, गांजा, भांग या अन्य मादक दृश्य पीना यह सब अस्वाभाविक प्रसन्नता प्राप्ति के कृत्रिम उपक्रम हैं और ऐसे साधन मन को पूर्ण संतुष्ट या शांत करने में सफल नहीं होते और इन साधनों से मन धीरे–धीरे और अशांत होने लगता है और आत्म तत्व की शिक्षा से वह और दुखी रहने लगता हैं। यही अज्ञानता का आचरण है। जिससे दुख सृजित होते हैं और मनोविकारों में वृद्धि होती है। कुछ विचारक अतृप्त वासना को मानसिक विकारों का कारण भी मानते हैं और कहते हैं कि वासना तृप्ति से मानसिक विकार दूर होते हैं। कुछ विद्वानों ने स्त्री के प्रति पुरूष का आकर्षण या पुरूष के प्रति स्त्री का आकर्षण यह प्रकृति की देन है। यह सृष्टि सृजन का मूल है अर्थात प्रेम का कारण काम वासना मात्र है और कहते हैं कि इस पश्चात ही संबंधों तथा मर्यादाओं ने जन्म लिया है। लेकिन यह धारणा सामाजिक सांस्कृतिक विचारधारा के एकदम उल्टी है। जबकि रसखान ने कहा है कि दम्पति, सुख और विषय रस पूजा निष्ठा ध्यान इससे परे बखानिये सुद प्रेम रसखान। प्रेम में स्वार्थ नहीं होता और लेने व देने की भावना है वह वास्तविक प्रेम नहीं है। भाई बहन पिता पुत्री माता पुत्र इनके पवित्र प्रेम हैं। एक दूसरे के प्रति प्राण न्यौछावर करते हैं फिर यह सच कैसे हो सकता है कि विरोधी योनि वालों के आपस में प्रेम का मूल कारण कामवासना मात्र है।

भारतीय सिद्धांतों तथा हमारी मान्यताओं में वात्सल्य, स्नेह, पवित्र, मनोभाव का स्थान है। हमारे समाज में कामवासना को एक मर्यादिन स्वरूप प्रदान किया गया है। पाश्चात्य विद्वानों का मत हमारे भारतीय मनीषी स्वीकार नहीं करते। जननेन्द्रियों का सुख चिर स्थाई नहीं है। इसके अनुगमन से कभी भी संतुष्टि प्राप्त नहीं होती। इसे हमारे समाज में संतान उत्पत्ति हेतु

मर्यादित आनंद की संज्ञा दी है। जब कि इसकी अति से स्नायुदौर्बल्य के साथ अन्य मनोविकारों का जन्म होता है। जो मनुष्य की मृत्यु के कारण बनते हैं। इच्छा का दमन अभिप्रेत नहीं है। लेकिन ऐसी मनःस्थिति का निर्माण अभिप्रेत है। जिससे काम वासना अति प्रबल न हो। जबकि हमारे वैदिक निदान ग्रंथ मानसिक व्याधियों का मूल कारण रज व तम दोषों को मानते हैं। इनके असंतुलन से ही अनेकों मानसिक व्याधियां जन्म लेती हैं। इनका जन्म मनुष्य का प्रज्ञापराघ है।

ईर्ष्याशोषत भय क्रोध मान द्वेषादश्च पे।
मनोविकारस्तेऽप्युक्ताः सर्वे प्रज्ञापराधजाः।।

जो भी मन के अपराध हैं उन सभी का मूल प्रज्ञापराध है अतः मानसिक रोगों से बचने के लिए प्रज्ञापराधों से बचना चाहिए। मानसिक निरोगणता की प्राप्ति का सर्वोपरि साधन यही है कि इच्छाओं से अधिक आशक्ति न रखकर जीवन की आवश्यकताओं को सीमित करें व साधन बाहुल्यता एवं संग्रह की प्रकृति से पृथक रहें। तब निश्चित ही संतोष व संयम मानसिक प्रसन्नता के प्रति उत्तरदायी होंगे। हमारे शास्त्रों में कहा भी गया है कि –

सतु भवति दरिद्रो यस्य तृष्णा विशाला।
मनसि च सन्तुष्टे कोऽर्थवान को दरिद्रः।।

अर्थात मन के संतोष से धनवान व दरिद्र का भेद नहीं रहता बल्कि तृष्णावान धनवान दरिद्र से बुरा है और तृष्णाविरत निर्धन धनवान से अधिक सुखी है व स्वस्थ है। मन संतोषी होने पर उस से विकार उत्पन्न होने का कारण ही नहीं।

ध्यायवो विषयान पुंसः संगस्तेषूपजायते।
संगात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते।।
क्रोधाद्र भवति सम्मोहः सम्मोहात स्मृतिविनम्रः।
स्मृतिग्रंशाद बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणतिश्य।।

विषयों पर निरन्तर ध्यान रखने व मनन करने से वह मन में रम जाते हैं। विषयों एवं मन के आपसी समन्व्य से कामवासना की उत्पत्ति होती है। जिसमें तनिक भी व्यवधान उत्पन्न होने पर क्रोध की उत्पत्ति होकर कर्तव्याकर्तव्य की अज्ञानता उत्पन्न होती है। जिस कारण स्मृति का नाश हो जाता है और यह समझ में नहीं आता कि किस आचरण से यह हानि हुई या फिर किस खाद्य पदार्थ के भक्षण से यह हानि हुई उसे समझ में नहीं आता साथ ही अज्ञानतावश बारम्बार वह भूल करता है। यही स्मृति नाश है इससे बुद्धिनाश होती और फिर सर्वनाश ही निश्चित है।

आहारशुद्धौ सत्वशुद्धिः सत्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः।
स्मृतिलाभे सर्वग्रन्थीनां निप्रमोक्षः।। ''योगासूत्र''

खानपान की शुद्धि अर्थात मिताहारी सात्विक आहार ग्रहण करने से मन की शुद्धि होती है। सत्व शुद्धि से स्मृति अर्थात बुद्धि संतुलित होती है और स्मृति शुद्धि से आत्मज्ञान बढ़ता है। जिससे मानसिक ग्रंथियों का पराभव होता है।

आहार संयम के अलावा मानसिक आरोग्यता के लिए मनोनिग्रह और यह मनोनिग्रह विषयाशक्ति से छुटकारा मिलता है। मनोनिग्रह के लिए आचरणों में श्रेष्ठ प्रार्थना, संध्यावंदन, अग्निदोष, ध्यान, जप, दान आदि आदर्श प्रवृतियां है। उनका सम्बन्ध शरीर से शरीर का अभिन्न सम्बन्ध मन से है और मन का अभिन्न सम्बन्ध प्राण से है तथा प्राण का सम्बन्ध बुद्धि से है तथा बुद्धि का सम्बन्ध आनन्द से है जप की प्राप्ति पर सम्पूर्ण दोष अर्थात व्याधियों का नाश हो जाता है और पूर्ण उत्तम स्वास्थ्य के साथ परम तत्व से साक्षात हो जाता है। मानसिक स्वास्थ्य ही हमारे जीवन का आधार है क्योंकि स्वस्थ मन के बिना स्वस्थ तन सम्भव नहीं क्योंकि शरीर का संचालन मन ही है यही मस्तिष्क है शरीर तो इस का आचरण है। मन का प्रतिबिम्ब शरीर पर पड़ता है अर्थात मन तो बीज है। बीज के अनुसार ही वृक्ष व फल प्राप्त होते हैं। शरीर स्वस्थता के लिए मन स्वस्थ होना आवश्यक है। संयम व श्रेष्ठ आचरण का नित्य अभ्यास जो आध्यात्म भावना से ओत–प्रोत है। सम्पूर्ण समय आत्म अवलोकन में बीते अर्थात स्वाध्याय में जो सत्य साहित्य के पढ़ने से प्राप्त होगी। जीवन में अहिंशा, सत्य, अस्तेय, ब्रम्हचर्य, अपरिग्रह का भाव धारण कर आचरण में लेना। शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणधन का अनुकरण नित्य दिनचर्या में सम्मिलित करना ही स्वास्थ्य प्राप्ति का एक मात्र साधन है। आहार, निद्रा, ब्रम्हचर्य इन त्रय स्तम्भ के आचरण मात्र से भी स्वस्थता की प्राप्ति सम्भव है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

क्र.	पुस्तक का नाम	लेखक	पब्लिकेशन	सन्
1.	मानसिक रोग कारण व उपचार	डॉ0 शास्त्री	कैवल्य धाम पुणे	
2.	सच्चा सुख और निरोगीकाया	सुदर्शन भाटिया	कैवल्य धाम पुणे	
3.	हद्य रोग कारण व उपचार	डॉ0 देव शक्ति	कैवल्य धाम पुणे	
4.	आरोग्य जीवन	आचार्य चन्द्रशेखर	कैवल्य धाम पुणे	
5.	मानसिक रोग कारण व उपचार	डॉ0 शास्त्री	कैवल्य धाम पुणे	
6.	समस्या पेटी की समाधान योग का	स्वामी सत्यानंद सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	
7.	रोग और योग	स्वामी सत्यानंद सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	1998
8	दमा मधुमेह व योग	स्वामी सत्यानंद सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	
9.	ध्यान योग	दयांनद वर्मा	स्वामी अरविंद साहित्य	
10..	आसन प्राणायाम	स्वामी आत्म बिन्दु	स्वामी अरविंद साहित्य	
11.	निरोगी जीवन	महामाया	स्वामी अरविंद साहित्य	
12.	आहार ही औषधी है	सुरभि शर्मा	स्वामी अरविंद साहित्य	
13.	आसन प्राणायाम मुद्रा बंध	स्वामी सत्यानंद सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	2005
14.	आसन कब क्यों और कैसे	ओ.पी. तिवारी	कैवल्य धाम पुणे	2005
15.	घेरण्ड संहता	स्वामी निरंजनानंद	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	2004
16.	सूर्य नमस्कार	स्वामी सत्यानंद सरस्वती	योग पब्लिकेशन ट्रस्ट बिहार स्कूल एवं योग मुगेर	
17.	स्वस्थवृत विज्ञान	रामहर्ष सिंह	चौखंबा संस्कृत प्रतिष्ठान	1985
18.	योग दर्शन	स्वामी निरंजनानंदा सरस्वती	बि.स्कूल आफ योगा	2004

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 5, No. - 6 April 2018
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED Multidisciplinary Journal Sl.No-108, Journal No-62711)
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-3.9 Research Journal

A STUDY OF CUSTOMER SATISFACTION OF INDIAN COFFEE HOUSE WITH SPECIAL REFRENCE TO JABALPUR SOCIETY

Aveet Kaur Chhabra
Research Scholar, RDVV University, Jabalpur

Abstract : Consumer is one who purchases or buys a product or service for final consumption. Consumer is the sole reason behind the success and growth of any business. Customer satisfaction concept is growing popularity and is becoming the hottest academic and practical topic in the business field. In fact due to the increased competitive environment customer satisfaction is crucial and has become an Indian Coffee House for firm performance. In this paper, attempt has been made to evaluate customer satisfaction level, factors that influence and motivate customer and the ways to improve them.

Key words : Customer, Satisfaction, Indian Coffee House, Factors influencing and Motivation.

Introduction : Customer satisfaction is a marketing term that measures how products or service supplied by a company meet or surpass a customer expectation. Customer satisfaction is important because it provides marketers and business owners with a metric that they can use to manage and improve their business. Customer satisfaction is the degree of satisfaction provided by the goods or service of a company as measured by the number of repeat customers.

Indian Coffee workers cooperative society, Jabalpur has a long history of past 60 years in which Indian Coffee House the society has faced and gone through many phases of downfall, success and growth. The society is affiliated to All India coffee workers co-operative society, the federation. There are 7 societies which are the members of the federation and work under the umbrella. The head office of federation is situated in Delhi. Jabalpur society got registered on 11th April 1958.

History of coffee house : Indian coffee houses were run by the British government from the year 1940 to 1957. By the end of 1957 the British government decided to close down all the coffee houses and retrenched the employees. But Late Shri A.K. Gopalan took a stand for all the retrenched employees and decided to re-establish the coffee houses again with the support of the employees. He along with other renowned personalities of that time met the then prime minister of India Pt. Jawaharlal Nehru. With the support of the prime minster the coffee houses were restarted with few members as a cooperative society. The branches were reopened with a new name from India Coffee house to Indian Coffee house.

The society has to face many ups and down in its history of 60 years. But with the support and unconditional support of hard working and dedicated members the society has achieved miracles in its journey. At present there are 135 coffee houses and canteens and 8 lodges working under it throughout the country. Over the years the coffee house has become a symbol of fraternity a meeting place of the Indian Coffee House and poor, young and old, all kinds of professionals and cross section of the society. It has become a noble abode for artists, scholars, writers and all others, a common place for discussion and enjoyment. Indian coffee house has become a second house for many customers who have been visiting the restaurant from past many years. They have many memories with Indian Coffee House as they have been visiting the branch on continuous basis.

Review of literature : Vibhor Mohan, "Storm in the Coffee Cup" in Nanded City, March 2012 conducted a study in the city to know the

perceptions of consumers on the growing popularity of Indian Coffee House. He concluded that it provided a relaxing ambiance with eye-catching crockery and bright décor. The growth of these specialty and gourmet coffee shops was a result of the economic and demographic changes, higher disposable incomes, increases number of working and exposure to global trends.

Anuradha Shenoy researched on "Branded coffee houses a rage in India" on July, 2005 and revealed that the menu displays not just a range of coffees, but an ever increasing list of soft drink concoctions, food items, south Indian food, veg./non-veg. and other beverages mingling with snacks and mini-meals. According to a 2005 research report by the United Nations Food & Agriculture Organization, India's coffee consumption has been chugging along at 22% p.a.

M.A.Winter: research topic was "An Indian Sector on the Upswing: Coffee Shops" (13 Nov, 2007) showed clearly, despite coffee consumption stagnating, coffee houses are finding it lucrative to add value activities, social activities, merchandize, and food as the main plug. Drink to that! Their research topic was "An Indian Sector on the Upswing: Coffee Shops" (13 Nov, 2007). Winter revealed that they are focusing primarily on knowledge building and management and expertise that are chefs and staff brings to the table.

The hindu paper sep23 2002 "more than just coffee 'n snacks", Indian Coffee House, over the past 44 years, has been the most sought - after coffee nook in Kochi. Primarily for the pure taste of its coffee, and then it's club-like ambience alive with smoke and small talk, where one can sit comfortably chatting and cracking jokes. Founded by Kerala's legendary communist leader AKG in 1958 in Thrissur, the Indian Coffee Workers Co-Operative Society Federation today has 52 coffee shops and 1,809 employees in Kerala. And its strong presence across India, especially in Calcutta, has gained Indian Coffee House a nation-wide recognition among tourists.

Objective of the Study :

1) To identify customer satisfaction level.
2) To identify the influencing factors that drives the customer towards Indian Coffee House.

Research Methodology :

The study has applied both the primary as well as the secondary method. The primary data has been collected with the help of a questionnaire whIndian Coffee House was prepared keeping in view the research objectives. The questionnaire was filled by 250 customers of Indian Coffee House at various branches in Jabalpur. The secondary data was collected from various sources like articles, internets, journals and other source.

Understanding the Study :

Coffee house has always been a place of relaxing and gossiping apart from just a restaurant. To understand the customer satisfaction level the questionnaire was filled by the customers of age group between 25-35 and 35-50 years in two parts to understand the perception of various customer with different age group. It was found that the customer choose Indian Coffee House due to its affordability, influence by the family, and the most important value for their money. Another driving force is the wide variety of product range in the menu of the Indian Coffee House that attracts all the age group.

Data Analysis and Interpretation

Sale



Source: Tabulated from the audited account of Indian Coffee Workers Cooperative Society, Jabalpur.

